RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 348
नई दिल्ली, शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैच से बाहर रोहित

स्पोर्ट्स-10

# धारा 370 और कृषि कानून नहीं होगा वापस

● एक के बाद एक तीन रैलियां कीं, कांग्रेस को दलालों-बिचौलियों की भाषा बोलने व राजद को बिहार में सालों तक जंगलराज के लिए लिया आड़े हाथ

● जम्मू-कश्मीर में महबूबा ने 370 पर कसा तंज, दिया विवादित बयान-जब तक अपना झंडा नहीं मिलता तब तक नहीं फहराएंगे तिरंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतास/भागलपुर

## बिहार के रण में मोदी की हुंकार



सासाराम में शुक्रवार को चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीन रैलियों के साथ बिहार में चुनाव प्रचार अभियान आगाज किया। उन्होंने अपने संबोधन में विकास की बातें कीं, लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) के शासन में लोगों को 'जंगलराज' की याद दिलाई, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा अनुच्छेद-370 को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि देश अपने फैसलों से पीछे नहीं हटेगा। पीएम की रैली में खास बात यह रही कि उन्होंने राजद नेता रघुवंश प्रसाद सिंह और लोजपा नेता रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि दी लेकिन रामविलास के बेटे चिराग पासवान का नाम लेने से बचे। एनडीए से अलग हो चुनाव लड़ रहे लोजपा नेता चिराग ने हाल ही में खुद को मोदी का हनुमान बताया था। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि विरोधी दल जब किसानों के लिए कुछ कर नहीं पाए तो अब किसानों से लगातार झूठ बोलने में जुट गए हैं और आज कल ये लोग न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने ही एमएसपी बढ़ाने की कार्रवाई की है।

प्रधानमंत्री ने रोहतास, गया भागलपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा, देश जहां संकट का समाधान करते हुए आगे बढ़ रहा है, ये लोग देश के हर संकल्प के सामने रोड़ा बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि देश ने किसानों को बिचौलियों और दलालों से मुक्ति दिलाने का फैसला लिया तो ये बिचौलियों और दलालों के पक्ष में खुलकर मैदान में हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मंडी और न्यूनतम ( शेष पेज 9 )

## एमएसपी, रोजगार व मजदूरों के सवाल पर राहुल का अचूक वार



● महागठबंधन के नेताओं राहुल-तेजस्वी की पहली संयुक्त रैली कांग्रेसी नेता के निशाने पर मोदी तो तेजस्वी का लक्ष्य नीतीश

**पायनियर समाचार सेवा।** नवादा (बिहार)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से चुनावी रैली में शिरकत की। राहुल गांधी ने दो रैलियों को संबोधित करते हुए, हाल ही में बनाए गए कृषि संबंधी तीन कानून, जीएसटी, लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों का पलायन, बेरोजगारी और नोटबंदी सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया।

वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने रैली के दौरान कहा कि 9 तारीख को लालू यादव बाहर आ रहे हैं और 10 तारीख को नीतीश की विदाई है। तेजस्वी ने नीतीश कुमार पर कोविड-19 महामारी के दौरान 'घर में बंद रहने' का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब प्रवासी मजदूर वापस अपने घर आ रहे थे तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री आवास में बंद थे।

राजद नेता ने बिहार में विकास एवं रोजगार का वादा दोहराते हुए दावा किया कि 15 साल से राज्य में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री रहे और डबल इंजन की सरकार है, लेकिन थाने और ब्लॉक में बिना भ्रष्टाचार के कोई काम नहीं होता है। रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी गतिरोध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि हिंदुस्तान की जमीन से चीनी सैनिकों को कब भगाया जायेगा। साथ ही कांग्रेस नेता ने आरोप ( शेष पेज 9 )

## कोई जतन काम न आया गंभीर श्रेणी में प्रदूषण स्तर



● पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ने से और खराब हुई दिल्ली का वायु गुणवत्ता


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में कई क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद शुक्रवार को वायु की गुणवत्ता में और भी गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 374 दर्ज किया गया जो कि एक दिन पहले 302 था। पृथ्वी विज्ञान की वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली सफर के मुताबिक दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में है।

उल्लेखनीय है कि 0 और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम , 201 और 300 के बीच खराब , 301 और 400 के बीच बेहद खराब और 401 और 500 गंभीर माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से विकसित समीर ऐप के अनुसार दिल्ली में 10 निगरानी केंद्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया है। अलीपुर में यह सूचकांक 447, शादीपुर में 441, मुंडका में 419, वजीरपुर में 432, आनंद विहार में 405, बवाना में 413, विवेक विहार में 422, रोहिणी में 401, जहांगीरपुरी में 418 और पटपड़गंज में 405 दर्ज किया गया। सफर के अनुसार दिल्ली क्षेत्र हवा की गति बहुत शांत है और अगले दो दिन तक भी इसके ऐसे ही रहने का पूर्वानुमान है। सफर ने बताया, ऐसा पूर्वानुमान है कि 24 और 25 अक्टूबर को वायु गुणवत्ता बहुत खराब के उच्चतम स्तर और यहां तक कि गंभीर श्रेणी को भी छू सकती है।

सफर ने बताया कि हरियाणा, पंजाब और पड़ोसी क्षेत्रों में पराली जलाए जाने में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है और बृहस्पतिवार को यह संख्या।,213 थी। हवा की गति अभी प्रदूषक तत्वों को दिल्ली की तरफ धकेलने के लिए बहुत ज्यादा अनुकूल नहीं है इसलिए आज पराली से दिल्ली में पीएम 2.5 का योगदान 17 फीसदी दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि वायु की गुणवत्ता में और गिरावट दर्ज हो सकती है क्योंकि पीएम 10 और पीएम 2.5 कणों की संख्या हवा में बढ़ रही है। पीएम 10 का व्यास 10 माइक्रोमीटर से कम होता है ( शेष पेज 9 )

## अष्टम महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। 4 भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बांए हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कांतिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए यह महागौरी कहलाईं।

## एफएटीएफ की ग्रे सूची में बना रहेगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली( भाषा )।** पाकिस्तान फरवरी 2021 तक वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे (निगरानी) सूची में बना रहेगा क्योंकि वह वैश्विक धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए छह कार्ययोजनाओं को पूरा करने में विफल रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने जिन छह कार्यों को पूरा नहीं किया है उनमें जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद के खिलाफ कार्वाई करने में विफल होना भी शामिल हैं। पिछले तीन दिनों में एफएटीएफ का डिजिटल पूर्ण सत्र आयोजित हुआ जिसमें फैसला लिया गया कि पाकिस्तान उसकी ग्रे सूची में बना रहेगा। धनशोधन और आतंकवाद को वित्त पोषण के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक प्रतिबद्धताओं और मापदंडों को पूरा करने में पाकिस्तान के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। एफएटीएफ के अध्यक्ष मार्कस प्लीयर ने पेरिस से एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान निगरानी सूची या ग्रे सूची में बना रहेंगा।

## प्याज की कीमतों में तेज उछाल सरकार ने उठाए एहतियाती कदम

● दाम पर अंकुश के लिए व्यापारियों पर स्टॉक सीमा लगाई, 31 दिसंबर तक रहेगी पाबंदी

● राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय सुरक्षित भंडार से खेप उठाने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्याज** की कीमतें एक बार फिर आसमान में हैं। पूरे देश में इसकी कीमत कुछ महंगी सब्जियों और फल जैसे सेब, अंगूर और आयातित संतरे से भी ज्यादा है।

इसके मद्देनजर उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के शुक्रवार खुदरा विक्रेताओं के लिए दो टन और थोक विक्रेताओं के 25 टन की स्टॉक सीमा निर्धारित कर दी है। यह पाबंदी 31 दिसंबर तक जारी रहेगी। इसका मकसद घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाना तथा उपभोक्ताओं को राहत देना है। मंत्रालय ने दाम में स्थिरिता के लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को 35 हजार मीट्रिक टन प्याज की आपूर्ति भी की है। निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद पिछले कुछ दिनों में प्याज की कीमतों से तेजी से इजाफा हुआ है।

हैदराबाद, मुंबई, नासिक, पुणे, अदिलाबाद, बेंगलुरू, पलक्कड, पुड्डूचेरी, पणजी, कोटा, चेन्नई, धारवाड और कोझीकोड में इसकी खुदरा कीमतें 100-110 रुपये प्रति किलोग्राम चल रही है। तिरुवनंतपुर, जम्मू, श्रीनगर, लुधियाना में 90 रुपते प्रति किलोग्राम है। इसके अलावा आलू के दाम भी 50 रुपये जबकि टमाटर कीमतें महानगरों 70-80 रुपये किलो चल रही है। उपभोक्ता मामलों की सचिव लीना नंदन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि खुदरा व्यापारी केवल दो टन तक प्याज का स्टॉक रख सकते हैं, जबकि थोक व्यापारियों को 25 टन तक रखने की अनुमति है।

उन्होंने कहा कि सरकार को आवश्यक वस्तु (संशोधन) कानून लागू करना पड़ा - जिसे पिछले महीने ही संसद में पारित किया गया। यह कानून, सरकार ( शेष पेज 9 )

## कपिल देव को दिल का दौरा

● एंजियोप्लास्टी के बाद उबरने की प्रक्रिया में

**पीएनएस/भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के पहले विश्व कप विजेता क्रिकेट कप्तान कपिल देव की दिल का दौरा पड़ने के बाद शुक्रवार को एंजियोप्लास्टी की गई और अगले दो दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। इस महान क्रिकेटर ने इंस्टाग्राम पर बयान में लिखा, वह उबरने की प्रक्रिया में हैं। दिल्ली के सुंदर नगर में रहने वाले कपिल (61 वर्ष) को गुरूवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद यहां ओखला के फोर्टिस एस्कोर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के आपात विभाग में ले जाया गया। अस्पताल ने अपने शुरूआती बयान में सिर्फ सीने में दर्द का ही जिक्र किया था, लेकिन फिर ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा, कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा था। उनकी जांच की गई और रात में ही आपात कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इसके अनुसार, इस समय वह डा. अतुल माथुर और उनकी टीम की देखरेख में आईसीयू में हैं। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। एंजियोप्लास्टी ब्लॉक हुई धमनियों को खोलने की प्रक्रिया है ताकि हृदय में सामान्य रक्त संचार हो सके। बाद में उनके इंस्टाग्राम अकाउंट में उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता करने वालों और उनके परिवार के प्रति समर्थन जताने वालों के प्रति एक संक्षिप्त बयान में आभार व्यक्त किया गया। बयान के अनुसार, आप सभी का शुक्रिया। मैं आपकी शुभकामनाओं से अभिभूत हूं और उबरने की प्रक्रिया में हूं। सोशल मीडिया पर काफी लोगों ने 1983 विश्व विजेता महान आल राउंडर के तेजी से उबरने की कामना की जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। दिग्गज बल्लेबाज तेंदुलकर ने कहा, अपना ध्यान रखें। आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा हूं। कोहली ने ट्वीट किया, आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहा हूं। जल्दी ठीक हो जाइए पाजी।

## भारत में कोविड-19 के 54,366 नए मामले 690 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के दैनिक नए मामले लगातार पांचवें दिन 60,000 से नीचे रहे। 24 घंटे के अंतराल में 54,366 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमण के कुल मामले शुक्रवार को बढ़कर 77,61,312 हो गए। साथ ही देश में ठीक हुए मरीजों की संख्या बढ़कर 69 लाख के पार हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में कुल 54,366 नए मामले सामने आए, जबकि 690 और मौतें होने से देश में इस महामारी में मरने वालों की संख्या 1,17,306 हो गई। कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 7 लाख से नीचे है। देश में कोविड-19 के 6,95,509 इलाजरत मरीज हैं, जो कुल मामलों का 8.96 प्रतिशत है। देश में कुल 69,48,497 लोगों ने अब तक इस बीमारी से निजात पाई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर अब 89.53 प्रतिशत तक हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.51 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 मामलों की संख्या 7 अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, 5 सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख और 11 अक्टूबर को 70 लाख के पार हो गई थी।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,685 | ↑ 127 | |
| निफ्टी | 11,930 | ↑ 33 | |
| सोना | 51,069 | ↓ 75 | /10g |
| चांदी | 62,933 | ↑ 121 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पटाखा कारखाने में विस्फोट, पांच की मौत

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मदुरै में शुक्रवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में कम से कम पांच महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि रसायनों को मिलाते समय घर्षण के चलते आग लग गई, जिससे सिलसिलेवार धमाके हुए और मुरुगानेरी गांव में स्थित फैक्टरी क्षतिग्रस्त हो गई है। मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए अनुग्रह राशि के रूप में देने की घोषणा की। पुलिस ने कहा कि कई कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे।

## संसद की संयुक्त समिति में पेशी से अमेजन का इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निजी डेटा सुरक्षा विधेयक**

● जेपीसी की चेतावनी-28 अक्टूबर को ई कॉमर्स कंपनी के प्रतिनिधि नहीं आए तो होगी कार्रवाई

● फेसबुक इंडिया की जन नीति प्रमुख आंखी दास हुईं पेश, गूगल व पेटीएम अधिकारियों को 29 को किया गया है तलब

**ई-कॉमर्स** कंपनी अमेजन ने डाटा सुरक्षा विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है जिसे भाजपा सांसद एवं समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी लेखी ने विशेषाधिकार हनन के समान करार दिया है। समिति ने अमेजन के प्रतिनिधियों से 28 अक्टूबर को पेश होने को कहा था।

लेखी ने शुक्रवार को कहा कि समिति की सर्वसम्मत राय है कि ई-कॉमर्स कंपनी के खिलाफ सरकार को दंडात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव दिया जा सकता है। उन्होंने कहा, अमेजन ने 28 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है और यदि ई-कॉमर्स कंपनी की ओर से कोई पेश नहीं हुआ तो यह विशेषाधिकार उल्लंघन के समान होगा। बहरहाल, फेसबुक की पब्लिक पॉलिसी प्रमुख अंखी दास डाटा सुरक्षा के मुद्दे पर शुक्रवार को समिति के सामने पेश हुईं।

सूत्रों ने बताया कि समिति के सदस्यों ने फेसबुक इंडिया के प्रतिनिधियों से ( शेष पेज 9 )

## दशहरा कल, रावण तो जलेगा लेकिन माहौल नहीं बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिल्ली की प्रमुख रामलीला समितियों ने मंजूरी में देर और कड़े कोविड नियमों के चलते स्थगित किया रावण दहन कार्यक्रम

● सूना रहेगा दशहरा उत्सव का केंद्र कहलाने वाला रामलीला मैदान

**कोरोना वायरस संक्रमण का साया**



फाइल फोटो

**कोरोना** महामारी के चलते रामलीलाओं के आयोजन के लिए अनुमति मिलने में देर और इससे पैदा हुई समय की कमी के चलते इस बार दशहरे पर दिल्ली वाले रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों का दहन नहीं देख पाएंगे। अनेक प्रमुख रामलीला समितियों ने रावण दहन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है जबकि कुछ ने प्रकाश व ध्वनि के जरिये इसे दिखाने की तैयारी कर रखी है।

अलबत्ता कई समितियां मानक परिचालन प्रक्रिया के तहत छोटे स्तर पर रावण दहन का कार्यक्रम करने वाली हैं लेकिन, किसी भी आयोजन में 200 से ज्यादा लोग मौजूद नहीं रह पाएंगे यानी रावण तो जलेगा लेकिन माहौल नही बनेगा। राजधानी में सैकड़ों छोटी बड़ी रामलीला समितियां विजयादशमी पर रावण दहन का आयोजन करती रही हैं जिन्हें देखने के लिए दूरदराज से भी लोग आते थे किंतु, कोविड 19 वायरस के संक्रमण ने इस साल हर्षोउल्लास का यह मौका उनसे छीन लिया है। लालकिला के रामलीला मैदान में हर साल हजारों की भीड़ इकट्ठा होती थी। आम लोगों के अलावा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य अतिथि भी शिरकत किया करते थे लेकिन इस बार यहां सन्नाटा पसरा रहेगा। दशहरा उत्सव का केंद्र कहलाने वाले इस मैदान में संभवतः दशकों बाद ऐसा सूनापन दिखाई देगा।

व्यापक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन करने वाली धार्मिक रामलीला समिति के रवि जैन ने बताया कि, उन लोगों ने तकरीबन तीन महीने पहले रामलीला मैदान में कार्यक्रम के लिए आवेदन किया था लेकिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने अभी तक अनुमति नहीं दी है। ऐसे में कल यानी 25 अक्टूबर को रावण दहन के साथ दशहरा मनाना असंभव है क्योंकि कोविड-19 के नियमानुसार आयोजन के लिए अब समय ही नहीं बचा है। हालांकि कुछ आयोजकों ने कोरोना महामारी के बीच मानक संचालन प्रक्रिया के तहत छोटे पैमाने पर दशहरा मनाने की तैयारी कर रखी है। पूर्वी दिल्ली में कड़कड़डूमा के समीप सीबीडी मैदान में हजारों लोग हर साल रावण दहन देखते पहुंचते हैं लेकिन अबकि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के निर्देशों के अनुसार, एक साथ 200 से अधिक की भीड़ नहीं जुट सकती है।

श्रीबालाजी रामलीला समिति के संरक्षक सतीश अग्रवाल ने कहा कि वे लोग हालात को देखते हुए दशहरा पर छोटे आकार के पुतलों के साथ रावण दहन को तैयार हैं। डेढ़ गज की दूरी बनाए रखने का पूरा इंतजाम किया गया है। बहरहाल, पुलिस की अनुमति का इंतजार है जिसके बाद सभा का आकार तय किया जाएगा। डीडीएमए ने 11 अक्टूबर को जारी दिशानिर्देश में लोगों की संख्या 200 तक सीमित रखने की हिदायत दी है। मॉडल टाउन की श्रीकेशव रामलीला समिति के अशोक गोयल के मुताबिक, इस साल प्रकाश और ध्वनि के प्रभाव से आयोजन के लिए पिछले साल के फुटेज का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर भीड़ को नियंत्रित करना और परस्पर दूरी बनाए रखना मुमकिन हो सके।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार 24 अक्टूबर, 2020



# हरियाणा का एविएशन हब बनेगा हिसार : दुष्यंत चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**अधिकारियों के साथ बैठक में किया रिव्यू**

**केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मिली एनओसी**

**हरियाणा** सरकार द्वारा हिसार को प्रदेश के एविएशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। 27 अक्टूबर को हिसार एयरपोर्ट के लिए भूमि-पूजन का कार्यक्रम तय किया है। सरकार का प्रयास है कि कागजों में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम पूरा किया जाए।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार हवाई अड्डे के निर्माण कार्यों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक के बाद जारी जानकारी में बताया कि हवाई अड्डा निर्माण के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय विभाग से हवाई अड्डे के निर्माण कार्य शुरू करने संबंधी हरी झंडी मिल गई है और अब एयरपोर्ट के आधारभूत ढांचे का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि उड्डयन व विमानन क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों व अधिकारियों के साथ बैठकों का आयोजन हो चुका है। हिसार हवाई अड्डे से केंद्रीय पर्यावरण विभाग से एनओसी मिलने के बाद सरकार ने 27 अक्टूबर को हवाई अड्डा बनाने की योजना को अमली-जामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### रात में लैंड कर सकेंगे हवाई जहाज

**चौटाला** ने बताया कि हिसार के हवाई अड्डे को अत्याधुनिक बनाया जाएगा जिससे कि यहां रात को भी बड़े हवाई जहाज लैंड कर सकेंगे। कम विजिबिलिटी में जहाज को लैंड करने की समस्या से निपटने के लिए भी पूरे इंतजाम किए जाएंगे और इसके लिए इस प्रकार की अत्याधुनिक तकनीक युक्त लाइट स्थापित करने का प्रस्ताव है। जिससे कि 24 घंटे हवाई जहाज के आवागमन की सुविधा रहेगी।

### हवाई पट्टियों के विस्तार पर रहेगा सरकार का फोकस

**डिप्टी** सीएम ने कहा कि हरियाणा को आगामी समय में एविएशन हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें हिसार का हवाई अड्डे का निर्माण मील का पत्थर रहेगा। वहीं भिवानी में एविशन क्लब, महेंद्रगढ़ में एडवेंचर स्पोर्टस सेंटर सहित करनाल और पंचकुला में हवाई पट्टियों का विस्तारीकरण करने पर सरकार का फोकस रहेगा। डिप्टी सीएम ने बताया कि हवाई अड्डे के विस्तारीकरण का सबसे महत्वपूर्ण अंग हवाई पट्टी की लंबाई बढ़ाना है। वर्तमान हवाई पट्टी के अलावा तीन हजार मीटर नई हवाई पट्टी बनाने का काम शुरू हो जाएगा। हवाई पट्टी के साथ-साथ ही टैक्सी वे, टैक्सी स्टैंड, जहाज के लिए पार्किंग स्पेस, टर्मिनल, एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम स्थापित करने की दिशा में चरणबद्ध तरीके से काम शुरू होगा। हिसार हवाई अड्डे की चारदीवारी निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी वहीं आतरिक सुरक्षा के लिए फैंसिंग लगाने की प्रक्रिया जारी है।

# विधायक नैना चौटाला ने निजी कोष से असहाय व गरीबों को बांटे चेक

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी




**बतौर** विधायक सरकार से मिलने वाली पाई-पाई पर बाढडा हल्के की जनता का अधिकार है। हल्के की जनता के हर सुख-दु:ख में सदैव साथ खड़ी रहूंगी। यह बात विधायक नैना चौटाला ने बाढडा रेस्ट हाउस में अपने निजी कोष से हल्के के 45 जरूरतमंद लोगों को 5 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित करते हुए कही।

विधायक नैना चौटाला ने गत बोर्ड रिजल्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बाढडा हल्के की 10 प्रतिभावान छात्राओं को भी नगद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने शुक्रवार को बाढडा हल्के के गांव बाढडा, नांधा, रहडौदी, जेवली में राजकीय संस्कृति मॉडल स्कूलों का उद्घाटन किया। इसके अलावा गांव बेरला में बनने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशाला के नए भवन की आधारशिला भी रखी। बाढडा रेस्ट हाउस में अपनी मांगों को लेकर मिलने आए किसानों को सम्बोधित करते हुए विधायक नैना सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेंगी।

क्षेत्र कि मंडीयों में किसानों की संख्या में बढ़ोतरी जल्द कर दी जाएगी। विधायक नैना चौटाला ने किसानों को भरोसा दिलाया कि फसल की भाव एमएसपी से नीचे नहीं जाने दिया जाएगा। किसानों की मांग पर नैना चौटाला ने मौके पर ही बाढडा एसडीएम शम्भु राठी को निर्देश दिए कि दिसम्बर माह में हुई ओलावृष्टि का सरकार द्वारा घोषित मुआवजा आगामी 15 दिनों में किसानों के खाते में पहुंच जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### बढ़ती महंगाई से लोगों का जीना दूभर : अशोक अरोड़ा



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में महंगाई बेलगाम हो गई है। जहां प्याज ने लोगों के आंसू निकाल दिए हैं, वहीं बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है और आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया है। अरोड़ा ने कहा कि पहले ही कोरोना में हुए लॉकडाउन के कारण लोगों का काम धंधा चौपट हो गया और देश में करोड़ों युवक बेरोजगार हो गए। गरीब आदमी का रोजगार छिन गया, वहीं अब लगातार महंगाई बढ़ रही है। दालों के भाव डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गए हैं। खाद्य तेलों के रेट भी आसमान को छू रहे हैं। आम आदमी के चुल्हे पर प्रतिदिन प्रयोग में किए जाने वाले प्याज 80 रुपये किलो हो गई है। आलू 50 रुपये किलो बिक रहा है। देश में कहावत है कि दाल रोटी खाओ प्रभु के गुण गाओ, लेकिन आज दाल भी गरीब आदमी की पहुंच से बाहर हो गई है। जो दाल पहले 80 रुपये किलो मिलती थी, अब उसका रेट बढ़ कर डेढ़ गुणा हो गया है। पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल का भाव काफी कम होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। जिसका सीधा प्रभाव आम आदमी पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर अंकुश लगने में पूरी तरह विफल रही है।

### सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार बच्चे की मौत

**कुरुक्षेत्र।** गांव भेरिया के निकट ट्रैक्टर की चपेट में आने से साइकिल सवार बच्चे की मौत हो गई। हादसे में ट्राली का टायर बच्चे के ऊपर से गुजर गया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। मृतक के पिता गांव भेरिया निवासी राजेश ने बताया कि उसका बेटा रमन अपनी बहन रूमा को गांव फूलगढ़ स्थित एक निजी स्कूल छोड़ने गया था। बहन को छोड़कर जब वह लौट रहा था, तो एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसके पुत्र की मौत हो गई।

### भिवानी जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को हुई बैठक

**भिवानी।** भिवानी बार एसोसिएशन में आगामी बार चुनाव के संदर्भ में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में कृष्ण मलिक सचिव ने अपने कार्यकाल का लेखा जोखा सभी सदस्यों के सामने रखा। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी मनमोहन भूरटाना एडवोकेट ने बताया कि अब चुनाव को पारदर्शिता से बैलेट पेपर के माध्यम से व बार कॉउन्सिल के निर्देशानुसार कराया जाएगा। इसके बाद चुनाव समिति के चेयरमैन मनोज तंवर ने बताया कि चुनाव 26 अक्टूबर को नामांकन प्रक्रिया फिर से शुरू होगी एवं 27 अक्टूबर को नामांकन वापस लिया जा सकेगा तथा चुनाव छह नवम्बर को आयोजित कराया जाएगा।

### पूजा-अर्चना के साथ नागरिकों के लिए की मंगलकामना

**सोनीपत।** भाजपा नेता राजीव जैन ने नवरात्र पर्व के दौरान माता चिटाना वाली की पूजा-अर्चना कर नागरिकों के लिए मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के मध्य हम सभी का दायित्व है कि अपने भाव मे निर्मलता लाएं तथा एक-दूसरे प्राणी के प्रति सद्भाव रखते हुए जनकल्याण में अपना योगदान दें। शुक्रवार को सप्तमी अवसर पर माता चिटाना वाली को सुबह 4 बजे शहर सोनीपत भवन से रामलीला ग्राउंड कामी रोड पर पैदल लेकर आए और उसके बाद सप्तमी की पूजा अर्चना शुरू की गई। पूजा-अर्चना में शामिल होकर राजीव जैन ने मां की आरती कर कर पूजा आरंभ की। दिल्ली कैम्प में मां नैना देवी की ज्योत लेकर पैदल आए। बस स्टैंड स्थित अम्बेडकर पार्क ने आयोजित माता का जागरण में भी शिरकत करते हुए राजीव जैन ने कहा कि माता का आशीर्वाद सोनीपत की जनता पर बना रहे, इसके लिए मंगलकामना की है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। इसे हमने अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना है।

### महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में रूडसेट का कार्य सराहनीय है



**गुरुग्राम।** शुक्रवार को रूडसेट संस्थान, गुरुग्राम द्वारा 756वें महिलाओं के लिए डेयरी एंड वर्मी कंपोस्टिंग प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में श्री शक्ति मलिक, एसेसर, नेशनल अकाडमी ऑफ रूडसेटी, बैगलूरू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पुनेपाल, एलसी, गुरुग्राम कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नौरंगपुर गांव, गुरुग्राम जिले के 33 शिक्षित महिलाओं ने भाग लिया और सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य था कि प्रशिक्षण के बाद वे डेयरी फार्मिंग का अपना स्व-रोजगर स्थापित करें ताकि अपने अलावा दूसरों को भी रोजगार मुहैया करा सकें। ये सभी महिलायें स्वयं सहायता समूह में कार्य कर रही है। ये समूह में अपना काम शुरू करेगी ताकि दूसरों को भी रोजगार मुहैया करा सकें। संस्थान आगमन पर संस्थान के निदेशक संजय ढ़ीगरा ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान के गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में डेयरी के पशु चिकित्सक केके यादव, प्रभारी, पशु विज्ञान केन्द्र, गुरुग्राम, ने सत्र लिया और पशुपालन के अंतर्गत पशुओं के नस्ल का चयन वैज्ञानिक तरीके से, वैज्ञानिक तरीके से कृत्रिम गर्भाधान, बीमारियों का उपचार आदि के बारे में विस्तुत प्रशिक्षण दिया। इससे उद्यमियों को स्व-रोजगार के अन्तर्गत डेयरी उद्योग की स्थापना में सुगमता होगी। प्रशिक्षण के द्वारा श्वेत क्रांति के क्षेत्र रूडसेट संस्थान का एक अनूठा प्रयास है। डॉ. भरत सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र शिकोहपुर ने वर्मी कम्पोस्ट का प्रशिक्षण दिया। जिसमे गोबर का उपयोग जैविक खाद बनाने के तरीके बताया । कार्यक्रम के अंत में संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य राजेश प्रसाद ने अतिथियों का धन्यवाद पारित किया।

# सीएम उड़नदस्ते ने बाबैन में रसगुल्ले की फैक्ट्री पर की छापेमारी

**कुरुक्षेत्र।** त्योहारों के सीजन के चलते सीएम फ्लाइंग की टीम ने बाबैन में रामशरण माजरा रोड पर एक रसगुल्ले की फैक्ट्री में छापे मारी की। सीएम फ्लाइंग की टीम ने खाद्य आपूर्ति विभाग के साथ मिलकर बाबैन में रसगुल्ले और गुलाबजामुन सहित छह सैम्पल लिए।

खाद्य आपूर्ति विभाग एफसओ संदीप कादियान, सप्लाई अधिकारी हरीश कुमार व सीएम फलाइंग से एसआई गुरचरण सिंह, एसआई आशीष कुमार, एएसआई राजबीर सिंह, एएसआई रूपिन्द्र सिंह व प्रवेश कुमार ने जैसे की रसगुल्ले की फैक्ट्री में छापे मारी की, तो ये खबर आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। इसके बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया। विभाग की टीम ने रसगुल्ले के सैपल लिए और उन्हें जांच के लिए लैब में भेजा है। एफएसओ संदीप कादियान ने बताया कि बाबैन में मिलावटी रसगुल्ले बनाने की खबर पता चली थी, तो यह कार्रवाई की गई है। सीएम फ्लाइंग टीम में शामिल एसआई आशीष कुमार ने कहा कि अगर लैब की रिपोर्ट आने के बाद सैंपल फेल हुए, तो इन रसगुल्लों को नष्ट किया जाएगा और इस फैक्ट्री मालिक पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### कंफेक्शनरी शॉप में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**सोनीपत।** ओल्ड डीसी रोड पर स्थित एक कंफेक्शनरी शॉप में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना मिलने के बाद भाजपा नेता राजीव जैन ने नुकसान का जायजा लिया तथा पीड़ित को प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार मदद दिलाने का भरोसा दिया। बीती रात ओल्ड डीसी रोड पर कंफेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। इसकी सूचना मिलने के बाद सुबह राजीव जैन आनन्द सिनेमा के सामने कंफेक्शनरी शॉप पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित अशोक कुमार से घटना की जानकारी ली। जैन ने कहा कि छोटे दुकानदारों को प्रदेश सरकार द्वारा नुकसान की स्थिति में मुआवजा देने के लिए नीति बनाई हुई है। पीड़ित को भी योजना के अनुसार इसका लाभ दिलवाया जाएगा।

# रामकरण व रणधीर सिंह के चेयरमैन बनने पर दी बधाई



**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, पूर्व जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह मुलतानी, युवा जिलाध्यक्ष जसविंद्र सिंह खैहरा, युवा जजपा नेता योगेश शर्मा ने जजपा के नवनियुक्त चेयरमैनों के पदभार संभाल कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने शाहाबाद के विधायक रामकरण को शुगर फैड व रणधीर सिंह को चेयरमैन बनाने पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का धन्यवाद किया। रामकरण व रणधीर सिंह ने भी पूरी निष्ठा से कार्य करने की बात कही। जजपा नेताओं ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने जमीन से जुड़े लोगों को सत्ता तक पहुंचाया, ताकि सत्ता में आम लोगों की भागीदारी होने से प्रदेश का भला हो सके। वहीं अब चौ. देवीलाल की राह पर चलते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भी आम लोगों में से निकले नेताओं को चेयरमैन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बैठाने का कार्य किया है। दुष्यंत चौटाला के इस सराहनीय कार्य से निश्चित रूप से ही इन विभागों की उन्नति के साथ साथ आमजन को सरकारी सुविधाओं का फायदा मिलेगा।

### केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले आज भिवानी में

**भिवानी।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले आज 24 अक्टूबर को भिवानी शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त कार्यक्रम अनुसार मंत्री अठावले शनिवार को सुबह 10.45 बजे लोक निर्माण विश्राम गृह में पहुंचेगे। उसके बाद वे 11 बजे पत्रकारों को संबोधित करेंगे। दौरा कार्यक्रम अनुसार अठावले 11.30 हांसी रोड पर शकुंतला गार्डन में ठा. बीर सिंह के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद वे 12 बजे ठा. बीर सिंह मार्ग पर एक शोरूम का उद्घाटन करेंगे। वे 12.15 बजे जैन चौक स्थित पीली कोठी में आयोजित स्वागत समारोह में शामिल होंगे। उठावले 12.30 बजे दादरी गेट स्थित अंबेडकर भवन में एक समारोह में शामिल होंगे।

### यज्ञ से मनुष्य बनता है महान : हरिओम महाराज

**कुरुक्षेत्र।** मां मोक्षदायिनी गंगाधाम ट्रस्ट ऋषिकेश-हरिद्वार के सांस्कृतिक संगठन सनातन मिशन एवं जय मां दुर्गा जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा कालेश्वर तीर्थ में आयोजित 89वें 11 कुंडीय जनकल्याण शिवशक्ति महायज्ञ के छठे दिन श्रद्धालुओं ने महायज्ञ आहुतियां देकर परिक्रमा की।

सनातन मिशन के अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी और महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि यह अनुष्ठान सरंक्षक हरिओम महाराज के सान्निध्य में चल रहा है। युवा भाजपा नेता साहिल सुधा, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कौंसिल के संयुक्त सचिव अशोक शर्मा बाली, लखनऊ से विश्व हिन्दू परिषद् के सीनियर नेता अनुराग वाजपेयी ने महाआरती में भाग लिया। स्वामी हरिओम महाराज ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि यज्ञ से मनुष्य महान बनता है। यज्ञ से ही धर्म, अर्थ, काम और मौक्ष की प्राप्ति होती है एवं यज्ञ से ही पर्यावरण की रक्षा और जलवायु शुद्ध होती है।

# कल कोरोना से लड़ने की शपथ लेंगे विधानसभा कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**दशहरे** के अवसर पर हरियाणा विधानसभा सचिवालय कोरोना के खिलाफ जारी लड़ाई और तेज करेगा। इस दिन विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सचिवालय के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सावधानी बरतने का संकल्प कराएंगे। इसके लिए सभी कर्मचारियों को विधान सभा सचिव की ओर से बाकायदा आदेश जारी किए हैं।

इस दौरान सभी कर्मचारी कोरोना के बारे में सतर्क रहने और अपने आसपास के लोगों को इस बारे में जागरूक करने का संकल्प करेंगे। वह विधान सभा अध्यक्ष को घातक विषाणु के प्रसार को रोकने संबंधी सभी सावधानी बरतने का वचन देंगे। इसके साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय, प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की ओर से जारी हिदायतों का अक्षरश: पालन करेंगे। इसके लिए वे दूसरों को भी प्रोत्साहित करने की प्रतिज्ञा करेंगे। इसके साथ ही मास्क और फेस कवर की बात दोहराई जाएगी और दो गज की दूरी बनाए रखने की शपथ होगी। हाथों को नियमित रूप से साफ रखने और साबुन से धोने की बात भी शपथ में शामिल रहेगी।विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कोरोना संक्रमण का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है। इस दौरान यह आशंका रहती है कि लोग कहीं लापरवाही न बरत लें। वर्तमान दौर सबसे महत्वपूर्ण है और कोरोना के खात्मे के लिए सभी का एकजुट होना आवश्यक है।

### हरियाणा के लोगों को योग्य क्यों नहीं समझती खट्टर सरकार : कुंडू

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा एचपीएससी चेयरमैन पद पर बिहार मूल के अधिकारी की नियुक्ति किए जाने को लेकर निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने सवाल खड़े कर दिए हैं। कुंडू ने कहा कि इस नियुक्ति में एक बार फिर प्रदेश के लोगों का अपमान कर उन्हें शर्मसार किया गया है। क्या सरकार को हरियाणा वासियों की योग्यता पर विश्वास नहीं है या फिर मुख्यमंत्री प्रदेश वासियों से कोई बड़ा राज छिपाने का प्रयास कर रहे हैं।

शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कुंडू ने कहा कि सरकार की नजरों में हरियाणा के नागरिक सिर्फ चपरासी, क्लर्क या ग्रुप सी और डी की नौकरी के ही काबिल हैं। हरियाणा में यूपीएससी टॉप करने वाली प्रतिभाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने काफी पहले ही हरियाणा वासियों को कंधों से नीचे मजबूत और ऊपर से कमजोर बताया था और उनकी उस बात के मायने आज सबको समझ आ रहे हैं।

# राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए 19 नवंबर तक करें आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**राष्ट्रीय** प्रतिभा खोज परीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भरे जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तिथि 19 नवंबर है। इसमें स्टेज वन (राज्य स्तर) की परीक्षा 13 दिसंबर और स्टेज टू (राष्ट्रीय स्तर) परीक्षा की तिथि 13 जून 2021 को आयोजित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की पहचान के लिए एनटीएसई स्टेज वन परीक्षा राज्य स्तरीय होगी, जबकि स्टेज दो परीक्षा एनसीईआरटी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं को 11 वीं से लेकर पीएचडी तक छात्रवृत्ति सरकार द्वारा दी जाएगी। स्टेज वन यानि राज्य स्तर पर हरियाणा प्रदेश के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 13 दिसंबर को यह परीक्षा हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से आयोजित की जाएगी।

परीक्षा में चयनित 186 प्रतिभाशाली विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर के लिए पात्र होंगे। चयनित विद्यार्थी की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा यानी स्टेज टू 13 जून 2021 को एनसीईआरटी दिल्ली की ओर से आयोजित की जाएगी। परीक्षा में उत्तीर्ण देश भर के दो हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति मिलेगी।

### कोरोना से संक्रमित 39 नए मामले आए सामने, एक मरीज की हुई मृत्यु

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 39 नए केस सामने आए हैं और गांव हंसाला से 85 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। कुरुक्षेत्र से 40 मरीजों को एक ही दिन में ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। इतना ही नहीं, कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित अब तक 6010 मरीज ठीक होकर घर लौट गए। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 106089 में से 99262 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने वीरवार को देर सायं जारी एक हेल्थ बुलेटिन में कहा कि कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगहों से कोरोना वायरस से संक्रमित 39 नए केस सामने आए हैं।




### पुरानी पेंशन बहाल कराना ही पीबीएसएस का लक्ष्य : ईष्टकान

**सोनीपत।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति सोनीपत जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा गांव बिधल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बैठक हुई। एक नवंबर को गोहाना में पेंशन अधिकार दिवस के लिए शिक्षा विभाग के अध्यापक व अध्यापिकाओं को आमंत्रित किया।

प्रदेश के मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान व प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने संयुक्त रूप से कहा कि सोनीपत, पानीपत, रोहतक और जींद से कर्मचारी पेंशन अधिकार दिवस पर गोहाना पहुंचेंगे। पेंशन बहाली संघर्ष समिति का लक्ष्य पुरानी पेंशन बहाल कराना है। जिला सहसचिव श्रीकृष्ण दहिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य सीमा पराशर, सुमन रानी, साक्षी, संजय कुमार, यशवंती, ज्योति, सीमा, नीलम रानी, रेखा, किरण दलाल, रूबी रानी, जितेंद्र खानपूर आदि ने अपने विचार व्यक्त करके पुरानी पेंशन बहाल करने की सरकार से मांग की।

# महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : डॉ. संतोष दहिया



**कुरुक्षेत्र।** सर्वखाप महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष दहिया ने कहा कि महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे निकटवर्ती गांव बड़तोली में ग्रामीण महिलाओं द्वारा साज-सज्जा के बनाए गए समान को देखने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं।

संतोष दहिया ने कहा कि महिलाओं को एक ऐसे प्लेटफार्म की जरूरत है, जहां उन्हें अपने द्वारा बनाए गए सामान बेचने की सुविधा प्राप्त हो सके, क्योंकि महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मगर उन्हें इस बात का पता नहीं है कि वह उस सामान को कहां लेकर जाए, ताकि उन्हें उसका उचित मूल्य मिल सके। डॉ. संतोष दहिया ने कालीराणो की ममता से मिलकर बताया कि ममता बेहद खूबसूरत कई तरह की चीजें बनाती हैं, जिन्हें डेकोरेशन के रूप में यूज किया जा सकता है और कुछ चीजें ऐसी हैं जो कई तरह से घर में यूज की जाती है। इसी तरह बडतोली की अनेक महिलाएं बेहद खूबसूरत सामान बना रही हैं, जिन्हें देखकर कोई भी खरीदने के लिए लालायित हो सकता है। मगर समस्या यह है कि उन्हें नहीं मालूम कि उस समान को कौन सी जगह पर बेचा जाए। डा. संतोष दहिया ने कहा कि हम महिलाओं के लिए एक ऐसा प्लेटफार्म तैयार कर रहे हैं, जिससे किसी भी महिला को किसी के दरवाजे को खटखटाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें ऐसी सुविधाएं दी जाएंगी, जिससे उन्हें स्वरोजगार मिलेगा।

# ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज के साथ त्योहारों पर पाएं जगमगाती त्वचा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**त्योहारों** का मौसम चल रहा है। त्योहारों की सबसे आनंददायक बात होती है कि दिल खोलकर खाते हैं, मनचाहा पहनते हैं और इस सब के साथ एक इच्छा जो हम सबके मन में होती है कि इस उल्लास के मौके पर हमारी त्वचा भी दीये की तरह जगमगाए। हमें अक्सर यह डर सताता है कि कहीं कोई मुहांसा हमारी खूबसूरती पर दाग न लगा दे। इस अनचाही स्थिति से बचने के लिए हल्दी और दूध का उबटन लगाने के नानी के नुस्खे से लेकर महंगे उत्पादों की खरीद तक कई विकल्प हम सब आजमाते हैं।

त्योहारों के इस उल्लास में हम खूब सारी सेल्फियां लेते हैं और लोगों के साथ अपनी खुशियां साझा करते हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमारी त्वचा भी त्योहारों के लिए पूरी तरह तैयार रहे। ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज चेहरे को निखारने वाले तत्वों से बना एक परफेक्ट सॉल्यूशन है, जिससे न केवल आपके चेहरे को चमक मिलती है, बल्कि त्वचा नरम और स्वस्थ भी बनती है। त्योहारों पर आपकी खूबसूरती को निखारने के लिए ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज जिसमें ब्राइटनिंग फेस वॉश, ब्राइटनिंग सीरम, और ब्राइटनिंग डे क्रीम आदि शामिल हैं, आपका साथ निभायेगी। रुपये 699, 1299 और 1499 की प्राइस रेंज में ऑरेना ल्यूमिनस रेंज https: www.auricbeauty.com/aureana पर उपलब्ध है। ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज आपको मेकअप से पहले साफ कैनवस जैसा चमकता चेहरा पाने में मदद करती है। अगर आपको मेकअप का बहुत शौक नही है, तब भी एएचए, एलोवेरा की खूबियों से लैस और नैनो व्हाइट टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से तैयार यह रेंज आपको चमकती और निखरी त्वचा का आनंद देती है। इससे डार्क स्पॉट को कम करने में मदद मिलती है और त्वचा में एक जैसा निखार आता है। हम त्योहारों के इस मौसम को यादगार बनाने के लिए तैयार हैं। कदम बढ़ाइए और ऑरेना की ल्यूमिनस रेंज के साथ ताजा, स्वस्थ और प्राकृतिक रूप से निखरी त्वचा पाएं।

ब्राइटनिंग फेस वॉश: नैचुरल अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड्स के इन्फ्यूजन से तैयार यह फेस वॉश त्वचा की चमक बढ़ाता है और तरोताजा व स्वस्थ बनाता है। इसमें ऐसे प्राकृतिक तत्व भी हैं, जो मेलानिन प्रोडक्शन कम करते हैं और नई स्किन सेल्स को बढ़ाते हैं। यह त्वचा की उड़ती रंगत को फिर पाने और डार्क एज स्पॉट को खत्म करने में मदद करते हुए त्वचा को नरम एवं स्वस्थ बनाता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020



# छात्र फंड से टीचरों को वेतन भुगतान पर रोक

## आप सरकार को हाईकोर्ट से झटका

### सरकार ने 12 कॉलेजों को दिए थे निर्देश-स्टूडेंट सोसाइटी फंड से चुकता करें बकाया







पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी सरकार को झटका देते हुए उसके उस निर्णय पर रोक लगा दी जिसमें उसके द्वारा वित्त पोषित दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कालेजों के कर्मचारियों का बकाया वेतन देने के लिए छात्र निधि का इस्तेमाल करने को कहा गया था।

न्यायमूर्ति नवीन चावला ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की ओर से दायर याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में कहा गया था कि छात्र निधि का इस्तेमाल, छात्र कल्याण के अतिरिक्त और किसी काम के लिए नहीं किया जा सकता।

डूसू के वकील ने कहा कि निधि का इस्तेमाल शिक्षकों को वेतन देने के लिए नहीं किया जा सकता। दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी याचिका का समर्थन किया। दिल्ली सरकार ने 16 अक्टूबर को आदेश दिया था कि उक्त 12 कालेज, अपने शैक्षिक तथा गैर शैक्षिक कर्मचारियों का बकाया वेतन, छात्र निधि से दें और यह राशि दो सप्ताह के भीतर जारी की जाए। कालेज के कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। गौरतलब है कि डीयू से संबद्ध दिल्ली सरकार वित्त पोषित 12 कॉलेजों का फंड विवाद पिछले कई वर्षों से जारी है। जिसके तहत पिछले पांच महीनों से इन कॉलेजों के शिक्षक व कर्मी वेतन ना मिलने को लेकर आंदोलित हैं।

### एबीवीपी, एनएसयूआई ने दर्ज कराया था विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के आदेश के बाद छात्र संघ ने तीखी हमला किया था। पिछले दिनों एबीवीपी के बैनर तले छात्रों ने आईटीओ मेट्रो स्टेशन पर धरना भी दिया था। डूसू अध्यक्ष अक्षित दहिया ने कहा सोसायटी फंड को छात्रों से फीस के रूप में लिया जाता है, ऐसे में फंड का छात्रों के कल्याण के लिए उपयोग न करके कहीं और उपयोग करना अनुचित है। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा भी कहा था कि दिल्ली सरकार छात्रों के हितों का संरक्षण करने में विफल रही है। सरकार का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं कॉलेज प्रशासन ने हैरानी जताते हुए सरकार के फैसले को नियमों के खिलाफ बताया था।

## नियुक्ति विवाद, डीयू अपने कुलपति के साथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- कार्यकारी रजिस्ट्रार ने शिक्षा मंत्रालय से कहा कुलपति त्यागी का नियुक्ति संबंधी निर्णय विवि के मानकों के अनुकूल




दिल्ली विश्वविद्यालय के कार्यकारी रजिस्ट्रार पीसी झा ने शुक्रवार को शिक्षा मंत्रालय को यह जानकारी दी कि कुलपति योगेश त्यागी द्वारा हाल ही में लिए गए नियुक्ति के फैसले विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुपालन में हैं। बृहस्पतिवार की रात को कुलपति और प्रो कुलपति पी सी जोशी के बीच विवाद में हस्तक्षेप करते हुए मंत्रालय ने कहा कि त्यागी द्वारा की गई नियुक्तियां वैध नहीं हैं क्योंकि वह अवकाश पर हैं।

बृहस्पतिवार को ही दिन में तब विवाद उठ खड़ा हुआ जब त्यागी ने जोशी को प्रो-कुलपति पद से हटा कर उनकी जगह विश्वविद्यालय के नॉन-कॉलेजिएट महिला शिक्षा बोर्ड की निदेशक गीता भट्ट को नियुक्त कर दिया। इस बीच, जोशी ने नए रजिस्ट्रार, विकास गुप्ता की नियुक्ति को अधिसूचित किया और बुधवार को कार्यकारी परिषद द्वारा उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी गई। हालांकि, उसी दिन, त्यागी ने कार्यकारी रजिस्ट्रार और साउथ कैंपस के निदेशक के रूप में पीसी झा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी थी।

झा ने मंत्रालय को लिखे एक पत्र में कहा, कुलपति योगेश त्यागी, ने डीयू के अधिनियम, कानून और अध्यादेश के अनुपालन में निर्णय लिया है। यह सूचित किया जाता है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के निदेशक के रूप में पीसी झा अपनी जिम्मेदारी के अलावा अंतरिम व्यवस्था के तहत रजिस्ट्रार के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। साथ ही गीता भट्ट को पीसी जोशी के स्थान पर प्रो वीसी के रूप में नियुक्त किया गया है।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को लिखे अपने पत्र में, शिक्षा मंत्रालय में उप सचिव ने लिखा है कि कुलपति द्वारा अवकाश के दौरान कार्यालय आए बिना और आधिकारिक रुप से उपस्थित हुए बिना जारी किया गया यह आदेश वैध नहीं हैं और विश्वविद्यालय पदाधिकारी को इसे मानना नहीं चाहिए।

## एलएनजेपी में बनेगा सबसे ऊंचा 25 मंजिला ब्लॉक



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- 1,500 बिस्तरों की होगी सुविधा, केजरीवाल ने रखी आधारशिला

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में 1,500 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक ब्लॉक के निर्माण के लिए शुक्रवार को आधारशिला रखी। दिल्ली सरकार द्वारा संचालित इस अस्पताल में इस समय दो हजार बिस्तर हैं, जिनमें से सभी कोरोना वायरस रोगियों के लिए समर्पित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने एलएनजेपी के कोरोना योद्धाओं की प्रशंसा भी की, जो या तो अपनी जान गंवा चुके हैं या अपनी सेवाएं जारी रखे हुए हैं।

अस्पताल परिसर में इस 25 मंजिला ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद केजरीवाल ने कहा कि राजधानी के लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिलनी चाहिए। इस मौके पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्एंद्र जैन भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा, 25 मंजिलों वाला यह अत्याधुनिक ब्लॉक पूरी तरह से वातानुकूलित होगा और साथ ही इसमें मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और अन्य सुविधाएं होंगी। इस ब्लॉक के निर्माण से एलएनजेपी अस्पताल में बिस्तरों की संख्या 3,500 हो जाएगी और अस्पताल के एक अन्य ब्लॉक में भी 300 और बिस्तर बनाए जा रहे हैं। इसलिए बिस्तरों की कुल संख्या 3,800 हो जाएगी और इस तरह एलएनजेपी अस्पताल देश में सबसे बड़े अस्पतालों में से एक होगा।

## कांस्टेबल को बस चालक ने किया अगवा, यूपी में छोड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल को कश्मीरी गेट इलाके से एक निजी बस के चालक और उसके सहायकों ने अगवा कर लिया और यूपी के फिरोजाबाद में रिहा कर दिया।

उन्होंने बताया कि बाद में बस मध्यप्रदेश के भिंड में पाई गई। पुलिस ने बस के मालिक और उसके बेटे को हिरासत में ले लिया है। कश्मीरी गेट पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल सचिन गश्त ड्यूटी पर था। गश्त के दौरान कांस्टेबल को बस में से किसी महिला के चिल्लाने की आवाजें सुनाई पड़ी, उन्होंने बताया कि कांस्टेबल को कुछ संदिग्ध लगा जिसके बाद वह बस में चढ़ गया, लेकिन सहायक बस चालकों ने उसे पकड़ लिया और बस की जमीन पर बैठा दिया।

## कोरोना को लेकर सावधानी हटी तो दुर्घटना घटीः हर्षवर्धन

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने 80 से अधिक समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से संवाद करते स्वास्थ्य मंत्री हर्ष वर्धन।

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य डॉ. हर्ष वर्धन ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के समिति अध्यक्षों से कोरोना से बचाव के प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के काम में जुट जाने का आग्रह किया। उन्होंने आज 80 से अधिक समिति अध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस से संवाद करते हुए कहा कि अभी कोरोना का खतरा समाप्त नहीं हुआ, कुछ लोग कोरोना को समाप्ति के करीब मानते हुए एहतियात बरतने में लापरवाही कर रहे हैं। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि कोरोना को शीघ्र समाप्त करने के लिए यह जरूरी है कि सभी लोग सही तरीके से मास्क पहनें, मास्क से मुंह और नाक को ढके रखें, आपस में दो गज की दूरी बनाए रखें, नियमित रूप से हाथ धोएं और भीड़भाड़ से दूर रहें। उन्होंने कहा कि ये साधारण सावधानियां हैं, जो कोरोना से बचाव में राम-बाण का काम कर सकती हैं। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि आज भारत में रिकवरी दर लगभग 90 प्रतिशत है जो कि विश्व में सबसे अधिक है।

इसी तरह मृत्यु दर 1.51 प्रतिशत है जो कि न्यूनतम है। हमने देश में जांच प्रयोगशालाओं का लगातार विस्तार किया है, शुरू में केवल एक प्रयोगशाला थी, जबकि आज लगभग 2000 प्रयोगशालाएं हैं। हमने कुल 10 करोड़ से अधिक जांच कर ली हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत अब कोरोना के खिलाफ जंग में निर्णायक स्थिति में है। डॉ. हर्ष वर्धन ने सर्दियों और त्योहारों के तीन महीनों में अधिक सावधानी बरतने पर जोर दिया।

## फीस बढ़ोतरी से परेशान अभिभावक, डीएम से गुहार

**नोएडा।** डीपीएस दिल्ली पब्लिक स्कूल जीबीएन एक्सप्रेसवे नोएडा के दर्जनों अभिभावक जिलाधिकारी से मिलने उनके कैम्प ऑफिस सेक्टर 27 पर जिलाधिकारी के पीआरओ को ज्ञापन सौंप दिया। अभिभावकों की मुख्य मांगों में बच्चों की ऑनलाइन एसाइनएनमेंट, उनके रिपोर्ट कार्ड और फ्रीस में रियायत है। आरोप है कि अभिभावकों द्वारा पूरी फीस नहीं देने पर 132 के बच्चों को ऑनलाइन एसाइनएनमेंट को भेजना बंद कर दिया है तथा बच्चों की के रिपोर्ट कार्ड भी रोक दिये गए हैं जिससे बच्चे और अभिभावक दोनों मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

## अंधेरे में डूब सकती हैं ग्रेनो की सड़कें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- दो नंवबर तक वेतन नहीं मिला तो कर्मचारी बंद करेंगे स्ट्रीट लाइट



नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सैलरी ना देने वह विद्युत विभाग में तैनात कर्मचारियों में भेदभाव करने के आरोप में विद्युत विभाग कर्मचारी संघ ने गौतम बुध नगर कमिश्नर वह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के नाम ज्ञापन दिया है।

कर्मचारी संघ अध्यक्ष नरेश शर्मा कहना है कि यदि प्राधिकरण उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो 2 नवंबर 2020 से अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत की जाएगी जिसमें शहर की कोई भी एलईडी स्ट्रीट लाइट्स नहीं जलाई जाएंगी। शर्मा का कहना है कि वर्ष 2018 से और अब तक प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण से कई बार इस मामले में शिकायत की जा चुकी है परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात अधिकारी व नेता अपने अपने रिश्तेदारों को विद्युत विभाग में लगा रखा है और प्रमोशन के नाम पर केवल उन्हीं लोग लोगों का प्रमोशन किया गया ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में लगभग 220 विद्युत विभाग के कर्मचारी तैनात हैं परंतु नरेश कुमार शर्मा का कहना है कि केवल 80 ऐसे कर्मचारी हैं जिनको प्रमोशन करके उनके वेतनमान में वृद्धि की गई थी।

## चौराहे पर पेड़ से फांसी लगाकर लटका इंजीनियर, लोगों ने बचाया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में थाना सेक्टर.20 क्षेत्र के सेक्टर 25 चौराहे पर एक इंजीनियर ने गुरुवार की सुबह पेड़ से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया है।

आसपास के लोगों ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। दूसरी ओर सोरखा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि शुभम द्विवेदी 30 वर्ष पुत्र धीरेंद्र द्विवेदी ने आज सुबह सेक्टर 21,25 चौराहे पर पेड़ से फं दा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

उन्होंने बताया कि वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे ऐसा करते हुए देख लिया। उसे फंदे से उतारकर नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका उपचार चल रहा है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि लॉकडाउन की वजह से उसकी नौकरी छूट गई थी।

## संक्षिप्त समाचार



### सैकड़ों महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**नोएडा।** भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा काफी सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा किए देश में महिलाओं का बहुत योगदान है। महानगर ने इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति होने से नोएडा भाजपा को मजबूती मिलेगी। नोएडा महिला मोर्चा प्रभारी गिरजा सिंह, पूनम सिंह और महिला नेतृत्व कर रही प्रज्ञा पाठक शर्मा के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ है। इस मौके पर जिला महामंत्री चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी मीडिया प्रभारी, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा आदि सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

### गाजियाबाद में बढ़ेगी टीबी जांच सुविधा

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद को पांच ट्रूनेट मशीनें और मिलेंगी। इन मशीनों के आने से जनपद में टीबी जांच की सुविधा बढ़ जाएगी। अभी तक जनपद में केवल चार स्थानों पर सीबीनॉट मशीनों से बलगम की जांच की जाती है। एक ट्रूनेट मशीन जिला एमएमजी अस्पताल में कोविड जांच में लगी हुई है। नई ट्रूनेट मशीनें आने के बाद जनपद में सीबीनॉट और मशीनों की संख्या 10 हो जाएगी। जिला क्षय रोग अधिकारी जेपी श्रीवास्तव ने बताया राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला क्षय रोग विभाग को सशक्त बनाया जा रहा है। सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैंए ताकि कार्यक्रम में तेजी लाई जा सके। शासन ने हाल ही में जिले के लिए पांच नई मशीनें स्वीकृत की हैं। यह मशीनें 30 अक्टूबर को जिला क्षय रोग विभाग को सौंपी जाएंगी।

### निगम बोर्ड व कार्यकारिणी की बैठक बुलाने की मांग

**गाजियाबाद।** नगर निगम बोर्ड व कार्यकारिणी बैठक बुलाने की मांग को लेकर सभी विपक्षी दल लामबन्द हो गए है। बसपा सपा और कांग्रेस के सदन नेताओं ने साफ कर दिया है कि यदि आगामी 1 नवंबर तक नगर निगम की बोर्ड की बैठक नहीं बलायी गई तो आगामी 2 नवम्बर से तीनों दलो के सदन नेता निगम मुख्यालय पर बेमियादी भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। खास बात यह है कि गत वर्ष नगर निगम की बोर्ड बैठक नवम्बर 2019 में हुई थी इसके बाद बोर्ड की कोई बैठक अभी तक नही हुई । बसपा के नेता सदन आनन्द चौधरी कांग्रेस के नेता सदन जाकिर अली सैफी व सपा के नेता सदन कल्लन भाई ने यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा है कि नगर निगम का प्रशासन नगर निगम बोर्ड और नगर निगम कार्यकारिणी द्वारा लिये गये फैसलो के तहत ही कोई निर्णय ले सकता है लेकिन नगर निगम के अधिकारी निरंकुश होकर जनता से जुड़े फैसले ले रहे है जो बिल्कुल गलत है।

### चालीस देशों के नागारिक सीख रहे योग

**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित एडवांस लेवल टेलीकाम ट्रेनिंग सेंटर (एएलटीटीसी) में इन दिनों तकनीकी प्रशिक्षण के लिये 40 देशों से आये विदेशी भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत होकर अचम्भित और आकर्षित हुए है। विदेश से आए इन इंजीनियरों ने यहां माथे पर तिलक लगाकर अभिवादन की प्रकिया के साथ ही गायत्री मंत्र का जाप, योग क्रियाओ में सूर्य नमस्कार, सरस्वती वंदना और हाथ जोड़कर अभिवादन करने की सीख आनंद की अनुभूति ले रहे है। एएलटी सेंटर में दक्षिण एशिया सहित विभिन्न देशों से काफी संख्या में इंजीनियर टेलीकाम सेक्टर का प्रशिक्षण लेने आये हुए है। मुख्य महाप्रबंधक एमके सेठ भारतीय संस्कृति की परम्परा निभाते हुये इनका तिलक लगाकर ओर फूल भेटकर स्वागत करते हैं।

## गाजियाबाद में बदमाशों का आतंक एक ही दिन में चार लोगों को लूटा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

शुक्रवार दिन निकलते ही बदमाशों ने थाना कविनगर क्षेत्र में एक बार फिर तांडव मचाया। कार सवार हथियारबंद बदमाशों ने दो महिला समेत चार लोगों से लूटपाट की।

मॉर्निंग वॉक पर जा रहे एक युवक का जहां बदमाशों ने कटर से कड़ा काट कर लूट लिया, वही दूसरे युवक और महिला से हथियारों से बल पर कड़े उतरवा लिए। इसके अलावा दूसरी महिला से चेन लूट ली। थोड़ी ही देर में हुई लूटपाट की चार वारदातों से लोगों के साथ पुलिस विभाग में भी हड़कंप मच गया।

कविनगर में रहने वाले रचिन सपरा को कार में सवार तीन हथियारबंद बदमाशों ने घेर लिया और करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का हाथ में पहना हुआ कड़ा लूट लिया। विरोध करने पर उन्हें गोली मारने की धमकी दी गई। उधर राजनगर निवासी महिला से भी बदमाशों ने हथियारों के बल पर हाथों में पहने कंगन उतरवा लिए और भाग निकले। वहीं शास्त्री नगर में भी बदमाशों द्वारा एक महिला से चेन लूटने की वारदात हुई है।

## दिल्ली-एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले दो धरे

**गाजियाबाद।** थाना कौशांबी पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी और चेन झपटमारी करने वाले एक 2 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार कर उनसे एक चोरी की बाइक और एक स्कूटी के अलावा अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

क्षेत्रीय अधिकारी अंशु जैन ने बताया कि थाना कौशांबी इंचार्ज अजय कुमार सिंह चेकिंग अभियान के दौरान दो लोगों को एक चोरी की मोटरसाइकिल पर आते हुए गिरफ्तार किया गया। इनके नाम प्रेम सिंह तथा अजय यादव हैं। दोनों आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वाहनों की चोरी करते थे।

## महिला अपराधों पर लगाम, 24 घंटे मिलेगी मदद

- हेल्प डेस्क शुरू, दो महिला कांस्टेबल पूरे दिन रहेंगी तैनातः एएसपी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर रोकथाम के लिए राज्य सरकार के मिशन शक्ति के तहत जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क को लोकार्पण कर दिया गया है।

गाजियाबाद नगर निगम की मेयर आशा शर्मा ने थाना कविनगर में रिबन काटकर इस जिला व्यापी महिला डेस्क का उद्घाटन किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी डा. अजय शंकर पांडे, एसएसपी कलानिधि नैथानी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि महिला डेस्क पर 24 घंटे दो महिला कांस्टेबल की ड्यूटी लगायी गई है, जो वैधानिक कार्रवाई में मदद करेगी।

## बेल पर छुटे कैदियों को 13 तक करना होगा सरेंडर

### दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, अब नहीं बढ़ेगी जमानत अवधि-लॉकडाउन में लगी थी रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




- महामारी के चलते 356 विचाराधीन कैदियों को मिली थी राहत

दिल्ली उच्च न्यायालय ने फैसला किया है कि कोविड-19 महामारी को काबू करने के लिए लागू लॉकडाउन के दौरान और उससे पहले मंजूर की गई जमानत और अंतरिम रोक की अवधि बढ़ाने का उसका आदेश 31 अक्टूबर के बाद प्रभावी नहीं रहेगा।

अदालत ने कहा कि जिन विचाराधीन कैदियों की जमानत अवधि बढ़ाई गई थी, उन्हें दो नवंबर से 13 नवंबर के बीच चरणबद्ध तरीके से आत्मसमर्पण करना होगा। उसने कहा कि यह आदेश उन 356 कैदियों पर भी लागू होगा, जिन्हें अदालत ने जमानत दी है और उन्हें 13 नवंबर को जेल प्राधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।

इससे पहले, अदालत ने कोविड-19 महामारी के चलते अपने और जिला अदालतों में उन लंबित मामलों पर सभी अंतरिम आदेशों की अवधि 31 अगस्त से बढ़ाकर 31 अक्टूबर तक कर दी थी, जिनमें अंतरिम आदेश की अवधि 31 अगस्त या उसके बाद समाप्त होने वाली थी। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पूर्ण पीठ ने कहा कि जघन्य अपराधों में संलिप्त जिन 2,318 विचाराधीन कैदियों की जमानत मंजूर की गई थी और जिनकी जमानत की अवधि अदालत के आदेश के आधार पर समय-समय पर बढ़ाई गई।

उनकी जमानत की अवधि 31 अक्टूबर को सप्ताह होगी और उन सभी को दो नवंबर से 13 नवंबर के बीच चरणबद्ध तरीके से आत्मसमर्पण करना होगा।

## फेसबुक पर झांसा देकर रिटायर्ड अधिकारी से ठग लिए 50 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

डीडीए के एक रिटार्यड एक अधिकारी को फेसबुक पर विदेशी महिला से दोस्ती करना भारी पड़ गया। महिला ने उन्हें अपने जाल में फंसाकर 50 लाख रूपये ठग लिए।

आरोप है कि विदेशी महिला ने मिलने के लिए भारत आने का झांसा दिया था। कई तरह का गिफ्ट भेजकर और भी रुपए ठगने की कोशिश की थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्रेटर नोएडा के स्वर्णनगरी में रहने वाले आरएस पुंडीर डीडीए के रिटार्यड अधिकारी हैं। फरवरी 2019 में एक विदेशी महिला से फेसबुक व व्हाइट्सप के माध्यम से दोस्ती हुई। विदेशी महिला ने अपना नाम विक्टोरिया ड्राइव और लंदन की रहने वाली बताया। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी।

अप्रैल 2019 में महिला का फोन आया और उसने बताया कि वह भारत आकर राजधानी दिल्ली एयरपोर्ट से फोन कर रही है। महिला ने ब्रिटिश लॉज में रूकने की बात कही और भारत भ्रमण की इच्छा जताई।

विदेशी महिला ने कहा कि वह ब्रिटिश बैंक का ड्रॉफ्ट भी साथ लाई है, जो भारतीय मुद्रा में बदलना चाहती है, लेकिन उनका ड्राफ्ट बदलने में समय रहा है। विदेशी महिला के झांसे में आकर रिटार्यड अधिकारी ने कई बार में 50 लाख रुपए उनके बताए अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# जैकबपुरा में धूं-धूंकर जली दशानन की सोने की लंका

## हनुमान जी से मित्रता से लेकर लंका दहन तक की लीला

### श्रीदुर्गा रामलीला जैकबपुरा को फेसबुक पर ऑनलाइन देख रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के जैकबपुरा में श्री दुर्गा राम लीला में सीता से संवाद करते रावण और अशोक वाटिका में हनुमान जी।

**शबरी** के झूठे बेर खाते हुए की लीला के बाद शुक्रवार को दिखाया कि भगवान राम ने उस वन को भी छोड़ दिया और आगे बढ़ गए। रास्ते में उन्हें ब्राह्मण के भेष में हनुमान जी मिले।

जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला के नौवें दिन यहां से शुरुआत करके लंका दहन की तक की लीला का मंचन किया गया। हर साल हाइटेक होती जा रही इस रामलीला को इस बार फेसबुक पर भी ऑनलाइन ही दिखाया जा रहा है। आगे की लीला में दिखाया गया कि जब राम और लक्ष्मण ऋष्यमूक पर्वत के पास से गुजरते हैं तो उन पर सुग्रीव की नजर पड़ती है। सुग्रीव अपने भाई के छिपकर उस पर्वत पर रहते हैं। वे हनुमान जी से कहते हैं कि आप जाकर पता लगाओ कि वे कौन हैं। अगर वे बाली के भेजे हुए हों तो मैं तुरंत ही इस पर्वत को छोड़कर भाग जाऊंगा। यह सुनकर हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धारकर उनके पास पहुंचे और पूछने लगे कि-हे वीर, आप कौन हैं, जो क्षत्रिय के रूप में वन में फिर रहे हैं। हम कोसलराज दशरथ जी के पुत्र राम-लक्ष्मण हैं। हम पिता का वचन मानकर वन आए हैं। हमारे साथ सुंदर सुकुमारी स्त्री थी। यहां वन में राक्षस ने मरी पत्नी जानकी को हर लिया है। हनुमान जी राम, लक्ष्मण को ऋष्यमूक पर्वत पर मंत्रियों सहित रह रहे वानरराज सुग्रीव के पास ले जाते हुए कहते हैं वे सीता जी की खोज करा देंगे। इसी बीच सुग्रीव-बाली का युद्ध भी दिखाया गया और श्रीराम ने बाली को तीर मार कर मार डाला।

बाली ने अपने बेटे अंगद को श्री राम को सौंप दिया। इसके बाद पूरी वानर सेना सीता जी को ढूंढने की तैयारी करने लगी। हनुमान जी लंका में सीताजी का पता लगाने अशोक वाटिका में पहुंच गए। सीता जी की ये बातें सुनकर रावण तलवार से उन्हें मारने दौड़ते हैं, इसी बीच वहां बैठी उनकी पत्नी मंदोदरी बीच में आकर कहती है कि औरत पर हाथ उठाना उन्हें शोभा नहीं देता। आगे की लीला में रावण और हनुमान के बीच दमदार संवाद होता है। इसके बाद रावण सजा के रूप में हनुमान जी की पूंछ में आग लगवा देते हैं। बंदर की तरह से ही उछल-कूद करते हुए हनुमान जी ने सारी लंका को जला दिया और समुद्र में जाकर अपनी पूछ में लगी आग बुझाई।

## रामलीला में सीता हरण का मंचन



शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्रदर्शित रामलीला में रावण माता सीता को छल से अपहरण करने से पहले वाद-संवाद करता हुआ।

**सोहना।** सीता हरण के दौरान रावण ने अट्टाहस कर दर्शकों को भी कंपाइमान कर दिया। शहर की हनुमान बगीची में शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्रस्तुत की जा रही रामलीला में गुरुवार को सीमा हरण का दृश्य दर्शाया गया। रावण का रोल करने वाले शहर निवासी सौरभ सिंगला द्वारा निभाई जाने वाले किरदार के मुरीद हैं। जिनकी धाकड़ आवाज सुनने के लिए शहरवासी एक साल तक रावण की भूमिका का इंतजार करते हैं। सौरभ सिंगला पिछले 13 वर्ष से रावण की भूमिका रामलीला में करते आ रहे हैं। छल से सीता अपहरण करके ले जा रहे रावण से और जटायू ने मुकाबला किया, लेकिन रावण ने जटायू के पंख काट दिए और रावण माता सीता का हरण कर ले गया।

# पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को नहीं मिल रहे मकान

## पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए तीन साल से लगातार गुहार लगा रहे गरीब लोग

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**वर्ष** 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब लोगों को घर देने के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पुन्हाना के वार्ड 10 में रहने वाले हरीजन कॉलोनी के गरीबों को लाभ नहीं मिल रहा है।

उनका आरोप है कि अधिकारी मिलीभगत करके अमीर लोगों को इस योजना का फायदा पहुंचा रहे हैं, जबकि जिन लोगों के दो रोटी के भी लाले पड़े हैं, उन्हें इस योजना का फायदा नहीं पहुंचा है। लोगों का आरोप है कि मामले की शिकायत कई बार उपायुक्त महोदय व सीएम विंडो में की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका के अधिकारी गरीबों की सुनवाई नहीं कर पा रहे हैं।

पुन्हाना के वार्ड 10 की हरीजन कॉलोनी में रहने वाले टेकचंद, विजेंद्र, शायरा, अशोक, गोविंदा, नारंगी, विजय कुमार, शांति विधवा, राजेंद्र, ओमवती और बनवारी सहित काफी लोगों ने बताया कि कॉलोनी में लगभग 70 लोग ऐसे हैं, जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है, जो फिलहाल किराये के मकान या खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। जिन्होंने पीएम आवास योजना का लाभ लेने के लिए तीन साल से आवेदन किया हुआ है।

जिनके पास लेटर भी मौजूद है और नक्शा भी बनवा रखा है। लेकिन नगर पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते गरीबों को इस योजना का फायदा नहीं मिल पा रहा है। आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारियों ने लोगों से कहा था कि मकानों को तोड़कर उनकी डीपीसी कर लो उसके बाद योजना का लाभ मिलेगा। जिसके बाद कुछ लोगों ने ऐसा कर दिया मगर लाभ फिर भी नहीं मिला।

जिसके कारण गरीब लोगों ने योजना का लाभ लेने के लिए अपने पुराने या खंडहर मकानों को भी तोड दिया, जिसके बाद अब वो खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। वहीं जब इस मामले के बारे में नगर पालिका के जेई अंकित कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सोमवार को कॉलोनी में जाकर देखा जाएगा कि कौन कौन लोग योजना का लाभ लेने के पात्र हैं।

# जीवन शिक्षा का आधार है



भोंडसी के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पुस्ताकालय का उद्घाटन करते गुरुग्राम उपायुक्त अमित खत्री।

**सोहना।** शिक्षा जीवन का आधार होती है। भोंडसी की तरह से जिले की अन्य ग्राम पंचायतें भी पुस्तकालय खोलें, ताकि युवा वर्ग शिक्षा से जुड़कर जीवन को अच्छा बनाएं।

शुक्रवार को जिला उपायुक्त अमित्र खत्री ने भोंडसी के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन किया। जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदु बोकन, एसडीएम डॉ. चिनार चहल, बीडीपीओ प्रमेन्द्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल, स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम सिंह राघव, सरपंच दुर्गा देवी, सोहना राजकीय आर्दश मार्डल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा और गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे। प्रधानाचार्य श्याम सिंह राघव ने बताया कि पुस्तकाल के निर्माण में ग्राम पंचायत की अहम भूमिका रही है। ग्रामीणों ने ऐतिहासिक, प्रतियोगिता संबंधित, सामाजिक ज्ञान आदि पुस्तकें पुस्तकालय के लिए दान की हैं। पुस्तकालय में आईआईटी, निट, आईएएस, सेना से संबंधित, इतिहास से संबंध व पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तके उपलब्ध कराई गई है।

**भोंडसी से अन्य ग्राम पंचायतें सबक ले :** पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त अमित खत्री ने कहा कि जिले की अन्य ग्राम पंचायतें भी भोंडसी से सबक लेकर अपने युवाओं को पुस्तकालय की सुविधाएं जुटाएं। ताकि युवा वर्ग शिक्षा से अपने जीवन आजीविका और आधार बना सके। क्योंकि शिक्षा के बिना जीवन का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है।

# मध्यप्रदेश का इनामी बदमाश पलवल में गिरफ्तार

**पलवल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा एक हजार के इनामी बदमाश को पलवल पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पलवल के तीन मामलों में भी अदालत से भगौड़ा करार है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डिटेक्टिव टीम इंचार्ज विश्व गौरव ने बताया कि मुखबिर की पर हवलदार अजीत के नेतृत्व में टीम गठित कर अलवालपुर चौक पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नीरज निवासी मोहन नगर पलवल बताया। नीरज बाइक चोरी, जानलेवा हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के तीन मामलों में आरोपी पाया गया था। जिसके खिलाफ कैंप थाने में मामले दर्ज हैं। आरोपी के बारे में एमपी पुलिस को सूचना दे दी गई है व शुक्रवार को उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# यहां चोरों ने मंदिर में रखे 10 रुपये तक नहीं छोड़े

## गढ़ी गांव में लगातार तीन दिन से हो रही चोरियां



**गुरुग्राम।** सेक्टर-10ए थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गढ़ी-हरसरू में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पिछले तीन दिनों से लगातार चोरियों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। हालत यह है कि यहां एक प्रॉपर्टी डीलर के मंदिर से 10 रुपये भी चोरों ने चुरा लिए। बढ़ रही चोरियों के कारण ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भी रोष है।

गांव गढ़ी-हरसरू में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट साईं इंकलेव में लोग परेशान हैं कि उनके घरों पर चोरों की नजर है। यहां घरों में सुबह 2 से 3 बजे के बीच चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बीते तीन दिनों में यहां मुकेश, सरोज के घर और प्रॉपर्टी डीलर हैप्पी के कार्यालय में चोरी हुई। घरों से तो काफी सारा कीमती सामान चोरों ने चुराया। लैपटॉप, एलईडी, सीसीटीवी को चोरों ने चुराया। चोर सीसीटीवी के साथ डिवाइस आदि भी चुरा ले गए, ताकि पुलिस के हाथ कोई सुबूत न लगे। प्रॉपर्टी डीलर हैप्पी के कार्यालय में बने मंदिर में तो चोरों ने 10 रुपये तक नहीं छोड़े। हालांकि एक घर में चोरी की घटना पास में लगे एक अन्य सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कॉलोनीवासी राजकुमार, महावीर, दिनेश, रामधनी और अशोक ने बताया कि चोरों के कारण अब सभी कॉलोनीवासी आतंकित हैं। चोरों का अगला निशाना कौन सा घर होगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। चोरी की घटनाओं की सूचना सेक्टर-10ए पुलिस थाना को दी गई। थाना के अंतर्गत सेक्टर-93 पुलिस चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मौका मुआयना किया और पीड़ित लोगों की शिकायत दर्ज की। पुलिस ने दूसरे घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज ली हैं। उनके आधार पर जांच की जा रही है।

# अब तक दो लाख श्रद्धालु पहुंचे श्री माता शीतला मंदिर

## सभी को कोरोना संक्रमण से बचाने के पुख्ता प्रबंध

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के श्री माता शीतला मंदिर में सुरक्षा जांच से गुजरते श्रद्धालु।

**कोरोना** महामारी के चलते इस बार जिला प्रशासन श्री माता शीतला देवी मंदिर में पहुंचने वाले लोगों के स्वास्थ्य के प्रति पहले से अधिक सजग दिखाई दे रहा है। मंदिर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की थर्मल स्कैनिंग से जांच करते हुए उन्हें मंदिर के अंदर दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। इस बार मंदिर में अब तक करीब डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे हैं, जिन्होंने पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ माता के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। यह मेला 25 अक्टूबर तक चलेगा।

नवरात्र मेले को लेकर श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासन विनय प्रताप सिंह ने बताया कि मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए दो द्वार बनाए गए हैं। मंदिर परिसर में अलग-अलग स्थानों पर वालंटियरों की ड्यूटी लगाई गई है, जो श्रद्धालुओं के हाथ समय समय पर सेनिटाइज कर रहे हैं। मंदिर परिसर में चाक-चौबंद सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का खास तौर पर ध्यान रखा जा रहा है, ताकि कोरोना संक्रमण न फैले। मंदिर परिसर में सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करने के लिए उचित दूरी पर गोल चक्कर बनाए गए है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से अलग-अलग माध्यमों जैसे लाउड-स्पीकर आदि से सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने की अपील की जा रही है। मंदिर में उच्च अधिकारियों द्वारा भी समय समय पर मॉनीटरिंग की जा रही है ताकि छुट-पुट कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। श्रद्धालुओं को सोशल डिस्टेंसिंग व कोविड प्रोटोकॉल के लिए प्रेरित करने के लिए मंदिर परिसर में दो एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को कोविड संक्रमण संबंधी डूज एंड डोन्ट्स के बारे मे जागरूक किया जा रहा है।

### श्रद्धालुओं की सुविधा का रखा है खास ख्याल

**मंदिर** में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में अलग-अलग स्थानों पर साइन बोर्ड लगाए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार मंदिर में प्रसाद तथा पवित्र पानी का छिड़काव प्रतिबंधित रहा। सुरक्षा प्रबंधों का दायित्व पुलिसकर्मियों द्वारा संभाला जा रहा है ताकि कानून व्यवस्था दुरूस्त रहे। इस बार कोरोना संक्रमण के चलते भंडारे व कीतज्न को प्रतिबंधित किया गया है। मंदिर में साफ-सफाई व्यवस्था का भी पहले की अपेक्षा अधिक ध्यान रखा जा रहा है। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए मंदिर के भवन में पुजारियों तथा श्रद्धालुओं के बीच में प्लास्टिक की शीट लगाई गई है। इसके अलावा नवरात्र मेले से पूर्व मंदिर में नियुक्त स्टाफ का भी कोविड टेस्ट करवाया गया और उन्हें इस दौरान आवश्यक एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल टीमें भी लगाई हैं।

# जागरूक बनिए और स्तन कैंसर को मात दीजिए : आरजीसीआइआरसी विशेषज्ञ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**स्तन** कैंसर महिलाओं की बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। हालांकि स्तन कैंसर के बारे में लोगों को सजग करने के लिए कई गतिविधियों और अभियानों का आयोजन किया जाता है लेकिन और अधिक सतर्कता, जागरुकता और जानकारी फैलाने की आवश्यकता है। यह कहना है राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के विशेषज्ञों, डॉ. डीसी डोवल, डॉ. राजीव कुमार और डॉ. कुंदन सिंह चुफल का।

स्तन कैंसर के इलाज में तकनीक की मदद से आयी क्रांति और लगातार जागरुकता के बावजूद लोगों में डर और हीनभावना जैसी चुनौतियों के बारे में विशेषज्ञों में अपने विचार साझा किये। आरजीसीआईआरसी के चेयर मेडिकल ओंकोलॉजी तथा ब्रेस्ट एवं सार्कोमा सर्विसेज के चीफ डॉ. डीसी डोवल ने कहा, स्तन कैंसर का जल्दी पता चलने पर नई टेक्नोलॉजी की मदद से इलाज के बाद स्तन सुरक्षित रखना संभव हो पाता है। स्तन कैंसर को लेकर लोगों में जानकारी की कमी है। लोग अक्सर दूसरों के अनुभव का अनुसरण करते हैं, लेकिन उन्हें समझना चाहिए कि हर स्तन कैंसर अपने आप में दूसरे से अलग होता है और इसीलिए उसका इलाज, कारण एवं परिणाम भी अलग होता है।' हाल के वर्षों में, बहुत सारी प्रगति हुई है।

आरजीसीआईआरसी के सीनियर कंसल्टेंट एवं चीफ ऑफ ब्रेस्ट सर्विसेज डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि अब रेडिएशन की नई तकनीकों जैसे आईएमआरटी, आईजीआरटी और एपीबीआई की मदद से हम इलाज के समय कैंसर के ट्यूमर पर सटीक तरीके से निशाना लगा पाते हैं और आसपास के स्वस्थ ऊतकों (टिश्यू) पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है।

आरजीसीआईआरसी के सीनियर कंसल्टेंट एवं रेडिएशन ओंकोलॉजी के यूनिट हेड डॉ. कुंदन सिंह चुफल ने कहा कि हाइपोफ्रैक्शनेटेड रेडियोथेरेपी जैसी तकनीकों ने स्तन कैंसर के मामले में इलाज के समय को घटाया है। अब इलाज में 6 से 8 हफ्ते के बजाय 3 से 4 हफ्ता लगता है। यहां तक कि कुछ मरीजों का एक हफ्ते में ही इलाज हो जाता है। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि कोविड महामारी के कारण कैंसर के इलाज पर बुरा प्रभाव पड़ा है और इस कारण से कैंसर के एडवांस्ड स्टेज में पहुंचने का खतरा बढ़ गया है।

# जिला में चल रही बाजरे की खरीद को मिली रफ्तार

## किसानों को मिलने वाले टोकनों की बढ़ाई गई संख्या

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की मंडी में रखी फसल।

**गुरुग्राम** जिला की चारों मंडियों में चल रही बाजरा की खरीद को अब पहले की अपेक्षा गति दी गई है। चारो मंडियों में प्रतिदिन किसानों को मिलने वाले टोकनों की संख्या को बढ़ा 900 कर दिया गया है, ताकि खरीद प्रक्रिया को रफ्तार मिल सके।

मंडियों में आने वाले किसानों को असुविधा ना हो इसके लिए प्रतिदिन जारी किए जाने वाले टोकनों की संख्या को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। फर्रुखनगर मंडी में जहां पहले 200 से 220 टोकन दिए जा रहे थे, वहीं अब रोजाना किसानों को 300 टोकन दिए जा रहे हैं। इसी प्रकार हेलीमंडी में भी पहले 250 टोकन प्रतिदिन दिए जा रहे थे अब इनकी संख्या को बढ़ाकर 400 किया गया है। खोड़ मंडी में टोकनों की संख्या को बढ़ाकर 45 तथा सोहना मंडी में 150 टोकन रोजाना दिए जाएंगे। जिला उपायुक्त अमित खत्री ने कहा कि किसानों से फसलों की खरीदारी सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार ही की जा रही है। जिस प्रकार मंडियों में किसानों से फसलों की खरीदारी की जा रही है उससे किसान पूरी तरह से संतुष्ट है। मंडियों में खरीदारी व्यवस्थित ढंग से की जा रही है। साथ ही कोरोना संक्रमण से बचाव संबंधी आवश्यक सावधानी बरती जा रही है।

जिला प्रशासन की ओर से मंडियों को बार-बार सेनिटाइज किया जा रहा है। मंडियों में किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए बाजरे की खरीद की जा रही है। जिला में अब तक 16398 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद मंडियों में चल रही खरीद के बारे में बताते हुए जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मोनिका मलिक ने कहा कि सभी मंडियों में बाजरे का खरीद कार्य सुचारू ढंग से चल रहा है। फर्रुखनगर मंडी, सोहना मंडी, हैली मंडी और खोड़ मंडी में खरीद चल रही है और अब तक कुल 16 हजार 398 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है। बीते दिन प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने बताया कि फर्रुखनगर मंडी में गुरुवार को 950 मीट्रिक टन, सोहना मंडी में 392 मीट्रिक टन, हेली मंडी में 880 मीट्रिक टन और खोड़ मंडी में 137 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद पूरी हुई। जिसे मिलाकर बीते दिन 2 हजार 359 मेट्रिक टन बाजरे की खरीद हुई।

### सोहना मंडी में किसानों को एक दिन में मिलेंगे 150 टोकन

**सोहना।** अनाज मंडी में अब एक दिन में 150 किसानों को बाजरा की फसल बेचने के टोकन मिलेंगे। अनाज मंडी में बाजरे की फसल बेचने वाले किसानों को लंबा इंतजार करना नहीं पड़ेगा। क्योंकि अब मंडी एक दिन में 150 किसानों को फसल बेचने का टोकन मिलेगा। जो अब तक एक दिन में केवल 90 किसान को मिलता था। मार्केट कमेटी सचिव नरेश कुमार ने बताया कि 150 टोकन देने की प्रक्रिया शुक्रवार से ही शुरू कर दी है। उन्होंने ने बताया कि किसान और आढ़तियों ने मिलकर टोकन की संख्या बढ़ाने की मांग की थी। जिसके लिए उन्होंने ने एसडीएम डॉ. चिनार चहल और विधायक संजय सिंह के सहयोग से विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा था। जिसमें कम से कम एक दिन में 200 किसानों को फसल बेचने के लिए टोकन देने की मांग की गई थी। स्वराज अभियान से जुड़े स्थानीय कार्यकर्ता जेसी यादव ने बताया कि योगेन्द्र यादव ने अपने स्तर पर हरियाणा की मंडियों में टोकन संख्या बढ़ाने की मुहिम चलाई हुई थी। जिसमें आज सफलता मिल गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## बीडीपीओ की टीम ने भोंडसी में अवैध कब्जा हटाए



**सोहना।** पंचायत विभाग ने भोंडसी की राम मंदिर जमीन पर हो रहे अवैध कब्जों का सफाया किया। नर्सरी, दूध की डेयरी, कबाड़े की दुकान आदि ने अवैध कब्जा किया हुआ था। पुलिस थाना निर्माण को लेकर भोंडसी ग्राम पंचायत की राम मंदिर जमीन विवाद के घेरे में आ गई थी। जमीन पर पुलिस थाना बनाए जाने पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया था। 18 अक्टूबर को पंचायत भवन में पंचायत हुई थी। पंचायत में ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा देवी के पति धर्मबीर ने राम मंदिर की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मुद्दा उठाया था। मंदिर की जमीन पर ग्रामीणों ने दूध डेयरी, नर्सरी, कबाड़े की दुकान आदि खोली हुई थी। बुधवार को अभियान चलाते हुए जमीन को कब्जा मुक्त किया गया। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि पंचायती जमीन पर किसी भी गांव में कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग अपने स्तर पर पंचायती जमीन पर हो रहे कब्जों की पहचान कर रहा है। ताकि कब्जाधारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें पंचायती जमीन से हटाया जा सके।

## नगर परिषद ने फॉगिंग अभियान चलाया



**सोहना।** नगर परिषद ने शहर में मच्छरों का आतंक कम करने के लिए फॉगिंग अभियान चालू किया है। एक दिन दो या उससे अधिक वार्डों में फॉगिंग की जा रही है। परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक ने बताया कि फॉगिंग का कार्य एक दिन में कम से कम दो वॉर्ड या तीन वॉर्डों में फॉगिंग कराई जाएगी। बताया कि फॉगिंग ऐसे क्षेत्रों में प्राथमिकता से कराई जा रही है जिस क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी है, कूड़े के ढेर लगे हैं। अभियान प्रत्येक वार्ड में दो से तीन बार चलेगा, ताकि मच्छर न पनपने पाएं। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि इसके साथ नागरिक को अपने घरों के बाहर जमा गंदे पानी के गड्ढों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करने, टायर, मिट्टी के बर्तन या अन्य वस्तुओं में जमा पानी की सफाई करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## गुरुग्राम में पीसी फाइनेंशियल ने बांटे मास्क



**गुरुग्राम।** पीसी फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से विभिन्न भारतीय शहरों में लगभग 24 हजार मास्क वितरित किए जा रहे हैं। इसमें ज्यादातर मास्क स्लम क्षेत्रों में दिए जा रहे हैं। क्योंकि वहां लोगों के पास सुविधाओं का अभाव रहता है। कंपनी की ओर से गुरुग्राम, फरीदाबाद में मास्क बांटे गए हैं। पीसी फाइनेंशियल प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अभीत फाउंडेशन 80 महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने में सफल रहे हैं, जो एक टीम के रूप में साथ काम कर रही हैं। मास्क का वितरण रॉबिन हुड आर्मी द्वारा झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को इस संक्रामक वायरस से बचाने के लिए एक प्रयास है।

## बेटियां पैदा होने वाले घरों पर बेटियों की लगी नेम प्लेट



**गुरुग्राम।** बेगमपुर खटोला में अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2020 तक जिन बेटियों का जन्म हुआ है, उनके घरों के बाहर बेटियों के नाम की प्लेटें लगाई गई। इस कार्य में आईसीडीसी की सुपरवाइजर सुरजीत कौर, रजनी तथा शकुंतला शामिल रही। सुरजीत कौर ने ग्रामीणों को लिंगानुपात के बारे में जानकारी दी। आंगनवाड़ी वर्कर बबीता ने बताया कि बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं है। दोनों एक समान हैं। उनमें कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने भ्रूण हत्या ना करने को प्रेरणा देते हुए कहा कि भ्रूण हत्या करना महापाप है। इससे हम सबको बचना चाहिए। अगर हम बेटियों को गर्भ में ही मरवाएंगे तो एक अच्छी बहु कहां से लाएंगे। बेटी देवी है, दुर्गा है। बेटी के बिना घर की आंगन सूना है। बेटी एक अच्छे घर का निर्माण करती है। बेटी दो घरों को संभालते हुए जीवन की नैया को चलाती है। बेटियां मर्द पैदा करती हैं। आंगनवाड़ी वर्कर संतोष ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगवाए और इसके लिए सभी को जागरुक भी किया।

## नागरिक अस्पताल में मिलेगी फीजियोथैरेपी की सुविधा

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को फीजियोथैरेपी की सुविधा मिलेगी। ताकि घुटना, कंधा, लखवा आदि के मरीजों को स्थानीय अस्पताल में उपचार की सुविधा मिल सके। नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी अन्य अस्पताल के लिए रेफर न करना पड़े। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 50 बैड के नागरिक अस्पताल में अधिक से अधिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मुहिम शुरू कर दी है। नागरिक अस्पताल में निक्कू वार्ड के साथ-साथ फीजियोथैरेपी की सुविधा भी मरीजों को मिलेगी। जिसके लिए मरीजों को करीब दो माह का इंतजार करना पड़ेगा। दिसम्बर माह के आखिरी सप्ताह तक नागरिक अस्पताल में यह सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। नागरिक अस्पताल में फीजियोथैरेपी की सुविधा कंधे में लगी चोट, घुटनों में दर्द से पीड़ित मरीज, लकवा रोगी आदि को यह सुविधा मिलेगी। फीजियोथैरेपी के द्वारा रोगी को मालिस की सुविधा दी जाएगी।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार 24 अक्टूबर, 2020



## संक्षिप्त समाचार

### डांडिया कार्यक्रम का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-23 स्थित कम्युनिटी सेंटर में वुमेन्स पॉवर की टीम ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर छठे दिन डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया। जहां दुर्गा माता की पूजा करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. हेमंत अत्री अपनी पत्नी डॉक्टर साक्षी के साथ पहुंचे। देव मानव सेवा ट्रस्ट से अंबिका शर्मा और उनकी टीम मौजूद रही। साथी सामाजिक कार्यकर्ता संगीता नेगी, ट्रैफिक ताऊ सभी ने माता का आशीर्वाद लिया। साथ ही वूमेंस पॉवर की टीम मॉजूद रही। जिसमें प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली, वाइस प्रेसिडेंट रूपा बरनवाल, सचिव शकुन तोमर, कोषाध्यक्ष सुमन भार्गव, गीत बरनवाल, सरिता साजवान, डॉली कपूर, रिद्धिमा पाराशर, संजना झा, अपरा तोमर, निशा शाह, ऊर्जा, पुष्पा गुप्ता मौजूद रहे।

### फीएवा ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**फरीदाबाद।** नए पोर्टल, सॉफ्टवेयर द्वारा फ्लोर वाइज मकानों की दर्शाई गई सरकारी कीमत को न्याय संगत करवाने के लिए फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। फीएवा के महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा भू संपत्तियों के पंजीकरण के लिए जो नया पोर्टल, सॉफ्टवेयर शुरू किया है। उसमें फ्लोर वाईज चार मजिंला मकानों के लिए दर्शाई गई कलेक्टर वैल्यू पूरी तरह से गैरवाजिब और जमीनी हकीकत से भी कोसों दूर है। इसी वजह से पिछले दो महीनों से किसी भी फ्लोर वाले मकान का पंजीकरण नहीं हो रहा है। सरकार द्वारा पुराने 145 प्रतिशत कवर्ड एरिया को बढ़ाकर 264 प्रतिशत किए जाने के बाद नए प्रस्तावित कलेक्टर रेटों पर मांगी गई आपत्तियों की समय अवधि के दौरान दर्जनों लोगों के साथ-साथ हमारी संस्था ने भी फ्लोर वाइज रजिस्ट्रीयों के लिए नए सिरे से सरकारी कीमत निर्धारित करने बारे अपना मांग पत्र आपके कार्यालय में सौप रखा है। अब हम फिर मांग करते हैं कि, फ्लोर वाइज मकानों की रजिस्ट्रियों में कुल प्लाट या जमीन की कीमत को उस पर बनाई गई मंजिलों की संख्या से बांटकर सभी फ्लोर मालिकों को जमीन का बराबर का हक देते हुए भवन निर्माण की लागत को संमभाग जमीन की कीमत जमा कवर्ड एरिया अनुसार भवन की लागत को मिलाकर कलेक्टर वैल्यू मानते हुए स्टांप ड्यूटी ली जाए।

### नकली सर्टिफिकेट और रसीद देने वाला डॉक्टर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 ने सराहनीय कार्य करते हुए मारपीट के मामले में संलिप्त एक आरोपी को बचाने के लिए आयुष अस्पताल का नकली एडमिट सर्टिफिकेट बनाने वाले एक आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान डॉ. सतीश कुमार जिला गाजीपुर यूपी हाल आयुष हॉस्पिटल नगला पार्ट-2 फरीदाबाद के रूप में हुई है। गौरतलब है कि थाना सूरजकुंड में 3 मार्च 2020 को शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार निवासी डेरा गुरुकुल फरीदाबाद ने पुलिस को शिकायत दी कि विजय, रोहित और अन्य निवासी आनंगपुर ने उसके घर में आकर उसके परिवार वालों के साथ मारपीट की है। मारपीट के दौरान आरोपियों ने शिकायतकर्ता की गर्भवती भाभी को चोट मारी थी जिसके कारण गर्भपात हो गया था। जिस पर आरोपियों के खिलाफ थाना सूरजकुंड में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने केस में कार्यवाही करते हुए मामले को अंजाम देने वाले आरोपी रोहित निवासी आनंगपुर, नरेंद्र उर्फ नींदे गांव अनंगपुर को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

### जेसी बोस विवि शुरू करेगा 'सुपर टैलेंट' कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ने भारतीय सिविल सेवा सहित अन्य प्रशासनिक सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं के इच्छुक विद्यार्थियों को कोचिंग और परामर्श सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के कैरियर और काउंसलिंग सेल के तहत एक 'सुपर टैलेंट' कार्यक्रम शुरू किया जायेगा, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आईएएस, आईपीएस और आईईएस जैसे शीर्ष पदों पर चयन और नियुक्त कराना है। इस संबंध में निर्णय कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित करियर और काउंसलिंग सेल की बैठक में लिया गया। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कैरियर और काउंसलिंग सेल के अध्यक्ष प्रो. अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में एक फोरम का गठन भी किया गया। कंप्यूटर इंजीनियरिंग से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पारुल गुप्ता को कार्यक्रम का समन्वयक बनाया गया है।

## हैड कांस्टेबल पर लगा पत्नी की हत्या करने का आरोप

**फरीदाबाद।** न्यू पुलिस लाइन की सोसाइटी में रहने वाले हैड कांस्टेबल पर दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का आरोप मृतक महिला के परिवार वालों ने लगाया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह हैड कॉन्टेबल की दूसरी शादी थी। पुलिस को सूचना मिली कि हैड कांस्टेबल प्रदीप की पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को नीचे उतारा और उसे सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं पुलिस ने घर के सभी कमरों की तलाशी भी ली, पर घर में कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला।

हैड कांसटेबल प्रदीप फिलहाल फरीदाबाद कोर्ट में एक जज के गनमैन की ड्यूटी पर तैनात है। जिसकी पत्नी ने अपने ही घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक महिला की शादी एक साल पहले जींद के नरवाना के रहने वाले प्रदीप से हुई थी। मृतक महिला भी जींद की रहने रहने वाली थी। यहां पहुंचे मृतक महिला के परिजन प्रवीण और अनूप ने आरोप लगाया कि मृतका ने फांसी नही लगाई है।

## ताऊ की प्रताड़ना के शिकार बच्चे का होगा गंभीर ऑपरेशन

कविता। फरीदाबाद



**पिता** की मौत के बाद ताऊ द्वारा दो और चार साल के भाई-बहन को प्रताड़ित किया गया। इस दौरान दोनों को सिगरेट और बीड़ी से इतना झुलसाया है कि घाव बच्चे के लिए नासुर बन गए हैं। सर्जरी कर घाव पर शरीर के अन्य किसी हिस्से से मांस लेकर वहां लगाया जाएगा। बच्ची भी पूरी तरह स्वस्थ्य नहीं है। टीबी का शिकार बच्ची की मां का भी उपचार किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों को उससे दूर रखा गया है। बच्चों की देखभाल जिला बाल संरक्षण विभाग के कहने पर सेवादल के सदस्य कर रहे हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन के रविंद्र बच्चों पर पूरी नजर बनाए हुए हैं।

**यह है मामला**

19 सितंबर को बीके अस्पताल के पार्क में दो बच्चे झुलसी हुई हालत में मिले थे। बाद में पता चला कि सगे ताऊ ने दोनों मासूमों को सिगरेट, बीड़ी से झुलसाया है। मासूम भाई-बहन के शरीर पर दर्जनों जलाने के निशान मिले थे। दोनों 72 घंटे तक कुछ बोलने की स्थिति में नहीं थे। जिस कारण उन्हें बीके से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। बच्ची का शरीर रक्त की कमी से सफेद पड़ गया था। रक्त चढ़ने पर बच्ची बच पाई है।

**जल्द होगा ऑपरेशन**

रोहतक मेडिकल कॉलेज के एचओडी कुलदीप दोनों बच्चों को देख रहे है। उनका कहना है कि बच्ची की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन लड़के के हाथ में गहरा जख्म हो गया है। जिसे भरने के लिए एक ऑपरेशन के दौरान बच्चे की त्वचा का कुछ हिस्सा लेकर लगाया जाएगा, लेकिन बच्चे को त्वचा की परेशानी है। जिस कारण उसकी दवाईयां चल रही है। त्वचा की बीमारी शायद सोमवार तक ठीक हो जाए। जिसके बाद उसका ऑपरेशन किया जाएगा।

लेकिन बच्चे की सर्जरी करनी पड़ेगी। वहीं खांसी की जांच कराने पर पता चला कि बच्चों की मां टीबी की बीमारी का शिकार है।

**यह है मददगार**

बच्चों की हालत को देखते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा द्वारा रोहतक की सेवा दल की सदस्य कृष्णा और सुनीता को बच्चों की देखभाल का जिम्मा सौंपा है। वह दोनों 12-12 घंटे की शिफ्ट में अपनी ड्यूटी कर रही है। वहीं दूसरी तरफ चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य रविन्द्र चिकित्सक और केयर टेकरों से सम्पर्क बनाए हुए हैं। रविन्द्र का कहना है कि वह रोजाना बच्चों और उनकी मां की हालत की जानकारी ले रहे है। ताकि किसी तरह की मदद की जरूरत हो तो वह पूरी की जा सके।

# वरदान साबित होगा संत भगत सिंह महाराज प्लाज्मा बैंक : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने जिला के लोगों को समर्पित किया दूसरा प्लाज्मा बैंक

**जब तक इसकी दवा नहीं आती तब तक सतर्कता बहुत जरूरी**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि कोरोना से पीड़ितों के लिए पहले ईएसआई मेडिकल कालेज में एक प्लाज्मा बैंक था। अब कोरोना एक वैश्विक महामारी है और जब तक इसकी दवा नहीं आती तब तक सतर्कता बहुत जरूरी है। अवगत कराया कि कोरोना वैश्विक महामारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अभी तक इसकी कोई दवाई नहीं बनी है जिसको देखते हुए। प्लाज्मा थेरेपी ही सिर्फ मात्र एक तरीका है, इसको देखते हुए आज फरीदाबाद में दूसरा प्लाज्मा बैंक का उद्घाटन किया गया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आकर प्लाज्मा डोनेट करें लोगों का जीवन बचाने में सरकार का सहयोग करें, गुर्जर ने बताया कि संतों के गुरुद्वारे में जो प्लाज्मा बैंक का उद्घाटन किया गया है। इसके द्वारा जो कोरोना योद्धा यह जंग जीत कर आ चुके हैं। उनके घरों से ही सैंपल लिए जाएंगे और उनके सुविधानुसार उन्हें टाइम बता कर प्लाज्मा डोनेट कराने का कार्य किया जाएगा। पूरे कार्य में जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा बहुत ही शानदार तरीके से कार्य किए जा रहे हैं, मैं व्यक्तिगत रूप से उनकी कार्यशैली की प्रशंसा करता हूं।

एसडीएम जितेंद्र कुमार ने लोगों को बताया कि प्रशासन की तरफ से प्लाज्मा डोनेशन अभियान के अंतर्गत जोरों से सभी समाजों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन प्लाज्मा टीम में हर समाज के एक व्यक्ति को प्लाज्मा कमेटी का मेंबर बनाया जाएगा। जब तक समाज इस कार्यक्रम में प्रशासन के साथ नहीं जुड़ेगा प्लाज्मा डोनेशन की वृद्धि हो पाना संभव नहीं है, इसीलिए मैं सभी सामाजिक संगठनों से अपील करता हूं कि इस नेक कार्य में आप स्वयं आगे आए जो कोरोना योद्धा ठीक हो चुके हैं उनको डोनेशन दिलवाने का कार्य अवश्य करें। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि सभी सामाजिक संगठनों को इस मुहिम से जोड़ा जा रहा है। जिसमें लोगों का बहुत अच्छा रिस्पांस हमें प्राप्त हो रहा है। यह हमारे शहर का दूसरा प्लाज्मा बैंक है। अब सफलता से डोनेशन का कार्य आरंभ हो गया है। उन्होंने शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोगों का जीवन बचाने के लिए लोगों को प्रेरित करना बहुत आवश्यक है। हम सब मिलकर प्लाज्मा डोनेशन ड्राइव चलाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से एक मिस कॉल नंबर भी जारी किया जा चुका है, जिसका बहुत ही अच्छा रिस्पांस प्राप्त हो रहा है, सामाजिक संस्थाएं धार्मिक संस्थाएं आरडब्लूए के प्रधानों से निरंतर संवाद स्थापित किया जा रहा है। सभी ने हर्षपूर्वक प्रशासन के इस नेक कार्य में अपना सहयोग देने का भरपूर आश्वासन दिया है। इस अवसर पर जिला प्लाज्मा कोऑर्डिनेटर विमल खंडेलवाल, संस्था के ट्रस्टी जेडी अरोड़ा, आईडी अरोड़ा, एमएल अरोड़ा, अमरजीत चावला, आईपी सिंह श्यामसुंदर कपूर, संजय भाटिया, महेश बांगा, संजीव ग्रोवर, पार्षद दिनेश भाटिया, डॉक्टर एमपी सिंह, मधुसूदन माटोलिया, केदारनाथ अग्रवाल, रमा राघव, आरुष व समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## पीएम ने दिए स्कूल डायरेक्टर के खिलाफ जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एचसीएस ऑफिसर दिनेश सिंह यादव को जांच अधिकारी बना कर शीघ्र एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा**

**नहरपार** स्थित एक नामचीन निजी स्कूल के डायरेक्टर द्वारा अपने एक पेरेंट्स को पनिशमेंट देने की धमकी का वीडियो हरियाणा अभिभावक एकता मंच द्वारा ट्वीट के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजने पर पीएमओ ऑफिस ने हरियाणा सरकार को जांच के आदेश दिए हैं। हरियाणा सरकार ने वीडियो की जांच के लिए एचसीएस ऑफिसर दिनेश सिंह यादव को जांच अधिकारी बना कर शीघ्र एक्शन टेकन रिपोर्ट देने को कहा है।

मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा ने कहा है कि तीन दिन पहले जब एक पेरेंट्स ने निजी स्कूल के डायरेक्टर से मांगी जा रही ट्रांसपोर्ट फीस, एनुअल चार्ज व बढ़ाई गई ट्यूशन फीस देने का विरोध किया तो उन्होंने उसको पनिशमेंट देने की धमकी दी और कहा कि मैं डीओ, सीओ व स्कूल के मालिक गोल्डी को कुछ नहीं समझता हूं, और ना किसी पेरेंट्स एसोसिएशन को मान्यता प्रदान करता हूं। हरियाणा सरकार समाप्त हो चुकी है कोर्ट ने आदेश कर दिए हैं बढ़ी हुई फीस एनुअल चार्ज ली जाए अतः उसको शीघ्र जमा कराओ, वरना आपके बच्चे को पनिशमेंट मिलेगा, स्कूल से निकाल दिया जाएगा। हां अगर अकेले में मिलोगे तो फीस में छूट दे दी जाएगी। मंच ने डायरेक्टर व पेरेंट्स की बातचीत का वीडियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ट्वीट से भेजकर कहा कि 'मोदी जी न्याय करो, वीडियो सुन कर कार्रवाई करो,' ट्वीट को काफी संख्या में पेरेंट्स ने रिट्वीट किया। जिस पर पीएमओ ऑफिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हरियाणा सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। हरियाणा सरकार ने भी तुरंत कार्रवाई करते हुए एचसीएस अधिकारी दिनेश सिंह यादव को तुरंत जांच करने को कहा है। कैलाश शर्मा ने सभी पेरेंट्स से कहा है कि वे एकजुट व जागरूक होकर के पहले की तरह ही प्राइवेट स्कूलों की प्रत्येक मनमानी का बिना किसी डर के खुलकर विरोध करें और किसी भी समस्या के लिए मंच से संपर्क करें मंच उनकी पूरी मदद करेगा।

## दुर्गाबाड़ी में हुई महासप्तमी की भव्य पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



शारदीय नवरात्रि का सातवां दिन मां कालरात्रि को समर्पित होता है। मां कालरात्रि भक्तों को अभय वरदान देने के साथ ग्रह बाधाएं भी दूर करती हैं। हार्डवेयर चौक स्थित दुर्गाबाड़ी और कालीबाड़ी सेक्टर 16 में भी आज के दिन देवी दुर्गा की महासप्तमी पूजा पूरी श्रद्धा, सुरक्षा एवं सिमित अनुष्ठानों के साथ की गई। कोरोना के चलते सरकार एवं मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा जारी तरह तरह के बाधा निर्देशों के बावजूद भक्तगण काफी संख्या में कालीबाड़ी मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से पहुंच रहे थे। लोगों में इस त्योहार के लिए खासा उत्साह हैं। लोग पूरी श्रद्धा से मां की पूजा अर्चना में लगे हैं। कालीबाड़ी मंदिर प्रबंधन ने वर्तमान महामारी के मद्देनजर दोपहर तीन बजे के बाद किसी भी दर्शानार्थियों का मंदिर परिसर में प्रवेश वर्जित करने की घोषणा की है।

मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही मंदिर के सदस्य एवं स्वयंसेवक आने वाले भक्तों में सामाजिक दूरी बनाये रखने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं एवं सैनिटाईजर, थर्मल स्कैनर द्वारा उनके सुरक्षा की उत्तम व्यबस्था रखे हुए हैं। मंदिर परिसर में पूजा के लिए किसी भी प्रकार के फूल इत्यादि लेकर जाना मना है। मंदिर में प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रेडी मेड पैकेटों के माध्यम से की जा रही है। कालीबाड़ी की भव्य दुर्गा माता की मूर्ति बड़ा ही शौम्य दर्शन एवं सुंदर है। दर्शन के समय भक्तों के बाधा रहित प्रवेश को ई-पास की भी व्यवस्था की गई है।

## अपराध होने पर नपेंगे इलाके के एसएचओ: सीपी

### जुआ, सट्टा, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर दिया आदेश

**नियंत्रण की कार्यक्षमता ही थाना प्रभारी की सफलता या असफलता का प्रतीक**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**सेक्टर**-21 स्थित अपने कार्यालय में सीपी ओपी सिंह ने बल्लबगढ़ व एनआईटी के पुलिस उपायुक्तों, सहायक पुलिस आयुक्तों, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ एक संगोष्ठी की। जिसमें उन्होंने बीते सप्ताह दिए लक्ष्य के मुताबिक किए गए कार्यों के निष्पादन की जानकारी लेते हुए कहा कि अगर किसी इलाके में जुआ, सट्टा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री से संबिंधित अपराध होते हुए पाए गए तो उसके लिए उस थाने का एसएचओ जिम्मेदार होगा। हालांकि पुलिस विभाग में प्रभारी थाना का कार्य अत्यंत जटिल होता है, क्योंकि समाज, विभाग व सरकार सहित समाज के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चुनौती उसके सामने होती हैं, लेकिन अपराध पर नियंत्रण की कार्यक्षमता ही थाना प्रभारी की सफलता या असफलता का प्रतीक है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि चोट के मामलों की समीक्षा करके अपराध के कारणों का पता लगाया जाए और अपराधियों का वर्गीकरण करने के उपरांत अकस्मात उद्दीपन और आवेगवश अपराध करने वालों का उचित मार्गदर्शन करके उन्हें अपराध की दुनिया से दूर रखने के प्रयास किए जाएं। अभियोग मूल अपराध के लिए ही अंकित किया। अभियोग में अपराध को घटाया बढ़ाया या बदला न जाए। जिन अभियोगों में गिरफ्तारी लंबित है, उनमें जल्द गिरफ्तारी की जाए। पेयजल का अवैध व्यापार व चोरी करने वालों पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

अन्वेषण का कार्य पूरा करने के प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की सहराना की गई।

## तीन सालों में बदल जाएगी गांवों की तस्वीर: रावत

**फरीदाबाद।** हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन एवं पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि कोरोना महामारी ने विकास के पहिये को थामा जरूर है, लेकिन आने वाले तीन सालों में क्षेत्र के सभी 104 गांवों की तस्वीर विकास के मामले में पूरी तरह से बदल दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजा है, उसी विश्वास और जनता के आदेश के चलते उन्होंने प्रदेश की मनोहर सरकार को अपना समर्थन दिया है रावत शुक्रवार को गांव फतेहपुर बिल्लौच में लगभग 76 लाख रूपये के विकास कार्यों के उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

## एक मौत, 188 पॉजिटिव आने से आंकड़ा पहुंचा 23,520

**कोरोना**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना का खतरा अभी कम नहीं हुआ है। शुक्रवार को जिले में एक मौत होने से जहां कोरोना के मृतकों की संख्या का आंकड़ा 241 पर पहुंच गया। वहीं 188 मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 23,520 पर पहुंच गया। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 157 कोरोना पॉजिटिव मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 95.2 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**मृतक और पॉजिटिव**

राजीव कालोनी निवासी 16 वर्षीय एक किशोरी ने कोरोना और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होने पर दम तोड़ दिया। वहीं 188 पॉजिटिव में मेवला महाराजपुर, महावीर कालोनी, सेक्टर-37, 68, 11, 63, 91, 14, 75, 18, 19, 88, पुरी प्रणायाम, नंगला, राजीव कालोनी, बसंत कालोनी, त्रिखा कालोनी, अनंगपुर, झाड़सेंतली, तिलपत, चावला कालोनी, एनएच-दो, 5, इस्माइलपुर, शिव कालोनी, चाचा चौक ओल्ड फरीदाबाद, अशोका इंक्लेव से 2-2 मरीज है।

सेक्टर-7, 64, 4, 18, 86, 16, 82, जवाहर कालोनी, लक्कडपुर, गर्ग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सैनिक कालोनी, एसजीएम नगर, एनएच-तीन, भूपानी, आदर्श कालोनी, सुरदास कालोनी, पर्वतीया कालोनी, श्याम कालोनी, स्प्रींग फिल्ड कालोनी, फतेहपुर बिल्लौच से 3-3 मरीज है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 234864 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 211094 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 250 |
| अब तक पॉजिटिव आए | 23520 |
| अब तक डिस्चार्ज | 22390 |
| अब तक कुल मौत | 241 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 49 |
| आईसीयू में भर्ती | 08 |

## आईटीआई में मैगा कैंपस 28 अक्टूबर को

**फरीदाबाद।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार आगामी 28 अक्टुबर को राजकीय आईटीआई फरीदाबाद में एक मैगा कैम्पस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए फरीदाबाद के प्रमुख उद्योगो को अमंत्रित किया गया है। राजकीय आईटीआई फरीदाबाद के प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार द्वारा बताया गया है कि आईटीआई पास छात्रों को 100 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने हेतू इस मैगा कैंपस का आयोजन किया जा रहा है।

## अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने किया मां की महिमा का गुणगान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नवरात्रों** में श्रद्धालुओं ने जहां एक तरफ मां के आठवें स्वरूप की पूजा की, वहीं दूसरी तरफ कुछ श्रद्धालुओं ने सप्तमी का व्रत किया, क्योंकि इस बार छठीं और सप्तमी एक हो गई थी। लोगों को इस बारे में किसी तरह की कोई सूचना नही थी। वहीं मंदिरों में नवरात्रों के आठवें दिन मां के महागौरी रूप की पूजा अर्चना की गई। अष्टमी पर मंदिरों में भीड़ लगी रही। तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ मां वैष्णोदेवी मंदिर में मां महागौरी माता की भव्य पूजा की गई। प्रातः कालीन आरती के साथ मंदिर में भक्तों ने मां महागौरी के समक्ष अपनी अरदास की। इस अवसर पर शहर के प्रमुख लोगों ने मंदिर में आयोजित भव्य पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने पूजा कर माता महागौरी की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। सभी भक्तों ने सोशल डिस्टेंस के तहत ही मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। मंदिर संस्थान के प्रधान जगदीश भाटिया ने मंदिर में आए हुए अतिथियों को माता की चुन्नी भेंट कर उनका स्वागत किया। इस पुण्य अवसर पर मंदिर में उपस्थित सभी लोगों ने मां महागौरी की पूजा में हिस्सा लिया तथा हवन यज्ञ में आहूति डाली। भाटिया ने बताया कि मंदिर में दर्शन करने वाले भक्तों ने कोविड-19 के चलते सोशल डिस्टेंस के साथ पूजा अर्चना की।

मंदिर संस्थान की ओर से सभी भक्तों से मास्क पहनकर ही प्रवेश करने की अपील की। प्रधान जगदीश भाटिया ने कहा कि मंदिर में कोविड-19 के तहत सभी प्रबंधन किए गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी भक्तों से कहा कि महागौरी माता की सच्चे मन से पूजा करने से सभी मुराद पूरी होती हैं। भाटिया ने कहा कि मां महागौरी को शुद्ध देसी घी से बना हलवा पूरी सबसे प्रिय है। पूजन के पर मां को हलवा पूरी का भोग लगाया जाता है। इससे मां महागौरी अति प्रसन्न होती हैं। मां महागौरी को गुलाबी रंग बहुत ही प्रिय है।

इस अवसर पर भाटिया ने सभी भक्तों को नवरात्रों की बधाई दी। इस मौके पर प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि मां महागौरी को शुद्ध देसी घी का हलवा-पूरी एवं गुलाबी रंग बेहद पसंद हैं। पूजा अर्चना के उपरांत जगदीश भाटिया ने भक्तों को बताया कि देवी पार्वती रूप में महागौरी ने भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इसी तरह सिद्धपीठ काली मंदिर में भी भव्य पूजा अर्चना की गई।

## आज करें मां सिद्धिदात्री की पूजा



**फरीदाबाद।** नवरात्रों के नौवें दिन मां भगवती की पूजा की जाती है। मां के नौवें स्वरूप का नाम सिद्धिदात्री है। इस बारें में राधा सर्वेश्वर मंदिर के संत मुनिराज महाराज ने बताया कि अंतिम नवरात्रे के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। यह मां का अंतिम रूप है। सिद्धिदात्री मां सिद्धियों की दाता है।

सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के बाद ही नवरात्रि का विश्राम होता है। मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियां प्रदान करती है। मान्यता है कि भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की उपासना से ही सिद्धियों को प्राप्त किया था। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। जिसमें वह गदा, कमल, शंख, चक्र लिये हुए कमल के फूल पर आसीन होती है। मां सिद्धिदात्री का वाहन सिंह है। नवमी तिथि को भगवती को धान का लावा अर्पित करके ब्राह्मण को देना चाहिए। इस दिन देवी को भोग अवश्य लगाना चाहिए। समस्त सिद्धियों की प्राप्ति के लिए मां सिद्धिदात्री की पूजा विशेष मानी गई है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020



# संघीय व्यवस्था का विरोध

## विपक्ष की रणनीति

**केंद्रीय** शक्तियों के विरोध की पंजाब व महाराष्ट्र में विपक्ष ने नई रणनीति अपनाई है। विपक्ष अपने शासित राज्यों में कृषि कानूनों तथा सीबीआई के अधिकार क्षेत्र के बारे में केंद्र का विरोध कर दिल्ली में सत्तारूढ़ भाजपा से राजनीतिक मुकाबला कर रहा है। पंजाब ने तीन कृषि कानूनों को चुनौती देते हुए अपने संशोधन कानून बनाए हैं तथा महाराष्ट्र ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई के राज्य में जांच के अधिकार से सहमति वापस ले ली है। संवैधानिक रूप से पंजाब सरकार विधेयकों को पहले राज्यपाल और फिर राष्ट्रपति के पास भेजे जाने की प्रतीक्षा करेगी। केंद्र सरकार की सलाह पर काम कर रहे राष्ट्रपति की इनको अनुमति मिलने की संभावना नहीं है। इसके बाद राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में जाने का रास्ता अपना सकती है। इसी प्रकार राज्य भले ही सीबीआई जांच से सहमति वापस ले ले, पर वह इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनदेखी नहीं कर सकता है। पंजाब सरकार का तर्क है कि कृषि राज्य सूची का विषय है और केन्द्र का इस पर अधिकार नहीं है, जबकि केन्द्र का कहना है कि कृषि उत्पादों के व्यापार व वाणिज्य से संबंधित होने के कारण तीनों कानूनों का संबंध समवर्ती सूची से है। पंजाब सरकार कृषि कानूनों में संशोधन से सुनिश्चित करना चाहती है कि पुरानी व्यवस्था जारी रहे तथा समानान्तर बाजार से कमजोर न हो। पहले संशोधित कानून में गेंहूं व धान के लिए केन्द्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी देना जरूरी है और इसका उल्लंघन करने वाले को दंड दिया जाएगा। दूसरे कानून में कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी के बाहर निजी खरीदारों द्वारा किए जाने



वाले सौदों पर बाजार फीस या लाइसेंस जरूरी होगा जिसे केन्द्रीय कानून ने समाप्त कर दिया है। तीसरे कानून में संशोधन से अनिवार्य वस्तुओं के उत्पादन, सप्लाई व वितरण की असीमित सीमा को समाप्त कर पंजाब सरकार को नियंत्रण का अधिकार वापस दिया गया है। राज्य का कहना है कि केंद्र ने कृषि कानूनों के बारे में जल्दबाजी की है और क्रियान्वयन की व्यावहारिकताओं पर ध्यान नहीं दिया है। उसका आरोप है कि कृषि मंत्री ने सभी पक्षों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन देने से इनकार कर दिया, जबकि भाजपा के किसान संगठन भी इन पर आपत्ति कर रहे थे। उसने पूछा है कि क्या केन्द्र एमएसपी को अनिवार्य घोषित नहीं कर सकता था, जबकि इससे किसानों के मन में पैदा आशंकायें दूर हो जातीं। यदि केन्द्र सरकार जीएसटी की तरह विमर्श के बाद समावेशी माडल अपनाती तथा विधेयकों पर संसदीय समितियों में विचार करती तो चीजें ज्यादा बेहतर स्थिति में होतीं। जीडीपी में कृषि का हिस्सा 16 प्रतिशत है और किसान सभी पार्टियों के मतदाताओं में शामिल हैं, इसलिए उनकी बात पर अवश्य ही गौर करना चाहिए था। आज किसान खेती में भारी लागत, कम उत्पादकता तथा गिरते मूल्यों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उनको विश्वास में लेना जरूरी है। महाराष्ट्र सरकार ने अन्य विपक्षी राज्यों बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान की तरह पहले सीबीआई जांच को दी गई आम सहमति वापस ले ली है। उसने कहा है कि ऐसी जांच हस्तक्षेपकारी तथा राजनीति से प्रेरित होती है। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार सहयोगी संघवाद के कुछ आयामों पर नहीं चल रही है, जबकि 2014 के बाद अपने पहले कार्यकाल में वह इसी रास्ते पर चल कर जीएसटी लागू कराने में सफल हुई थी। शायद 2019 में भारी विजय के बाद उसने संघीय स्पेस पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। हालांकि, केंद्र-प्रायोजित योजनाओं की कठोर निगरानी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उसके द्वारा उठाए कदमों का बीजू जनता दल जैसी क्षेत्रीय शक्तियों ने समर्थन कर उनको राज्यसभा में पास कराने में सहायता की है। स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय है, पर कोविड नियंत्रण के मामले में भी राज्यों पर दबाव डाला गया, जबकि अनेक राज्यों ने इससे निपटने के अपने तरीके विकसित किए हैं। कुछ राज्य अब केन्द्र के विपरीत नीतिगत दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

# शराबबंदी की राजनीति

**शराब पर प्रतिबंध लगाने के जोश में नीतीश कुमार की सरकार ने अत्यन्त कठोर कदम उठाए हैं। नशाखोरी की समस्या से निपटने के बेहतर तरीके भी हैं।**



**अजय कुमार**
(लेखक पूर्व आईपीएस तथा पूर्व सांसद हैं)



अमेरिका में शराब पर प्रतिबंध लगाने वाला वोलस्टड कानून 1920 में पास किया गया था। यह शराब बंदी लगभग 14 साल जारी रही और इसने एक समानान्तर अवैध अर्थव्यवस्था बना दी। इससे माफिया उभरे तथा ऐसा राज्य प्रायोजित ढांचा बना जिसमें अमीरों व शक्तिशाली लोगों को सुरक्षा दी गई थी, पर वह गरीबों पर भारी पड़ रहा था। उस समय की मीडिया खबरों से पता चलता है कि अमेरिका में एक खास मजेदार घटना हुई थी। जब पुलिस ने डेनवर में एक बार पर छापा मारा तो उनको वहां स्थानीय कांग्रेस सदस्य, मेयर व शेरिफ मदिरापान करते मिले। कोई सोच भी नहीं सकता था कि 1920 के डेनवर व वर्तमान बिहार में समानता होगी।

मजेदार बात है कि यदि आप इस लेख का पहला पैरा न पढ़ें तो लगेगा कि हम नीतीश कुमार के बिहार और खासकर उनकी शराबबंदी के बारे में बात कर रहे हैं। शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था।

शराबंदी कठोरता से लागू करने के तरीकों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि नीतीश कुमार ने अचानक एक दिन तय कर लिया कि बिहार में शराबबंदी होनी चाहिए। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था। उसे कम से कम जमीनी स्तर पर इस नीति की भयानक विफलता स्वीकार करते हुए अब अपनी गलती माननी चाहिए। लेकिन शायद बिहार की वर्तमान सरकार में इस दूरदृष्टि का अभाव है और वह अपनी गलतियां स्वीकारने को तैयार नहीं है।

सवाल है कि आखिरकार शराबबंदी को बिहार में नीतीश सरकार के प्रशासन का बैरोमीटर क्यों माना जाता है? हमें इस कदम की कठोरता पर विचार करना चाहिए। यह प्रतिबंध केन्द्र सरकार द्वारा लिए नोटबंदी के निर्णय की तरह संपूर्ण था। उम्मीद करनी चाहिए थी कि सरकार पहले यह विचार कर लेती कि जमीनी स्तर पर इस कदम को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा या नहीं। इस नीति के परिणामस्वरूप नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री गैरी बेकर द्वारा प्रयुक्त शब्दों के अनुसार 'तार्किक अपराध' जैसी स्थिति बन गई है। इसका अर्थ तार्किक लोगों द्वारा किया अपराध है क्योंकि वे अपराध करते समय पकड़े जाने पर संभावित दंड पर ज्यादा ध्यान देते हैं, लेकिन वास्तव में पकड़े जाने की संभावना पर ज्यादा गौर नहीं करते हैं। बिहार में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने के मामले में पकड़े जाने पर दंड बहुत कठोर है, पर वास्तव में पकड़े जाने की संभावनायें बहुत कम हैं। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो बिहार में पुलिस या संबंधित अधिकारियों की मुट्ठी गरम करने अथवा वीआईपी होने पर शराबबंदी कानून के उल्लंघन में पकड़े जाने की संभावना बहुत कम है। लेकिन यह बात आम नागरिक पर लागू नहीं होती है।

वास्तव में बिहार में जमीनी स्तर पर असली शराबबंदी नहीं है। हालांकि, शराब पर प्रतिबंध है, पर यह व्यवहार के बजाय अवधारणा के स्तर पर ज्यादा सही है। आप

> **शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था।**

जहां चाहें वहां शराब मिल सकती है। बताया जाता है कि एक बड़े राष्ट्रीय दैनिक के रिपोर्टर से एक ट्रैवल एजेंट ने कहा, 'शराबंदी क्या है? दारू सब जगह, यहां तक कि स्थानीय पुलिस थानों में उपलब्ध है।' हो सकता है कि उसका यह दावा गलत हो, पर नीतीश सरकार द्वारा लागू शराबबंदी ने ग्राहकों को शराब सप्लाई करने वालों के बीच भीड़ की हिंसा को जन्म दिया है। चूंकि, अदालत के माध्यम से शराब के दूसरे वितरक को चुनौती नहीं दी जा सकती है, इसलिए एकमात्र विकल्प हिंसा के माध्यम से स्थानीय स्तर पर एकाधिकार स्थापित करना है। अमेरिका में शराबबंदी के दौरान अक्सर कुछ लोग भीड़ को भड़का कर हिंसा कराते थे क्योंकि उनको प्रतिबंध से भारी मुनाफा होता था। बिहार में अक्सर कुछ पुलिस व सरकारी अधिकारी एकाधिकार स्थापित करने के प्रयासों में संलिप्त पाए जाते हैं क्योंकि इससे उनको आर्थिक लाभ होता है। इस स्थिति का खामियाजा शराब सप्लायरों के बजाय ग्राहकों को भुगतना पड़ता है। पटना में पुलिस मुख्यालय के नवीनतम रिकार्डों के अनुसार अप्रैल, 2016 तथा इस वर्ष जनवरी के बीच अवैध शराब रखने के संबंध में कुल 2,12,323 गिरफ्तारियां हुईं। इन गिरफ्तारियों में केवल 19,500 सप्लायर थे। गिरफ्तार किए गए अधिकांश लोग ऐसे गरीब थे जो रिश्वत नहीं दे सकते थे, जबकि भ्रष्टाचार से कमाई करने वाले अधिकारियों को दंड देने की ज्यादा घटनायें सामने नहीं आई थीं। शराब के लिए रिश्वत देने की व्यापक भ्रष्ट व्यवस्था से सभी परिचित हैं तथा बहुत से लोगों ने इसकी शिकायत की है। अनेक लोगों को शराबबंदी के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

शराबबंदी के कारण एक और समस्या सामने आई है। खतरनाक किस्म की नकली शराब व्यापक रूप से उपलब्ध है। इसका कारण शराब रखना जोखिम का काम है, इसलिए अनेक नकली शराब बनाने वाले तत्व इसका लाभ उठाते हैं। थोड़ी मात्रा में ज्यादा नशीली शराब की इच्छा से लोग नकली शराब का प्रयोग करते हैं। नकली शराब के उपभोग से खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली मौतों की संख्या बढ़ी है, क्योंकि वहां अमीरों व शक्तिशाली लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली शराब खरीदने की क्षमता नहीं है। अमेरिका के उदाहरण पर गौर करें। यदि बिहार की तुलना शराबबंदी के युग वाले डेनवर से की जाए तो अनेक समानतायें मिल सकती हैं। पुलिस द्वारा डाले गए छापों में बारों में पुलिस अधिकारी व वरिष्ठ राजनेता मदिरापान करते मिल सकते हैं, पर बाहर मरते गरीब दिख सकते हैं।

इस गलत योजना पर लगने वाले संसाधनों से अन्य पहलकदमियां संभव नहीं हो पा रही हैं। यदि शराब बिक्री को नियंत्रित कर इस पर टैक्स लगाया जाए तो राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा जिसका प्रयोग शिक्षा व रोजगार बढ़ाने में किया जा सकता है। इसके बजाय वर्तमान समय में राज्य के संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। आर्थिक व श्रमशक्ति के रूप में इसका प्रयोग मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना के लिए हो रहा है। पुलिस बल की शक्ति में कमी का अर्थ अन्य अपराधों में वृद्धि भी है। कुछ भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों को शराब उपयोगकर्ताओं से आसानी से पैसा मिल सकता है, अत: वे बलात्कार व हत्या जैसे अपराधों पर लगाम लगाने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं।

कुछ लोगों को उम्मीद हो सकती थी कि भाजपा नीतीश के इस व्यवहार को ठीक करने का प्रयास करती, लेकिन वह उनका समर्थन कर रही है। कठोर शराबबंदी का पालन करने वाले गुजरात की तरह बिहार में भी शराबबंदी को केन्द्र सरकार का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में खराब नियोजन व गलत नीतियों का परिणाम बिहार के आम आदमी को भुगतना पड़ता है। राज्य में शराबबंदी के कारण स्थिति इतनी खराब है कि शायद सरकार के अति उत्साह के कारण वास्तव में कुछ लोग मदिरापान की ओर अग्रसर हुए हैं।

# जब घाटी में बरपा था पाकिस्तानी कहर!

> **"आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर हिंसा का तांडव मचाया था।"**

**राघवेंद्र सिंह**
(लेखक संस्कृति मंत्रालय में सचिव हैं)



22 अक्टूबर इतिहास का एक काला दिन है और भारत भी घाटी में हिंसा व आतंकवाद भड़काए जाने में पाकिस्तान की भूमिका के विरोध में इसे याद कर रहा है। आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर कुकृत्य को अंजाम दिया था। मुज़फ्फराबाद, दोमेल और उरी में तांडव मचाकर कबायली लश्करों ने पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों के नेतृत्व में 26 अक्टूबर को बारामूला में प्रवेश किया और तबाही मचाई। 10 नवंबर को दि न्यूयॉर्क टाइम्स में राबर्ट ट्रंबुल द्वारा प्रकाशित खबर आक्रांताओं द्वारा शहर में खेले गए मौत तथा विध्वंस के तांडव से संबंधित थी। कबायलियों का सामना बेबस निवासियों की रक्षा के लिए आगे बढ़ रहे भारतीय सैनिकों से होने के पहले शहर को उसकी संपदा व गरिमा से विहीन कर दिया गया था। उन भयावह घटनाओं से बचकर निकले लोगों के अनुमानों के अनुसार चार यूरोपियों एवं एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश सैन्य अधिकारी, कर्नल डाइक्स, एवं उनकी गर्भवती पत्नी समेत, उनके लगभग 3,000 निवासी साथी मौत के घाट उतार दिए गए थे। जब आक्रांता 26 अक्टूबर को शहर में पहुंचे, महसूद कबायली की एक पार्टी ने संत जोसफ के फ्रांससिस्कन कान्वेंट परिसर की दीवार लांघकर कान्वेंट अस्पताल व गिरजाघर पर हमला बोल दिया। 24 घंटे बाद जब भारतीय सेना बारामूला पहुंची, तब लगभग 14,000 की जनसंख्या में से केवल 1,000 लोग बाकी बचे थे।

संबद्ध प्रेस छायाकार, मैक्स डेस्पोट, ने 2 नवंबर को बताया कि उसने कश्मीर घाटी के एक हिस्से के ऊपर से उड़ान भरते हुए 20 से अधिक गांवों को आग की लपटों में घिरे देखा था, जो श्रीनगर के 20 मील तक फैले हुए थे। आक्रमणकारियों ने गांवों को आग के हवाले कर दिया, जो घाटी में घम रहे और श्रीनगर की दिशा में बढ़ रहे थे। लंद के डेली एक्सप्रेस के सिडनी स्मिथ उन दस दिनों के दौरान बारामूला अस्पताल में थे तथा उन्होंने सबसे पहले कान्वेंट पर हुए हमले की खबर दी थी। ''कबायली लश्कर पहाड़ों से नीचे उतरकर शहर के दोनों तरफ से आए थे। वे दोनों ओर से अस्पताल की दीवारों पर चढ़े थे। पहले समूह ने मरीजों पर गोलियां बरसाईं। एक 20 वर्षीय भारतीय नर्स, फिलोमेना, ने एक मुस्लिम मरीज़ को बचाने की कोशिश की जिसने थोड़ी देर पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। पहले उसे गोली मार दी गई और उसके बाद उस मां को भी। मां सुपीरियर एल्डेट्रूड वार्ड की ओर भागी, और फिलोमेना के ऊपर गिर गई, मगर उस पर हमला किया गया। जब सहायक मां, टेरेसालीना ने मां एल्डट्रूड की ओर कबायली को राइफल तानते देखा, वो उसके सामने कूद कर आ गई और एक गोली टरेसालीना के हृदय को चीरते हुए निकल गई। उस क्षण, कर्नल डाइक्स, कबायलियों पर चिल्लाते हुए मां सुपीरियर को खबरे से बाहर निकालने अपने कमरे से दौड़कर गए। लेकिन मां सुपीरियर को गोली मार दी गई और कर्नल भी उसके साथ गिर पड़े, जिनके पेट में गोली लगी थी।

उनकी पत्नी अपने पति की मदद करने उनके कमे से दौड़कर गईं, मगर उन्हें भी गोली मार दी गई। जब यह सब चल रहा था, एक आंग्ल भारतीय, जी बोरेटो, नौ ननों के सामने बगीचे में मार डाला गया। फिर ननें गोली चलाने वाले दस्ते के समक्ष कतार में खड़ी हो गईं। हमने अगले दिन से पहले श्रीमती डाइक्स को नहीं देखा। खबर आई कि एक अन्य मिशन के प्रमुख मेजर रोनाल्ड डेविस, एक वेल्शमैन, तथा उसकी दो अंग्रेजी महिला सहायकों को भी मौत के घाट उतार दिया गया था। कहा जाता है कि अन्य सहायक को भी पहाड़ों पर ले जाया गया था।''

बारामूला के अब्दुल रहमान, ने भी, अपने अवलोकनों को दर्ज कराया और कहा कि हमलावरों ने शुरुआत हिन्दुओं को लूटने से की, सिखों के घर जला दिए और उन्हें मार डाला। इस नरसंहार और लूट के परिणामस्वरूप, सिख और हिन्दू, अपने घरों को जलता छोड़कर बारामूला छोड़कर चले गए और उनकी अधिकतर महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए और उन्हें अपहृत कर लिया गया। हमलावरों ने शुरुआत में मुसलमानों को नहीं छुआ, शायद वे उनकी सहानुभूति जीतना चाहते थे। चंद दिनों पश्चात जब उन्होंने पाया कि उन्हें घाटी से खदेड़कर बाहर कर दिया जाएगा, तो वे सब पर हमले करने लगे। उन्होंने भरपूर लूट मचाई, व बलात्कार किए। जो भी उनके मार्ग में आया उसे मार डाला। हमलावर वापस जाते समय सोने, चांदी, कीमती कपड़े आदि सब अपने साथ ले गए।

बारामूला के वज़ीर-ए-वज़ारत के अनुसार, कबायली लश्कर चौधरी फैजुल्लाह 30-40 लोगों के समूहों के साथ प्रविष्ट हुआ। उनमें से 5,000 बारामूला में केंद्रित थे। वे अधिकतर कबीलाई थे जिनमें कुछ पंजाबी मुसलमान थे। वे सभी हथियारों से लैंस थे और पाकिस्तानी सेना एवं फ्रंटियर कांस्टैबलरी अधिकारियों के नेतृत्व में चल रहे थे। स्थानीय मुस्लिम कांफ्रेंस के लोगों ने हमलावरों के साथ मिलकर उनका मार्गदर्शन किया। जिस दिन से हमलावर कस्बे में दाखिल हुए, उन्होंने गैर मुसलमानों को मारना प्रारम्भ कर दिया और सभी मजबहों के लोगों के घरों को लूटा व जला डाला व महिलाओं के साथ बलात्कार किए। वे 10-12 लोगों के समूहों में घरों में घुसते, उन्हें लूटते और कीमती वस्तुएं, कपड़े व खाद्य सामग्री आदि साथ ले जाते। इस लूट के सामान को ले जाने के लिए लगभग 280 लारियों का इस्तेमाल किया गया था। 7 नवंबर को भारतीय सेना द्वारा उस पर पुनः कब्जा किए जाने के बाद पाकिस्तानी आक्रांता छोड़कर वापस चले गए। 11 नवंबर को दि टाइम्स आफ लंदन ने खबर छापी थी कि बारामूला के निवासी भारतीय सैनिकों को देखर प्रसन्न नजर आ रहे थे। प्रेस ने इस तथ्य की गवाही दी कि कान्वेंट और अस्पताल भारतीय हवरई हमलों में नष्ट नहीं हुए थे जैसा कि पाकिस्तानी वायरलेस पर बयानों में बताया गया था।

## आप की बात

### स्वागतयोग्य कदम

**पुलिस** स्मृति दिवस के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संख्या में इजाफा करने, उन्हें नई तकनीकों से लैस करने एवं पुलिस विभाग के लिए अन्य कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की मंशा जाहिर करी है। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। पुलिस व सुरक्षा बलों पर नागरिकों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उनकी ड्यूटी भी आम नौकरियों से सख्त, समय की पाबंद और जटिल होती है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्हें अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होता है। हमारी सुखद नींद के पीछे उनका त्याग छुपा होता है। अत: उनकी सेवा शर्तें भी आकर्षक होना चाहिए। प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए। पुलिस का आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। अपराधियों के द्वारा अपराध करने के नवीन तरीकों एवं साइबर क्राइम के बढ़ते ग्राफ से निपटने के लिए पुलिस को नवीन प्रणालियों से सुसज्जित करना आवश्यक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्य सरकारों को भी जनसंख्या के मान से पुलिस भर्ती हेतु निर्देश प्रसारित करना चाहिए। जनता के सहयोग, विश्वास और सतर्क व्यवहार से हमारी पुलिस बेहतर परिणाम दे सकती है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### खाकी वालों की कद्र नहीं

**खाकी** के सपूत बिन सोचे अपने बारे में दूसरों के लिए जीवन अपना कुर्बान कर देते हैं, यकीनन नहीं मिलता वह गौरव पुलिस को फिर भी वह सर्वोच्च बलिदान देते हैं। सुबह हो या शाम ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, आंदोलन, धरना, प्रदर्शन को संभालते हैं बेशक़ लोगों की जिंदगी में फरिश्तों से कम नहीं होते खाकी रंग के फ़रिश्ते वाले वह शख्स। पुलिस एक आम आदमी को सुरक्षा का भरोसा देती है जिससे अपराधियों के मन में खौफ पैदा होता है, लेकिन फिर भी हमारे देश में कानून की रक्षा करने वाले इन पुलिसकर्मियों को उनके हिस्से का आदर नहीं मिल पाता है। पूरे देश में हालही में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया था, व यह दिन वर्ष 1959 में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए भारतीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की याद में मनाया जाता है। 21 अक्टूबर से भारत और चीन के बीच वर्ष 1962 में युद्ध शुरू हुआ था लेकिन एलऐसी पर चीन की तरफ से हमले की शुरुआत उससे पहले ही हो गई थी। 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक 35 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया है। देशभर के पुलिस के जवानों ने कोविड-19 के इस संकटकाल में लोगों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### सुधार की आवश्यता

**गरीबी** और भूख मानवता के सबसे बड़े अभिशाप हैं। हाल ही में इस पर अलग-अलग वैश्विक सर्वेक्षण सामने आए हैं। जिसमें भारत की स्थिति अत्यंत बदतर होने की दिशा में ही आगे बढ़ती हुई दिख रही है। वैश्विक भूख सूचकांक में भारत को सूडान जैसे अत्यंत पिछड़े हुए देशों के साथ रैंकिंग साझा करनी पड़ी है। यह हमारे गरीबी उन्मूलन और पोषण कार्यक्रमों की असफलता को प्रमाणित करता है। लिहाजा सरकार को तत्काल इनसे संबंधित सभी कार्यक्रमों में सुधार सम्बन्धी प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली भ्रष्टाचार और अनियमितता की सबसे बड़ी योजनाओं में से है। अतः इसमें गुणात्मक सुधार करते हुए इसे पोषण से जोड़ा जाना चाहिए और पात्रता मानदंडों को पुनः परिभाषित करते हुए अपात्रों को बाहर करने और पात्रों को जोड़ने के लिए अभियान की जरूरत है। गैस सब्सिडी छोड़ने के अभियान की सफलता के बाद अब पीडीएस का लाभ ले रहे सक्षम लोगों से इसका लाभ न लेने का अभियान भी चलाया जा सकता है।

– **वीरेंद्र बहादुर पांडे**, गोंडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**मैं** आचार संहिता पर जल्द नतीजा निकलने की अपनी उम्मीद दोहराता हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक शांतिपूर्ण विवाद समाधान के लिए आह्वान करता हूं।

– **ऐंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**जब** तक सरकार परिवारों के हाथों में धन और गरीबों की थाली में भोजन नहीं पहुंचाएगी तब तक अर्थव्यवस्था का पुनरुत्थान नहीं होगा।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



**असाधारण** कोरोना संकट के दौरान किसानों के कठिन परिश्रम की बदौलत हम अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को कम करने में सफल हुए हैं।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश"

# नियुक्तियों में गड़बड़ी करने वालों की जगह जेल: योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में नौकरी का एकमात्र मानक मेरिट है। पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ योग्य उम्मीदवार को ही नौकरी मिलेगी। इसमें गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। बावजूद इसके नियुक्तियों में भ्रष्टाचार हुआ तो दोषियों को जेल में ही ठिकाना मिलेगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां अपने सरकारी आवास पर 3317 सहायक शिक्षकों को पद स्थापन एवं नियुक्तिपत्र वितरण समारोह के वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। साथ ही कहा कि याद कीजिये साढ़े तीन साल पहले उप्र लोक सेवा आयोग की शोहरत किस वजह से थी। अब उसके उलट यह नियुक्तियों में पारदर्शिता के लिए जाना जाता है। अब यहां नियुक्ति का एक मात्र मानक मेरिट है। आप लोगों का चयन खुद में इसका प्रमाण है। उप्र लोक सेवा आयोग से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित इन शिक्षकों में से

### ● वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 3317 सहायक शिक्षकों को दिये नियुक्ति पत्र

बाराबंकी की ज्योति शर्मा, लखनऊ की कीर्ति वर्मा, बाराबंकी के अखलाख, प्रयागराज के संदीप कुमार सिंह और अयोध्या की सुमित्रा देवी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से नियुक्तिपत्र भी सौंपा।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि मौजूदा युग तकनीक का है। खुद भी तकनीकी रूप से अपडेट रहें और बच्चों को भी करें। तकनीक ही पारदर्शिता की कुंजी है। अगर तकनीक नहीं होती तो हम कोरोना के इस अभूतपूर्व संकट में जरूरतमंदों को पेंशन, भरण-पोषण भत्ता और किसान सम्मान निधि के रूप में एक क्लिक पर लाभ नहीं पहुचा पाते। तकनीक की वजह से ही हम कोरोना के इस दौर में ऑनलाइन प्रक्रिया से पठन-पाठन की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रख सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारी पूंजी हैं। जो जिस लायक है उसकी मेरिट का सम्मान करते हुए वह जगह मिल रही



है। मेरिट के आधार पर ही हमने अब तक करीब 3.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। इतनी ही नौकरी देने जा रहे हैं। शुरुआत हो चुकी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुछ नवनियुक्त शिक्षकों से बात भी की। उन्होंने कहा कि शिक्षक मार्गदर्शक होता है। इस रूप में उसका फर्ज भी बड़ा होता है। अगर एक शिक्षक पूरी लगन और ऊर्जा से बच्चों को पढ़ाए तो उसमें समाज बदलने की क्षमता होती है। अपने काम से वह न केवल बच्चों में बल्कि समाज में भी सम्माननीय होता है। आने वाली पीढियों के लिए वह नजीर बना जाता है, पर इस सबके लिए उसे खुद को साबित करना अपने कार्य एवं व्यवहार से साबित करना होता है। यकीनन आपमें यह क्षमता है। आपका चयन आपकी मेरिट के आधार पर हुआ है। खुद को अपने विषय के बारे में अपडेट रखें। नियमित स्कूल जाएं। मेहनत से बच्चों को पढ़ाएं। खुद को अपडेट रखें। जिन शिक्षकों से बात हुई उनमें मेरठ के जगमोहन सिंह, प्रयागराज की स्मिता जायसवाल, गोरखपुर की निकहत परवीन और हेमप्रभा एवं मनीष कुमार मिश्रा और झांसी की ज्योति रहीं।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान माध्यमिक शिक्षा की उपलब्धियों के बारे में बताया और कहा कि समय से सत्र, नकल विहीन परीक्षा और तय समय में नतीजे हमारी उपलब्धियां रहीं। साथ ही पठन-पाठन के क्षेत्र में भी विभाग ने गुणात्मक सुधार किया। कार्यक्रम के शुरू में विभाग की अपर मुख्य सचिव ने सबका स्वागत किया। विभाग की राज्य मंत्री गुलाब देवी ने आभार जताया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जनपदों में स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र वितरण का ऐसा ही प्रतीकात्मक कार्यक्रम भी हुआ।

## मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगत की समस्त व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं। इनके अनंत रूप हैं। आदिशक्ति प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर सम्पूर्ण पृथ्वीलोक पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। नवरात्र में माँ के इन नौ रूप का पूजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में माँ दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परम्परा के सम्मान का प्रतीक है। इसी क्रम में नवरात्रि में महाअष्टमी एवं महानवमी पर भक्तगण कन्या पूजन करते हैं। नवरात्र का पर्व केवल व्रत और उपवास का नहीं, बल्कि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। मुख्यमंत्री ने महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड-19 के प्रोटोकाल तथा सोशल डिस्टेसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है

## विजयादशमी उत्सव पर सजाए जाएंगे अयोध्या से लेकर राजधानी के 125 चौराहे

**लखनऊ।** कोविड-19 के चलते इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति ने विजयादशमी उत्सव 2020 पर अयोध्या से लेकर लखनऊ महानगर के 125 से अधिक स्थलों या चौराहों को सुसज्जित करने का बीड़ा उठाया है। इस मौके पर उत्सव समिति के पदाधिकारी प्रातः 10 बजे से उत्सव स्थल से प्रारंभ करके 5 वाहनों के द्वारा समिति के सदस्य सम्पूर्ण लखनऊ महानगर की परिक्रमा करेंगे। साथ ही विभिन्न स्थलों पर विजयादशमी पर्व की शुभकामनायें सभी रामभक्तों के साथ साझा करेंगे। जय श्रीराम विजयादशमी उत्सव 2020 का प्रचार भारत के 30 मुख्य एअरपोर्ट पर भी प्रसारित हो रहा है। समिति के सदस्यों के अनुसार शाम को आतिशबाजी का भी आयोजन किया जा रहा है। समिति ने कोविड नियमावली को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्यों को उचित पारस्परिक दूरी एवं मास्क के प्रयोग को प्राथमिकता दी है। सभी राम भक्तों से समिति सदस्यों ने आग्रह किया है कि किसी भी स्थान पर एकत्र होने से बचें। बता दें कि वर्ष 2019 में राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति ने लखनऊ महानगर में 42 किलोमीटर की जयश्रीराम विजयादशमी शोभायात्रा का आयोजन किया था। विजयादशमी के अवसर पर भव्य एवं विशाल शोभायात्रा प्रतीक स्थल से प्रारंभ होकर गोमती नगर, इंदिरा नगर, राम राम बैंक, कपूरथला, डालीगंज, चौक, हज़रतगंज, लोहिया पथ, समता मूलक होते हुए प्रतीक स्थल पर पूर्ण हुई थी।

## योगी सरकार ने माफिया तत्वों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** संगठित माफियाओं पर योगी सरकार ने नकेल डाल रखी है । कई माफिया सलाखों के पीछे हैं और उनकी अवैध संपत्तियां ध्वस्त कर दी गईं हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि माफियाराज को जड़ से खत्म करने के संकल्प के तहत मुख्तार अंसारी, सुंदर भाटी और अब अतीक अहमद के खिलाफ हुई कड़ी कार्रवाई ने इन तमाम असामाजिक लोगों को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधी या तो जेल में रहें या प्रदेश छोड़ दें अन्यथा ऊपर जाने को तैयार रहें।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान में साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद ने अपने वकील के माध्यम से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रयागराज की अदालत में हाजिरी लगाने की अर्ज़ी दी है। जिसमें अतीक ने किडनी की समस्याओं, उच्च रक्तचाप और शुगर सहित विभिन्न बीमारियों का हवाला दिया है। साथ ही अतीक ने अहमदाबाद और प्रयागराज के बीच की दूरी का जिक्र किया है । जाहिर है, यह योगी की पुलिस कार्रवाई के मद्देनजर उनका डर है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने प्रयागराज के जिला प्रशासन ने अतीक अहमद के सहयोगियों की अवैध संपत्तियों को ज़मींदोज़ कर दिया था। जिसमें अतीक के गुर्गे भुट्टो के दो मंजिला लॉज और अरशद और कम्मू के घर शामिल थे, ये सभी अवैध रूप से सरकारी भूमि पर बनाए गए थे। अतीक अहमद का 30 करोड़ रुपये से अधिक का एक अवैध घर था, जिसे अधिकारियों ने सितंबर में प्रयागराज में ध्वस्त कर दिया था। साथ ही 39.80 करोड़ रुपये की संपत्ति भी ज़ब्त कर दी गई थी।

अहमद के अलावा, प्रदेश सरकार माफिया मुख्तार अंसारी और उनके सहयोगियों पर भी शिकंजा कसने में कामयाब हुई है। पिछले साल अगस्त में मुख्तार का एक साथी, 2005 के भाजपा विधायक कृष्णानन्द राय की हत्या के आरोपी राकेश पांडेय लखनऊ में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए थे। अगस्त में मऊ जिले में अंसारी के सहयोगियों से संबंधित एक अवैध कत्लखाने पर कार्रवाई कर अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी और उसके दो भाइयों शर्ज़ील अंसारी और अनवर शहजाद पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया था। वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, जौनपुर, आजमगढ़ और लखनऊ सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में अंसारी और उनके गुर्गों की 45 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई हैं। इसके अलावा, गिरोह की 45 करोड़ रुपए से अधिक की वार्षिक आय बंद की गई है। हाल के दिनों में अंसारी गिरोह के 96 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अंसारी गिरोह के अलावा, 17 अन्य माफियाओं की पहचान कर आगे की कार्रवाई के लिए चिह्नित किया गया है और इनमें तीन शराब माफिया, तीन गौ तस्कर और अन्य आपराधिक माफिया शामिल हैं।

## विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने झोंकी ताकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में 7 सीटों पर चल रहे उपचुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, प्रमोद तिवारी, दीपक सिंह, आराधना मिश्रा मोना, नसीमउद्दीन सिद्दीकी, बाल कृष्ण चौहान, सोहिल अख्तर अंसारी, नरेश सैनी, आरके चौधरी, बृजलाल खबरी, राकेश सचान, राजा राम पाल, हरेन्द्र मालिक, बाल कृष्ण पटेल, हरेन्द्र अग्रवाल, प्रमोद पाण्डेय आदि सारे बड़े नेता अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में लगातार दौरे पर है ।

इस क्रम में शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने नौगावां सादात से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ कमलेश सिंह के पक्ष में दो जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में महंगाई सबसे चरम पर है। कोरोना काल के चलते जब लाखों लोगों ने अपनी नौकरी गँवा दी, उद्योग धंधे चौपट हो गए, लोगों की आमदनी घट गयी । ऐसे में 40 से 45 रुपये किलो आलू और 90 से 100 रुपये किलो में प्याज खरीदने में जनता मजबूर हो रही है जिसके चलते आम आदमी का जीवन यापन मुश्किल हो चला है। इसी प्रकार किसान सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। लल्लू ने कहा कि भाजपा ने बिहार की जनता को वोट के लिए मुफ्त कोरोना वैक्सीन देने का वादा किया है। हमारे उत्तर प्रदेश ने सबसे ज्यादा लोकसभा और विधानसभा की सीट दी हैं। तो हमारे प्रदेश की जनता के साथ अन्याय क्यों, उत्तर प्रदेश की जनता को भी मुफ्त में वैक्सीन मिलनी चाहिए।

## दुर्गा प्रतिमा की स्थापना पर प्रतिबंध क्यों: प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मुझे इस बात का दुख एवं पीड़ा है कि दुर्गा प्रतिमाओं का विसजर्न पहले जिस भव्यता और पवित्रता के साथ कई सालों से होता था वह भारतीय जनतापार्टी के राज में बन्द हुआ है। कांग्रेस नेता ने सवाल किया है कि आज जब भारतीय जनता पार्टी सरकार ने मदिरालाय एवं पिक्चर हॉल आदि खोल दिए हैं तो आखिर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना पर इस बार प्रतिबन्ध क्यों लगाया गया। जनता के सामने भारतीय जनतापार्टी का दोहरा चरित्र सामने आ गया है चूंकि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले हैं तो वहां प्रधानमंत्री दुर्गा पण्डालों में जाकर सम्बोधित कर रहे हैं और उसी भारत देश के राज्य उत्तर प्रदेश में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अनुमति नहीं दी गयी। उन्होंने कहा कि यह दोहरा चरित्र, दोहरा आचरण और दोहरा व्यवहार क्यों। क्या इसलिए कि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले हैं और उत्तर प्रदेश में एक साल बाद चुनाव होना है। तिवारी ने भारतीय जनतापार्टी की इस घोषणा पर सवाल खड़ा किया है कि कोरोना वैक्सीन बनने पर बिहारियों को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन दी जाएगी। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि यदि बिहारियों को कोरोना से बचाने के लिए मुक्त वैक्सीन दी जा रही है तो फिर उत्तर प्रदेश के निवासियों को क्यों नहीं।

## भाजपा राज में अपराधी तत्वों के हौसले बढ़े: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा प्रदेश की सुख शांति को जंगलराज की आग में जलाना चाहती है। बेटियों के लिए तो भाजपा की सरकार काल बन गयी है। सड़क पर चलना तो दूर अपने घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर भी वे सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री मिशन शक्ति का नया राग अलापने लगे हैं। पिंक बूथ बना रहे हैं। इन टोटकों से महिलाओं को कोई राहत नहीं मिलने वाली है। इससे पहले उनका रोमियो स्क्वाड फ्लाप साबित हो चुका है। सत्ता से विदाई की बेला में इन हथकण्डों का परिणाम शून्य ही होगा। जब सत्ता का संरक्षण रहेगा तो इस तरह के कागजी ड्रामे से क्या हासिल होगा।



अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का दावा है कि उनके रहते अपराधी या तो जेल भेज दिए गए हैं या फिर राम नाम सत्य की राह पर चले जाएंगे। उनके ठोको संदेश के बाद यह उनका दूसरा अमानवीय, अलोकतांत्रिक और विधि के विपरीत निर्देश है। उनके रामराज का ऐसा चमत्कार है कि दो आईपीएस फरार हैं, लम्बे समय से ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में अपराधी तत्वों के हौंसले कितने बढ़े हुए हैं इससे जाहिर है कि शामली में चुनौती देकर 10 दिन में दूसरा बिजलीघर लूट लिया गया। बरेली में सत्ताधीशों द्वारा थाने में घुसकर तोड़फोड़ और अराजकता की गई। खुद मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में घर में घुसकर सोफा कारीगर की हत्या कर दी गई।

अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता में सरकार के कामकाज के प्रति कितना उबाल है इससे स्पष्ट है कि जनपदों में न्याय न मिलने, दबंगों की दबंगई पर रोक न लगने की वजह से लोग लखनऊ में विधान भवन के सामने आत्मदाह करने को मजबूर हो रहे हैं। असफल सरकार की असफल नीतियों के चलते कानून व्यवस्था पर शासन-प्रशासन का नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि मुख्यमंत्री जी के पास प्रदेश को विकास और सुरक्षा के रास्ते पर ले जाने का कोई रोडमैप ही नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा राज से ऊब चुकी है। अब उसे सिर्फ 2022 के आम चुनावों का इंतजार है।

## मिशन शक्तिः बीते 24 घंटे में एक दर्जन को दिलाई आजीवन कारावास की सजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन शक्ति** अभियान के तहत अभियोजन निदेशालय द्वारा पिछले 24 घंटे में 12 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाई गई। अभियान के तहत अब तक 80 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई जा चुकी है।

अभियोजन निदेशालय के अनुसार बलात्कार, हत्या, दहेज हत्या व पॉक्सो एक्ट के मामलों में यह सजा हुई है। इसमें बरेली के फतेहगंज थाना क्षेत्र की एक घटना के अभियुक्त सोनू, गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त कमलेश, महराजगंज के कोल्हुई थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त उमेश, संत कबीरनगर के खलीलाबाद थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त सुभाष, अयोध्या की कोतवाली अयोध्या क्षेत्र की घटना के अभियुक्त सदान अंसारी, आजमगढ़ के फूलपुर थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त आदिल, आगरा के जगदीशपुरा थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त रहीशो और गोरखपुर के चौरीचौरा थाना क्षेत्र की घटना के पांच अभियुक्तों दुर्गेश, विवेक, कृष्णा, कवीन्द्र व आशुतोष को आजीवन कारावास की सजा से दंडित कराया गया। प्रदेश स्तर पर जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में महिला विरोधी अपराधों में आठ अभियुक्तों को 10 वर्ष व उससे अधिक के कठोर कारावास की सजा दिलाई गई है। इसमें मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, लखनऊ, बागपत, फिरोजाबाद, आगरा व आजमगढ़ के मामले शामिल हैं। इसी तरह महिला विरोधी अपराधों में ही 24 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा सुनाई गई है। महिलाओं की मान मर्यादा को धूमिल करने वाले मनचलों को भी दंडित कराया गया है। एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत अब तक 80 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 96 अभियुक्तों को 10 वर्ष से अधिक के कठोर कारावास व 29 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम कठोर कारावास की सजा दिलाई गई है। इसके साथ ही 600 अभियुक्तों की जमानत खारिज कराई गई है और 228 गुंडों को जिला बदर कराया गया है।

## मायावती का राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करना लोकतंत्र की जीत: सिराज मेंहदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** नेता व पूर्व एमएलसी सिराज मेंहदी ने मायावती द्वारा राज्यसभा के चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करने को लोकतंत्र की जीत बताया है और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान इसी की तरफ इशारा करता है कि भारत में प्रत्येक पद के लिए चुनाव होना चाहिए। इस राज्यसभा चुनाव में कोई भी अपना उम्मीदवार उतारे। इसकी पहल करके बीएसपी ने अपना उम्मीदवार उतार कर भाजपा को एक तरफा जीत से रोकने का कार्य किया है। मेंहदी ने उप्र के सभी विपक्षी दलों से अनुरोध किया है कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आपसी रंजिश को छोड़कर मजबूत विपक्ष बनाने की पहल का यह एक अच्छा अवसर है । जब तक अच्छा और ताकतवर विपक्ष नहीं होता तो सरकारें सही कार्य नही करतीं। उन्होंने कहा कि राम मनोहर लोहिया सदैव कहते थे कि अच्छी सरकार चलाने के लिए मजबूत विपक्ष होना चाहिए। विपक्ष मजबूत नहीं होगा तो सरकारें राज तंत्र की तरह कार्य करेंगी । देश व प्रदेश दोनों का विकास भी तभी सम्भव है जब विपक्ष एकजुट होगा। इसकी पहल मायावती ने की है, सभी को इससे जुड़ना चाहिए।

## आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर न होना महिलाओं के शोषण का अहम कारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हर राज्य सरकार और केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता होनी चाहिए कि वे महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए और उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शोषण अधिकांशतः इसलिए होता है कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं है। राज्यपाल का यह वीडियो संदेश शुक्रवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा विषय पर आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान प्रसारित किया गया।

राज्यपाल ने अपने वीडियो संदेश में लड़के और लड़कियों दोनों को समान रूप से नैतिक शिक्षा देने की बात कही। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमान ने बालिकाओं की निशुल्क प्राथमिक शिक्षा की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की पूर्व डीन और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनीता दास ने कहा कि आज के समाज में विद्यमान



अनेक बुराइयों को समाप्त करने में एक शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डाक्टर पियाली भट्टाचार्य ने कार्यरत महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया। पीजीआई में विशाखा प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉक्टर सरिता अग्रवाल ने अस्पताल में कार्यरत महिलाओं के लिए बनाए गए अनेक नियमों और प्रक्रियाओं की विवेचना की। संस्थान में नर्सिंग स्टाफ के कार्यस्थल की सुरक्षा और उनके अधिकारों के विषय में नर्सिंग स्टाफ मिनी मॉल ने अपने विचार व्यक्त किए। एडीजी रेणुका मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है और इन सभी कार्यक्रम का मूल उद्देश्य यही है कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो और भावनात्मक रूप से सुदृढ़ हो।

## काठ की हाण्डी दुबारा नहीं चढ़ने वाली: रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चुनावी सभाओं में दिये गये बयान गुंडे जेल गए या फिर राम नाम सत्य है की यात्रा पर को हास्यास्पद बताते हुये कहा कि प्रदेश की जनता के सामने इनका दोहरा चरित्र उजागर हो चुका है। अब इनकी काठ की हाण्डी दुबारा नहीं चढ़ने वाली है। त्रिवेदी ने कहा कि हाथरस, लखीमपुर, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, आजमगढ़, हरदोई आदि जनपदों की बालिकाओं और मासूम बच्चियों के साथ हुयी दुर्दान्त एवं जघन्य घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि प्रदेश में गुण्डाराज कायम है। सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है क्योंकि प्रत्येक घटना में सरकार के द्वारा आरोपियों को ही संरक्षण दिया गया है और पीड़िता अथवा भुक्तभोगी परिवार को दबंगों के साथ साथ सरकार की ओर से भी मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी है। उन्होंने आगे कहा कि गुण्डे राम नाम सत्य है की यात्रा पर नहीं बल्कि सड़कों और गांवों में खुलेआम ताण्डव कर रहे हैं जिनकी छानबीन करने पर पता चलता है कि वह सभी भाजपा से सम्बन्धित हैं।

## गौशालाओं से पैदा होंगे रोजगार के नए अवसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गाय का** गोबर सिर्फ उपल, खाद या बॉयोगैस बनाने के ही काम नहीं आता बल्कि ये कमाई का जरिया भी बन सकता है। इसी गोबर से रोज़मर्रा के लिए उपयोगी कई कमाल की चीजें भी बन सकती हैं। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं रोज़गार सृजन की कड़ी में सरकार तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री गौ संरक्षण अभियान के चलते अब तक प्रदेश के 11.84 लाख निराश्रित गोवंशों में से अब तक 5 लाख 21 हज़ार गोवंशों को संरक्षित किया गया है।

सरकार द्वारा 4500 अस्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल संचालित हैं। ग्रामीण इलाकों में 187 बृहद गौ-संरक्षण केंद्र बनाए गए हैं। शहरी इलाकों में कान्हा गोशाला तथा कान्हा उपवन के नाम से 400 गौ-संरक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं । इसी योजना के तहत यूपी के प्रयागराज जिले स्थित कौड़िहार ब्लॉक के श्रींगवेरपुर के बायोवेद कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान शोध

### ● मुख्यमंत्री गौ संरक्षण अभियान के तहत अब तक 5 लाख 21 हज़ार गोवंशों को संरक्षित किया गया

संस्थान में गोबर से बने उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों के के कई लोग इसका प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। संस्थान में गोबर की लकड़ी भी बनाई जाती हैए जिसे गोकाष्ठ कहते हैं। इसमें लैकमड मिलाया गया है, इससे ये ज्यादा समय तक जलती है।

आगरा की जिला जेल में बंद कैदी अन्य जनपदों के कैदियों के लिए उदाहरण बने हुए हैं। ये कैदी जेल के अंदर ही गाय के गोबर से बनी लकड़ी यानि गोकाष्ठ बनाते है जिसे दाह संस्कार में उपयोग किया जाता है। फ़िरोज़ाबाद के स्वर्ग आश्रम में भी इसी गोकाष्ठ का प्रयोग हो रहा है। लोगों की मानें तो इस



काष्ठ के प्रयोग से जहां दाह संस्कार में खर्च कम होता है वहीं पेड़ों को कटना भी नहीं पड़ता। इस गोकाष्ठ को लकड़ी के बुरादे,बेकार हो चुका भूसा और गाय के गोबर से तैयार किया जाता है।

उन्नाव के कल्याणी मोहल्ला निवासी किसान व पर्यावरण प्रेमी रमाकांत दुबे ने भी इस ओर पहल की है । रमाकांत दूबे का 75 हजार से एक लाख रुपये लागत वाला प्लांट रोज दो क्विंटल गो काष्ठ तैयार करता है। राजस्थान यात्रा के दौरान रमाकांत ने गो काष्ठ मशीन देखी और लोगों को गो काष्ठ इस्तेमाल करते देखा तो उन्हें अपने जनपद में प्लांट लगाने की प्रेरणा मिली। चार मशीनें लगाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत आवेदन किया और गोकाष्ठ का प्लान प्रशासन के सामने रखा, प्रशासन को उनका प्लान अच्छा लगा जिसे त्वरित मंजूरी भी मिल गई। अंत्येष्टि में लगभग 7 से 11 मन यानि पौने तीन से साढ़े चार क्विंटल लकड़ी लगती है। लकड़ी की कीमत तीन से साढ़े चार हजार रुपये होती है, वहीं गोकाष्ठ की कीमत अधिकतम चार रुपये किलो तक होगी। जो एक किलो लकड़ी की कीमत से करीब 60 फीसदी सस्ता है। गोकाष्ठ के बाद अब गोबर से बना गमला भी काफी लोकप्रिय हो रहा है। गोबर से गमला बनाने के बाद उसके ऊपर लाख की कोटिंग की जाती है। इस गमले में मिट्टी भरकर पौधा लगाइए और जब भी पौधे को जमीन में लगाना हो तो इस गमले को ही ज़मीन में गाड़ दीजिए। इससे पौधा नष्ट नहीं होगा और पौधे को गमले के रूप में गोबर की खाद भी मिल जाएगी। बायोवेद शोध संस्थान कई तरह के मूल्यवर्धित वस्तुओं के निर्माण का प्रशिक्षण देकर कई परिवारों को रोजगार के साथ अतिरिक्त आय का साधन उपलब्ध करा रहा है।

## छूटे बच्चों के लिए चलेगा प्रदेशव्यापी विशेष टीकाकरण अभियान

**लखनऊ।** प्रदेश के सभी ग्रामीण ब्लाकध्शहरी क्षेत्रों में लेफ्ट आउट एवं ड्राप आउट बच्चों का टीकारण सुनिश्चित कराने के लिए नवम्बर से लेकर जनवरी 2021 तक एक विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टीकाकरण बूथ का उद्घाटन कर करेंगे। मिशन निदेशक अपर्णा यू ने बताया कि अभियान में प्रदेश के सभी जनपदों में टीकों से छूटे हुए बच्चों को सभी खुराकों से आच्छादित कर पूर्ण प्रतिरक्षित किया जायेगा। अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक ब्लाक एवं शहरी क्षेत्रों में आशा कार्यकत्री तथा आंगनवाड़ी-मोबिलाइजर द्वारा पहली अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक घर-घर भ्रमण के दौरान छूटे हुए बच्चों की सूची तैयार की गई है। सूची के आधार पर माह नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी 2021 के दौरान बुधवार एवं शनिवार को वीएचएनडी सत्रों पर आयोजित होने वाले टीकाकरण स्त्रों के साथ ही प्रत्येक सप्ताह के एक अतिरिक्त दिवस सोमवार को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किया जायेगा। मिशन निदेशक ने बताया कि सोमवार को अवकाश की दशा में अगले दिन सत्र आयोजित किया जाएगा।

# कांग्रेस डूबता जहाज

## किसानों का अपने फायदे के लिए कर रही है इस्तेमालः स्मृति

**भाषा।** मोरबी (गुजरात)

**केन्द्रीय मंत्री** स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को विपक्षी दल कांग्रेस को एक डूबता हुआ जहाज करार देते हुए उन पर किसानों और उनके मुद्दों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष रूप से वार करते हुए उन्होंने कहा कि कोई नहीं बता सकता कि वह कब छुट्टियों पर चलें जाए।

ईरानी मोरबी से भाजपा के उम्मीदवार बृजेश मेरजा के लिए प्रचार करने यहां पहुंची हैं। मोरबी गुजरात के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से एक हैं, जहां तीन नवम्बर को उप चुनाव होना है। ईरानी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस को यह फैसला करने की जरूरत है कि उनका नेता कौन है। वह एक शख्स है या एक परिवार? राजनीति में, अगर आप एक परिवार के मोह में अंधे हैं तो गरीबों और मध्यमवर्ग के नागरिकों का दुख नहीं समझ सकते। क्योंकि कांग्रेस एक डूबता जहाज है, इसलिए मुझे आश्चर्य है कि वह मोरबी के लोगों की मदद कैसे कर पाएगी? उन्होंने कहा कि आज जब कोरोना वायरस फैला है, कांग्रेस का एक नेता लोगों के बीच नहीं है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा कार्यकर्ता हर पल लोगों के साथ रह रहे हैं।कपड़ा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री ने गांधी का नाम लिए बिना कहा, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संसद में भी मौजूद नहीं थे, वह छुट्टियों पर गए थे। वह तब वहां नहीं थे जब लोगों को उनकी जरूरत थी। उन्होंने कहा, कोई नहीं बता सकता,जिन्हें पार्टी की कमान सौंपने की योजना बनाई जा रही है, वह कब छुट्टियों पर चले जाएं। उन्हें पता है उनकी पार्टी डूब रही है, तब भी वह छुट्टियों पर चले जाते हैं। ऐसी पार्टी पर अपना वोट बर्बाद ना करें। भाजपा का समर्थन करें , जिसने हमेशा आपकी सेवा की है। किसानों के मुद्दे पर ईरानी ने दावा किया कि जब इस मुद्दे पर चर्चा की गई तब राहुल गांधी संसद में मौजूद तक नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया, वे स्वार्थी लोग हैं। वे हमेशा किसानों की बात करते हैं, लेकिन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और अमेठी के पूर्व सांसद जब इस मुद्दे पर चर्चा हुई तब संसद में मौजूद तक नहीं थे। कांग्रेस ने हमेशा किसानों का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस विधायकों के इस साल की शुरुआत में राज्यसभा चुनाव से पहले इस्तीफा देने की वजह से गुजरात में उप चुनाव कराए जा रहे हैं।

## तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाना पड़ा भारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर ( महाराष्ट्र )।** नागपुर पुलिस ने जन्मदिन मनाने के लिए कथित रूप से तलवार से केक काटने के मामले में 19 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि युवक की तलवार से केक काटते समय की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं, नागपुर पुलिस की अपराध शाखा ने उसे गिरफ्तार किया। पारडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा, आरोपी निखिल पटेल ने 21 अक्टूबर को अपना जन्मदिन मनाया था। वह और उसके मित्र उस दिन तड़के, चार बड़े केक लेकर आए। पटेल ने तलवार निकाली और अपने मित्रों की मौजूदगी में चारों केक काटे। तलवार से केक काटने का वीडियो और तस्वीरें व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर वायरल हो गईं। इसके बाद अपराध शाखा ने पटेल के घर छापा मारा और तलवार बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।



गुवाहाटी में दुर्गा पूजा पण्डाल में महासप्तमी के दिन प्रर्थना करतीं बच्चियां।

## हमने सुशांत मामले में कोई जानकारी लीक नहीं कीः सीबीआई ने हाईकोर्ट को बताया

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को बम्बई उच्च न्यायालय को बताया कि उसने मामले से जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक नहीं की थी। मामले में मीडिया ट्रायल के बारे में जनहित याचिकाओं (पीआईएल) की सुनवाई करते हुए अदालत ने टिप्पणी की कि मीडिया का ध्रुवीकरण हो गया है और यह उसे नियंत्रित करने का नहीं बल्कि उसके काम में संतुलन कायम करने का सवाल है। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने कहा कि जून में अभिनेता की आत्महत्या से संबंधित मामलों की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने भी कोई सूचना लीक नहीं की थी।उन्होंने कहा कि सभी तीनों केन्द्रीय एजेंसियों ने अदालत में हलफनामे दायर किए थे जिनमें कहा गया था कि उन्होंने जांच-संबंधी किसी भी जानकारी को लीक नहीं किया है।

## कमलनाथ का कटाक्ष, अभिनय में शाहरुख और सलमान को भी मात दे सकते हैं शिवराज

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें मुम्बई जाकर बॉलीवुड में किस्मत आजमानी चाहिए क्योंकि ''अभिनयै के मामले में वह शाहरुख खान और सलमान खान जैसे फिल्म सितारों को भी मात दे सकते हैं। कमलनाथ ने इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर पाल कांकरिया गांव में एक चुनावी सभा में कहा, चौहान इतने अच्छे अभिनेता हैं कि शाहरुख खान और सलमान खान को भी नीचा दिखा दें। उन्हें मुम्बई जाकर कम से कम फिल्मों में तो मध्यप्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए।

कांग्रेस के 22 विधायकों की बगावत और दल बदल के कारण सत्ता गंवाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''चौहान कभी चुनावी मंचों पर लेट जाते हैं, तो कभी घुटने टेककर जनता को अपना भगवान बताने लगते हैं, लेकिन उनका भगवान तो माफिया है। उन्हें जनता को मूर्ख नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के राज के दौरान मध्यप्रदेश की पहचान माफिया व खाने-पीने की चीजों में मिलावट वाले राज्य की बन गई और उद्योग-धंधे चौपट हो गए।

कमलनाथ ने कहा, जब मैंने राज्य का मुख्यमंत्री रहने के दौरान शुद्ध के लिए युद्ध (मिलावट के खिलाफ अभियान) और माफिया के खिलाफ कार्वाई शुरू कराई, तो चौहान के पेट में दर्द शुरू हो गया था। मप्र के मौजूदा मुख्यमंत्री पर लगातार झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके आगे तो झूठ भी शर्मा जाएगा। कमलनाथ ने कहा, चौहान झूठ बोलते हैं कि मेरी (पूर्ववर्ती) सरकार में किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ था। खुद उनकी सरकार ने कुछ दिन पहले ही विधानसभा में बताया है कि मेरी सरकार में लगभग 27 लाख किसानों का कर्ज माफ हुआ था। इससे चौहान का झूठ पकड़ा गया है। उन्होंने नए कृषि कानूनों पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि इन प्रावधानों के जरिए कृषि उपज मंडियों का निजीकरण किया जा रहा है।

कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर तीन नवम्बर को होने वाले उप चुनावों के बाद सूबे की सत्ता में कांग्रेस की वापसी हुई, तो कानून बनाकर प्रावधान किया जाएगा कि सरकार के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर किसानों की फसल खरीदना अपराध होगा। 73 वर्षीय कांग्रेस नेता ने चौहान द्वारा उन्हें उद्योगपति बताए जाने पर चुनौती दी कि वह देश के किसी भी हिस्से में उनके केवल एक उद्योग का नाम बता कर दिखाएं। कमलनाथ ने कहा, चौहान यह भी बोलते हैं कि मैंने मध्यप्रदेश के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन जब मैं केंद्र सरकार में शहरी विकास और परिवहन जैसे विभागों का मंत्री था, तब खुद उन्होंने इस बात के लिए मुझे धन्यवाद दिया था कि मैंने देश के अन्य राज्यों के मुकाबले मध्यप्रदेश को सबसे ज्यादा बजट आवंटित किया है।

## महाराष्ट्र के सीएम ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की मदद की घोषणा की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को किसानों समेत राज्य के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की राहत राशि की घोषणा की। ठाकरे ने इस मुद्दे पर यहां सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी सरकार के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि दिवाली तक यह सहायता मुहैया करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार को केन्द्र से अब भी कुल 38 हजार करोड़ रुपए मिलने बाकी हैं। उन्होंने कहा, मुझे पैकेज शब्द पसंद नहीं है, हम 10 हजार करोड़ रुपए की सहायता मुहैया कराएंगे...इसका इस्तेमाल विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यहां मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में हुई इस बैठक में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी हिस्सा लिया। महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह आई बारिश और बाढ़ के चलते पुणे, औरंगाबाद और कोंकण डिवीजन में कई लोगों की मौत हो गई।

## खडसे भाजपा के असल कार्यकर्ता नहीं थेः दानवे

**मुंबई।** केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता रावसाहेब दानवे ने अपनी पार्टी के पूर्व सहयोगी एकनाथ खडसे पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए कहा कि वह भाजपा के असल कार्यकर्ता नहीं थे। दानवे ने दो दिन पहले खडसे की राज्य में भाजपा को खड़ा करने में उनके योगदान और पार्टी में उनके लंबे कैरियर के लिए प्रशंसा की थी। फडणवीस के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री रहे खडसे को 2016 में जमीन हड़पने के आरोपों को लेकर राजस्व मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था और वह उसके बाद पार्टी में लगभग हाशिए पर चले गए थे। खडसे ने बुधवार को भगवा पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वह अब राकांपा में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र राकांपा प्रमुख और राज्य में मंत्री जयंत पाटिल ने कहा था कि खडसे शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल होंगे। दानवे ने पत्रकारों से कहा, खडसे 1970 के दशक के अंत में कांग्रेस (एस) का हिस्सा थे। उस समय कांग्रेस नेता रहे शरद पवार ने जलगांव से नागपुर तक एक रैली आयोजित की थी जिसमें खडसे ने उस पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में भाग लिया था। उन्होंने कहा, खडसे कभी भी एक असल भाजपा कार्यकर्ता नहीं थे... मैं भाजपा का एक असल कार्यकर्ता हूं और उनसे वरिष्ठ भी हूं। खडसे के उन आरोपों को भी खारिज किया कि भाजपा की राज्य इकाई एक व्यक्ति का संगठन बन गई है।

## चिदंबरम ने 19 लाख रोजगार के वादे को लेकर भाजपा पर कटाक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बिहार विधानसभा चुनाव में 19 लाख रोजगार देने के भाजपा के वादे को लेकर उस पर शुक्रवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें नही पता था कि 10 से छोटी संख्या 19 है। पूर्व वित्त मंत्री ने ट्वीट किया, 10 लाख नौकरियों का वादा करने वाले राजद का मजाक उड़ाने के बाद राजग ने बिहार मे 19 लाख नौकरियां सृजित करने का वादा किया है। मुझे नही पता था कि 10 की तुलना मे 19 छोटी संख्या है। लगता है कि मुझे प्राथमिक विद्यालय मे वापस जाना चाहिए।


**ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**

कार्पोरेट कार्यालय :- सी/515, कनकिया जिलियन, एलबीएस रोड तथा सीएसटी रोड का जंक्शन, बीकेसी अनेक्सी, निकट इक्विनोक्स, कलीना, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई-400070

**परिशिष्ट 4 नियम 8 (1) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल), कम्पनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अधीन गठित तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ एक असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी के रूप में सम्यक पंजीकृत कम्पनी, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) ("सरफासी ऐक्ट, 2002") की धारा 3 के अधीन ओंकारा पीएस24/2019-20 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना जारी की थी। कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतः कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। एतद्द्वारा, विशेष रूप से कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को तथा सर्वसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार ओंकारा पीएस24/2019-20 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत ओएआरपीएल के प्रभारों के अधीन होगा। कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | कब्जा सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गौरव (कर्जदार)<br>संगीता (सह-कर्जदार) | 21-07-2020<br>रू.<br>34,92,719/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर डी-440, कालोनी इंद्रप्रस्थ तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010, उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 20-10-2020 |
| 2. | राजेश कुमार (कर्जदार)<br>खुशबू देवी (सह-कर्जदार) | 21-07-2020<br>रू.<br>15,36,350/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 401,चतुर्थ तल, अर्श ईको होम्स, प्लॉट नंबर 154 एवं 155,वायुसेना एन्क्लेव, खसरा नंबर 135, शाहबेरी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश-201301 उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 19-10-2020 |
| 3. | राजीव कुमार (कर्जदार)<br>ऑर्बिट ग्रुप, करन साहनी,<br>उर्मिला देवी (सह-कर्जदार) | 21-07-2020<br>रू.<br>23,66,384/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 604, ब्लॉक-के, गली नंबर 3, गौतम विहार, ग्राम घोंडा गुर्जन खादर, शाहदरा, मेंडू, निकट प्राइमरी स्कूल, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110053,उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 19-10-2020 |
| 4. | रजनी शर्मा (कर्जदार)<br>कृष्ण कुमार शर्मा (सह-कर्जदार)<br>कृष्ण कुमार निमावत (गारंटर) | 21-07-2020<br>रू.<br>19,18,909/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर एसएफ-202, द्वितीय तल, खसरा नंबर 8एम, वार्ड नंबर 42, ग्रीन एवेन्यू, ग्राम हरसांव, परगना डासना, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 19-10-2020 |
| 5. | रमेश कुमार जेना (कर्जदार)<br>अजय कुमार जेना, बिजय कुमार जेना, सस्मिता जेना<br>(सह-कर्जदार) | 21-07-2020<br>रू.<br>36,83,552/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : रेक्ट नंबर 38, किला नंबर 20 के हिस्से में सम्पत्ति सं. 60 अपर ग्राउंड फ्लोर, गली नंबर 12, सरोजिनी पार्क जो शास्त्री पार्क के नाम से जाना जाता है, ग्राम खुरेजी, इलाका शाहदरा, ईस्ट दिल्ली, दिल्ली-110031 उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 20-10-2020 |
| 6. | यादव मुन्नी लाल (कर्जदार)<br>सबितार देवी, सबिता देवी,<br>फरेन्दर यादव (सह-कर्जदार) | 21-07-2020<br>रू.<br>13,81,966/- | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. 59ए, नया नंबर आरजैड-126-ए, खसरा नंबर 12/14, छत/टेरेस का अधिकार नहीं, ग्राम ख्याला, वेस्ट ब्लॉक एक्सटेंशन-2, विष्णु गार्डन, दिल्ली- 110018 उसके ऊपर निर्मित वर्तमान और भावी दोनों निर्माण सहित। | 19-10-2020 |

स्थान : दिल्ली तिथि : 24-10-2020

हस्ता./-, (प्राधिकृत अधिकारी) वास्ते ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओंकारा पीएस24/2019-20 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत)



SUNLOC

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय
38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट,
नई दिल्ली-110049
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com, वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662

**30 सितंबर, 2020 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्ध वर्ष हेतु पृथक्कृत एवं समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण**

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त | तिमाही समाप्त | | | अर्द्ध वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त |
| | | 30 सितम्बर 2020 | 30 जून 2020 | 30 सितम्बर 2019 | 30 सितम्बर 2020 | 30 सितम्बर 2019 | 31 मार्च 2020 | 30 सितम्बर 2020 | 30 जून 2020 | 30 सितम्बर 2019 | 30 सितम्बर 2020 | 30 सितम्बर 2019 | 31 मार्च 2020 |
| | | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | लेखापरीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | अ-लेखा परीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2,320.08 | 2,114.62 | 2,903.22 | 4,434.70 | 4,757.92 | 8,510.70 | 2,351.14 | 2,176.42 | 2,864.71 | 4,527.56 | 4,694.17 | 8,469.98 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) - जारी प्रचालन से | 7.16 | 1.64 | (70.78) | 8.80 | (120.35) | (221.82) | 15.74 | (17.90) | (108.47) | (2.16) | (181.13) | (299.96) |
| | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) - बंद प्रचालन से | - | - | 7.63 | - | 6.54 | (359.94) | - | - | 7.63 | - | 6.54 | (359.94) |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) - जारी प्रचालन से | 7.16 | 1.64 | (70.78) | 8.80 | (120.35) | (221.82) | 15.74 | (17.90) | (108.47) | (2.16) | (181.13) | (299.96) |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) - जारी प्रचालन से | 6.25 | 0.06 | (70.78) | 6.31 | (120.35) | (156.82) | 14.00 | (19.97) | (109.40) | (5.97) | (182.06) | (236.56) |
| | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) - बंद प्रचालन से | - | - | 7.63 | - | 6.54 | (259.80) | - | - | 7.63 | - | 6.54 | (259.80) |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 6.25 | 0.06 | (63.15) | 6.31 | (113.81) | (416.62) | 14.00 | (19.97) | (101.77) | (5.97) | (175.52) | (496.36) |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय खजिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है, | 6.25 | 0.06 | (63.15) | 6.31 | (113.81) | (136.20) | 15.20 | (21.68) | (90.89) | (6.48) | (174.43) | (219.30) |
| 7 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/-प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 8 | संचेय (पुनर्मूल्य संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | 3,752.27 | | | - | - | - | 3,434.35 | - | 3,434.35 |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) - जारी प्रचालन से | | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 0.06 | 0.00 | (0.69) | 0.06 | (1.17) | (1.53) | 0.14 | (0.19) | (1.07) | (0.06) | (1.78) | (2.31) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.06 | 0.00 | (0.69) | 0.06 | (1.17) | (1.53) | 0.14 | (0.19) | (1.07) | (0.06) | (1.78) | (2.31) |
| 10 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) - बंद प्रचालन से | | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | - | - | 0.07 | - | 0.06 | (2.53) | - | - | 0.07 | - | 0.06 | (2.53) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | - | - | 0.07 | - | 0.06 | (2.53) | - | - | 0.07 | - | 0.06 | (2.53) |
| 11 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) | | | | | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 0.06 | 0.00 | (0.62) | 0.06 | (1.11) | (4.06) | 0.14 | (0.19) | (0.99) | (0.06) | (1.71) | (4.84) |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 0.06 | 0.00 | (0.62) | 0.06 | (1.11) | (4.06) | 0.14 | (0.19) | (0.99) | (0.06) | (1.71) | (4.84) |

नोट्स :-

1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/अर्द्ध-वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। तिमाही/अर्द्ध-वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा सूचीबद्ध सस्था की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com) पर उपलब्ध है।
2. कोविड-19 वैश्विक महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यवसायिक माहौल में गंभीर अव्यवस्था पैदा कर दी है। इसके प्रभाव के संबंध में भारी अनिश्चितता है, जो इस समय समुचित निर्धारित नहीं किया जा सकता है। तथापि, कम्पनी ने 30-09-2020 तक इसकी आस्तियों और देयताओं पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के साथ इन वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सभी घटनाओं तथा परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रभाव का यथासंभव मूल्यांकन और विचार किया है। भावी आर्थिक हालात के वर्तमान संकेतकों के आधार पर, कम्पनी का अनुमान है कि इन आस्तियों की वहन लागत से उबर जाएगी तथा इसके दायित्वों के निर्वहन हेतु यथेष्ट तरलता उपलब्ध है। ये अनुमान अनिश्चितता के अधीन हैं तथा वैश्विक महामारी की गंभीरता और अवधि द्वारा प्रभावित हो सकते हैं। कम्पनी भावी आर्थिक हालात में महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर लगातार नजर रख रही है।
3. निदेशक मंडल द्वारा पिछले वर्ष में "फूड प्रोडक्ट की मार्केटिंग" चरणबद्ध तरीके से हटाने का निर्णय किया गया। तदनुसार, कम्पनी फूड प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग से निकल गई है तथा बंद व्यवसाय की हानियां "बंद प्रचालनों से लाभ/(हानि)" के तहत अलग से दर्शाई गई हैं। तिमाही की समाप्ति पर, कम्पनी द्वारा भुगतान की कोई देयता नहीं है और इस व्यवसाय से संबंधित कोई आस्ति उगाही शेष नहीं है।
4. पूर्व अवधियों के आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक है, उन्हें चालू अवधि वर्गीकरण के तुल्य बनाने के लिए, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
5. उपरोक्त परिणाम 23 अक्टूबर, 2020 को सम्पन्न संबद्ध बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित तथा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए हैं।

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 23-10-2020


अनिल खेतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

# भारत में कोविड-19 महामारी की स्थिति निर्धारण में अगले तीन महीने निर्णायक

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को कहा कि देश में कोविड-19 महामारी की स्थिति को निर्धारित करने में अगले तीन महीने निर्णायक होने जा रहे हैं। साथ ही, उन्होंने लोगों से आगामी त्योहारों के दौरान और सर्दियों के मौसम में पूरा एहतियात बरतने का अनुरोध किया।

उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या सात लाख से कम है और संक्रमण के मामलों के दुगना होने में लगने वाला समय बढ़ कर 97.2 दिन हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्धन ने कोविड-19 को लेकर तैयारियों की उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं मेडिकल शिक्षा मंत्रियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बयान के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले तीन महीने में देश ने कोविड-19 से निपटने



में उल्लेखनीय प्रगति की है।

बयान में उनके हवाले से कहा गया है, एक दिन में कोविड-19 के 95,000 से अधिक नए मामले सामने आए थे, जो घट कर प्रतिदिन 55,000 से भी कम रह गए हैं। इस रोग से उबरने की दर 90 प्रतिशत के करीब है। इस महामारी से होने वाली मृत्यु की दर (सीएफआर) भी घट रही है। सीएफआर 1.51 प्रतिशत है और यह एक प्रतिशत से भी कम के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। देश

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन की अपील त्यौहारों और सर्दियों में बरतें विशेष सावधानी**

में कोविड-19 की जांच लिए सिर्फ एक प्रयोगशाला थी, जो अब बढ़ कर करीब 2,000 हो गई है। देशभर में की गई जांच की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह एक सकारात्मक संकेत है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, संक्रामक रोग से निपटने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन अगले तीन महीने देश में कोविड-19 की स्थिति को निर्धारित करने में निर्णायक होने जा रहे हैं। यदि हमनें आने वाले त्योहारों के दौरान और सर्दियों के मौसम में पर्याप्त एहतियात बरता और कोविड-19 से जुड़े दिशानिर्देशों का पालन किया, तो हम कोरोना वायरस का मुकाबला करने में बेहतर स्थिति में होंगे।उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए यह बहुत जरूरी हो जाता है कि अधिकतम जोर सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, हाथ स्वच्छ रखने तथा छींकते या खांसते समय नाक-मुंह ढंकने सहित सामान्य एहतियाती उपायों पर जोर दिया जाए, जो काफी हद तक संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए कारगर उपाय हैं। वर्धन ने उन जिलों के अधिकारियों से भी बात की, जहां कोविड-19 के नए मामले सामने आए हैं या इससे होने वाली मौतों की संख्या बढ़ रही है। बयान के मुताबिक मंत्री ने कहा कि आज की तारीख में उत्तर प्रदेश में (कोरोना से) मृत्यु दर 1.46 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से कम है। इस रोग से राज्य में उबरने की दर (92.2 प्रतिशत) भी राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने देश के उत्तरी हिस्से के राज्यों में जांच, निगरानी, संपर्क में आए लोगों का पता लगाने तथा समय रहते संक्रमण का पता लगाने पर जोर दिया, ताकि इस महामारी से होने वाली मृत्यु की दर को कम रखा जा सके।



नई दिल्ली में शुक्रवार को एक मॉल के अंदर स्थापित की गई राम मंदिर (अयोध्या) की प्रतिकृति

# नवजात बच्चे से जुड़े अर्द्धविकसित भ्रूण को सर्जरी से अलग किया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** डॉक्टरों ने नवजात बच्चे से जुड़े अर्द्धविकसित भ्रूण को यहां जटिल ऑपरेशन के जरिए अलग कर उसे नई जिंदगी दी है। शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवाईएच) के अधीक्षक पीएस ठाकुर ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि आदिवासीबहुल झाबुआ जिले में नौ अक्टूबर को जन्मे बच्चे के शरीर से अर्द्धविकसित भ्रूण जुड़ा था जिससे उसकी जान को खतरा था। यह भ्रूण एक जन्मजात विकृति के कारण पूरी तरह विकसित नहीं हो सका था। उन्होंने बताया कि सर्जरी में माहिर डॉक्टरों की टीम ने नवजात शिशु का एमवाईएच में हाल ही में ऑपरेशन किया और अर्द्धविकसित भ्रूण को उसके शरीर से अलग किया। ठाकुर ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्चे की हालत ठीक है। उसने स्तनपान भी करना शुरू कर दिया है। उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि मरीज का जन्म उसकी मां की गर्भावस्था के नौ महीने पूरे होने पर सामान्य प्रसव से उसके घर में ही हुआ था। हालांकि, उसके परिवार में जच्चा-बच्चा की सेहत को लेकर जागरूकता की कमी देखी गई। एमवाईएच के अधीक्षक ने बताया कि किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले बच्चे की माता ने गर्भावस्था के दौरान न तो जरूरी दवाइयां ली थीं, न ही सोनोग्राफी और अन्य जांचें कराई थीं।

# महिला यात्री से मिला लाखों रुपये का सोना

**भाषा।** कोच्चि

**केरल** में कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एक महिला के पास से लाखों रूपए का सोना जब्त किया गया। अधिकारियों को संदेह है कि खाड़ी का कोई तस्कर गिरोह महिलाओं का इस धंधे के लिए उपयोग कर रहा है। सीमाशुल्क सूत्रों बताया कि शारजहां से पहुंची 32 वर्षीय इस महिला ने कथित रूप से सोना अपने अंत:वस्त्र में छिपा रखा था। उनके अनुसार जब वह अपने भाई एवं तीन बच्चों के साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान से पहुंची, हवाई अड्डा सीमाशुल्क के अधिकारियों ने उसके पास से 883 ग्राम सोना जब्त किया। सूत्रों ने बताया कि उत्तर केरल के किसी जिले की इस महिला को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। सीमाशुल्क अधकारियों को संदेह है कि खाड़ी में सक्रिय केरल के सोना तस्करों ने इस महिला की निर्धनता का फायदा उठाते हुए उसका इस्तेमाल किया है। सूत्रों के मुताबिक प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह अपने पति की खराब माली हालत के कारण शारजहां से लौट आई। वह अपने भाई एवं बच्चों के साथ वापसी आई और उन सभी के लिए तस्कर गिरोह ने कथित रूपसे टिकट उपलब्ध कराए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि जब इस परिवार को केरल लौटने के लिए पैसे की सख्त जरूरत थी तब इस गिरोह ने महिला से संपर्क किया और उसे मुफ्त टिकट की पेशकश की। उसका पति की तनख्वाह कम है। अधिकारी के अनुसार अनिवार्य पृथक-वास पूरा करने के बाद इस महिला को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

## नवी मुंबई में छह करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण किए जब्त

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले के नवी मुंबई में 6.17 करोड़ रुपए के चांदी और अन्य आभूषण एक वैन से जब्त किए गए। पुलिस ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। वाशी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक संजीव धूमल ने बताया कि वैन बृहस्पतिवार रात एक टोल प्लाजा से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि वैन की तलाशी लेने पर उसमें से 929.414 किलोग्राम चांदी और अन्य जेवर मिले जिसे कूरियर सेवा के जरिए पुणे, कोल्हापुर और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भेजा जा रहा था। उन्होंने कहा कि वाशी पुलिस के अलावा आयकर विभाग ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है।

# महाराष्ट्रः सड़क हादसे में चार की मौत, तीन अन्य घायल

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के कोल्हापुर में राज्य सड़क परिवहन की बस और कार के बीच शुक्रवार को हुई टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे अडूर गांव के पास गगनबावडा रोड पर तब हुआ जब कनकवल्ली से कोल्हापुर की ओर जा रही राज्य सड़क परिवहन की एक बस एक कार से टकरा गई। कार में सात लोग सवार थे।

उन्होंने बताया कि कार गगनबावडा में काले गांव जा रही थी। उन्होंने बताया कि हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई जबकि तीन घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान पूजा मालवे (36), संजय मालवे (43), किरण मालवे (24) और अलकाताई मालवे (60) के रूप में हुई है। हादसे के बाद गगनबावडा मार्ग पर भारी ट्रैफिक जाम की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि इस संबंध में करवीर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# नए संसद भवन का निर्माण दिसंबर 2020 में होगा शुरू

**भाषा।** नई दिल्ली

**● अक्टूबर 2022 में होगा पूरा**

**नए** संसद भवन का निर्माण कार्य इस साल दिसंबर में शुरू होगा और इसके अक्टूबर 2022 तक पूरा हो जाने की संभावना है। लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लोकसभा सचिवालय ने यह भी कहा है कि नए संसद भवन के निर्माण की अवधि के दौरान मौजूदा संसद भवन में ही संसद सत्र को निर्बाध रूप से कराने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। नए संसद भवन का शिलान्यास समारोह दिसंबर में होने की संभावना है। इसमें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा दोनों सदनों के पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य नेता तथा कई गणमान्य व्यक्ति शरीक हो सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता किए जाने के बाद सूत्रों ने बताया कि नए संसद भवन में लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों के, जबकि राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था होगी। दोनों सदनों में भविष्य में सदस्यों की संख्या बढ़ने को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया जा रहा है। वर्तमान में संसद के निचले सदन (लोकसभा) में 543, जबकि उच्च सदन (राज्यसभा) में 245 सदस्यों की कुल संख्या आवंटित है। अधिकारियों ने बताया कि नए संसद भवन के निर्माण कार्य के दौरान वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जा रहे हैं। नए संसद भवन में सभी सांसदों के लिए अलग-अलग कार्यालय होंगे और उन्हें नवीनतम डिजिटल उपकरणों से लैस किया जाएगा। यह कदम कागज रहित कार्यालय सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है। नए भवन में एक संविधान कक्ष (कॉंस्टीट्यूशन हॉल) भी होगा, जो भारत की लोकतांत्रिक धरोहर को प्रदर्शित करेगा। इसके अलावा संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समितियों के लिए कमरे, खान-पान के लिए स्थान और वाहन पार्किंग की जगह भी होगी। मौजूदा भवन, ब्रिटिश काल है जिसका डिजाइन एडविन लुटियंस और हरबर्ट बेकर ने तैयार किया था। उन दोनों ने ही नई दिल्ली का निर्माण किया था। मौजूदा संसद भवन की आधारशिला 12 फरवरी 1921 को रखी गई थी और इसके निर्माण में छह साल लगे थे तथा उस वक्त 83 लाख रुपए की लागत आई थी। उद्घाटन समारोह 18 जनवरी 1927 को भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड इरविन के हाथों हुआ था। बैठक में बिरला ने कहा कि गुणवत्ता के मामले में और नए संसद भवन के निर्माण से जुड़े कार्य समय पर पूरा करने में कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

# बारिश से हुए नुकसान को लेकर केंद्रीय दल से रिपोर्ट मांगी

**भाषा।** हैदराबाद

**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने तेलंगाना का दौरा कर रहे केंद्रीय दल से भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपने को कहा है। रेड्डी ने कहा, दल ने मुझे बताया कि राज्य सरकार ने नुकसान के बारे में अभी पूरी जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य से एक विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद ही धनराशि जारी कर सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर लोगों की मदद करना चाहिए। रेड्डी ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार राज्य आपदा राहत कोष के साथ तत्काल राहत कार्य करे। संयुक्त सचिव प्रवीण वशिष्ठ के नेतृत्व में अंतर-मंत्रालई दल ने रेड्डी से यहां मुलाकात की और उनके साथ बातचीत की। पांच सदस्ईय दल ने बृहस्पतिवार को राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा शुरू की। इस बीच, केंद्रीय दल ने शहर के विभिन्न वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में अपनी यात्रा जारी रखी। बृहस्पतिवार को दल ने राज्य के प्रभावित हिस्सों, विशेष रूप से शहर का दौरा किया, क्योंकि राज्य सरकार ने फसलों और सड़कों को 8,500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचने का अनुमान जताया था।

दल ने राज्य के मुख्य सचिव सोमेश कुमार से मुलाकात की और उन्हें पावर-पॉइंट प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें पिछले हफ्ते हुई क्षति की जानकारी दी गई। विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों ने केंद्रीय टीम के साथ बातचीत की और नुकसान का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि पिछले 10 दिनों में भारी बारिश हुई जिससे बाढ़ आ गई। हालांकि पूरे राज्य में भारी बारिश हुई लेकिन हैदराबाद और आसपास के जिलों में अत्याधिक नुकसान हुआ। मूसी नदी में आई बाढ़ के कारण तीन जलाशयों के तटबंध टूट गए और निचले इलाकों में पानी भर गया। फसलों और सड़कों के नुकसान का अनुमान क्रमश: 8,633 करोड़ रुपए और 222 करोड़ रुपए था। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम को 567 करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तत्काल बाढ़ राहत के लिए राज्य सरकार द्वारा 550 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

# पेज 1 का शेष

## धारा 370...

समर्थन मूल्य तो बहाना है, असल में दलालों और बिचौलियों को बचाना है। मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले जब किसानों के बैंक खाते में सीधे पैसे देने का काम शुरू हुआ था, तब इन्होंने कैसा भ्रम फैलाया था। कांग्रेस पर परोक्ष प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जब राफेल विमानों को खरीदा गया, तब भी ये बिचौलियों और दलालों की भाषा बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह राजग की ही सरकार है जिसने किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने की सिफारिश लागू की और सरकारी खरीद केंद्र बनाने और सरकारी खरीद, दोनों पर बहुत जोर दिया। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब ये लोग सरकार में थे, उसकी तुलना में बिहार में ही धान की सरकारी खरीद चार गुना और गेहूं की सरकार खरीद पांच गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा, इनके पास आज तक इसका जवाब नहीं है कि जब इनकी सरकार थी तब एमएसपी पर फैसला क्यों नहीं लिया? उन्होंने कहा, जब-जब, बिचौलियों और दलालों पर चोट की जाती है, तब-तब ये तिलमिला जाते हैं, बौखला जाते हैं। आज हालत ये हो गई है कि ये लोग भारत को कमजोर करने की साजिश रच रहे लोगों का साथ देने से भी नहीं हिचकिचाते। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने का इंतजार देश बरसों से कर रहा था या नहीं? ये फैसला हमने लिया, राजग की सरकार ने लिया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि आज ये लोग इस फैसले को पलटने की बात कर रहे हैं और ये कह रहे हैं कि सत्ता में आए तो अनुच्छेद - 370 फिर लागू कर देंगे। मोदी ने कहा, मैं जवानों और किसानों की भूमि बिहार से कहना चाहता हूं कि ये लोग जिसकी चाहें मदद ले लें लेकिन देश अपने फैसलों से पीछे नहीं हटेगा। इस बीच, श्रीनगर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी और हाल ही बने 'पीपुल्स एलायंस फॉर गुपकर डिक्लेयरेशन' साथ मिल कर निर्णय करेंगे कि केन्द्र शासित क्षेत्र में चुनाव लड़ना है अथवा नहीं। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को पिछले वर्ष अगस्त में समाप्त किए जाने के बाद से महबूबा हिरासत में थीं । रिहा होने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व राज्य का झंडा और संविधान बहाल होने तक उन्हें व्यक्तिगत तौर पर चुनाव लड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं है। बिहार के लोगों को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत पूर्ववर्ती बिहार सरकार के शासनकाल की याद दिलाते हुए मोदी ने कहा कि बिहार के लोग भूल नहीं सकते वो दिन जब सूरज ढलते का मतलब होता था, सब कुछ बंद हो जाना, ठप्प पड़ जाना। उन्होंने कहा कि उन दिनों सरकार चलाने वालों की निगरानी में दिन-दहाड़े डकैती होती थी, हत्याएं होती थीं, रंगदारी वसूली जाती थी। मोदी ने कहा कि आज बिजली है, सड़के हैं, लाइटें हैं और सबसे बड़ी बात वो माहौल है जिसमें राज्य का सामान्य नागरिक बिना डरे रह सकता है, जी सकता है और अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ना इसी को कहते हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव के 10 लाख नौकरियों के वादे पर सवाल उठाते हुए मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने एक-एक सरकारी नौकरी को हमेशा लाखों-करोड़ों रुपए कमाने का जरिया माना,वो फिर बढ़ते हुए बिहार को ललचाई नजरों से देख रहे हैं। मोदी ने कहा, आज बिहार में पीढ़ी भले बदल गई हो, लेकिन बिहार के नौजवानों को ये याद रखना है कि बिहार को इतनी मुश्किलों में डालने वाले कौन थे? पीएम मोदी ने रैली में लोजपा नेता रामविलास पासवान का नाम लिया लेकिन चिराग पासवान का नाम लेने से बचे। उन्होंने रामविलास पासवान का नाम इसलिए लिया क्योंकि एक बड़ा वोट बैंक पासवान और उनकी पार्टी से जुड़ा रहा है। मोदी उनके समर्थकों को नाराज नहीं करना चाहते। प्रधानमंत्री ने चिराग का नाम नहीं लिया। इसका कारण यह हो सकता है कि चुनाव नतीजे किसी भी तरफ जा सकते हैं, इसलिए वे चिराग के खिलाफ कुछ बोलकर उन्हें नाराज नहीं करना चाहते। पिछले दिनों चिराग ने भी मोदी के बारे में कहा था कि मुझे उनकी तस्वीरें लगाने की जरूरत नहीं है। मैं उनका हनुमान हूं। हनुमान की तरह चीर कर देख लें मेरा सीना, मेरे दिल में प्रधानमंत्री मोदी बसते हैं। हालांकि बिहार की राजनीति में इसका इंतजार था कि नरेन्द्र मोदी चिराग पासवान पर या लोजपा पर कुछ बोलते हैं कि नहीं। लेकिन उन्होंने आज की तीनों सभाओं में चिराग पासवान का नाम नहीं लिया। इससे पहले ही चिराग पासवान ने ट्वीट किया-आदरणीय प्रधानमंत्री जी का बेसब्री से इंतजार कर रहे आदरणीय नीतीश कुमार जी का इंतजार आज खत्म हो जाएगा। आदरणीय अमित शाह जी के कह देने के बाद कि लोजपा बिहार चुनाव में एनडीए का हिस्सा नहीं है, नीतीश जी को तसल्ली नहीं हुई। अभी और प्रमाण पत्र चाहिए।

## एमएसपी, रोजगार...

लगाया कि किसी चीनी सैनिक के हिंदुस्तान की जमीन पर मौजूद होने की बात कहकर प्रधानमंत्री ने हमारे सैनिकों का 'अपमान' किया है। केंद्र और बिहार की राजग सरकार को घेरते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना वायरस संकट के समय लोगों की आर्थिक मदद नहीं कर किसानों, छोटे कारोबारियों, मजदूरों, छोटे उद्यमियों की कमर तोड़ दी है। हाल ही में बनाये गए कृषि संबंधी तीन कानूनों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मंडियां खत्म की जा रही हैं, न्यूनतम समर्थन मूल्य समाप्त किए जा रहे हैं और आने वाले दिनों में आपके खेत भी छीन लिये जायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे लाखों लोग बेरोजगार होंगे। प्रवासी मजदूरों के पलायन का मसला उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पलायन कर रहे प्रवासी मजदूरों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मदद नहीं की और यही सच्चाई है। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत में ही लोगों से पूछा कि नीतीश जी की सरकार कैसी लगी आप लोगों को? मोदी जी के भाषण कैसे लगे? कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी जी ने कहा है कि बिहार के जो हमारे सैनिक शहीद हुए, उनके सामने वह अपना सिर झुकाते हैं...... पूरा देश बिहार के शहीदों के सामने सिर झुकाता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने यह नहीं कहा कि वे चीन को भारत की शक्ति दिखाने जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि चीन ने हिंदुस्तान की '1200 वर्ग किलोमीटर' जमीन अपने कब्जे में ले रखी है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को घेरने का प्रयास करते हुए आरोप लगाया कि चीन की सेना हिंदुस्तान की सीमा के अंदर है। सवाल ये है कि जब चीनी सैनिक हमारी जमीन के अंदर आए, तो हमारे प्रधानमंत्री ने हमारे वीरों का अपमान करते हुए यह क्यों बोला कि हिंदुस्तान के अंदर कोई नहीं आया? उन्होंने सवाल किया कि बतायें कि चीन के सैनिकों को हिंदुस्तान की धरती से कब भगाया जायेगा? सवाल यह है कि हमारे पवित्र देश के भीतर चीन की सेना क्यों? इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में पहली चुनावी रैली में, गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुए संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा था कि भारत का स्वाभिमान है बिहार और बिहार के जवानों ने गलवान घाटी और पुलवामा में बलिदान दिया लेकिन भारत माता का शीश नहीं झुकने दिया.... हम उनको श्रद्धांजलि देते हैं। राहुल ने लोगों से पूछा कि नोटबंदी का क्या फायदा हुआ? उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब का पैसा हिंदुस्तान के अमीरों के खाते में गया और अंबानी और अडानी के लिए नरेंद्र मोदी रास्ता साफ कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले चुनाव में कहा था कि दो करोड़ लोगों को नौकरियां देंगे, क्या नौकरियां मिलीं? किसी को नहीं मिली। जीरो। कांग्रेस नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी सैनिकों, किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापरियों आदि के सामने सिर झुकाने की बात करते हैं लेकिन काम तो वह अंबानी और अडाणी का करते हैं। कांग्रेस के शासन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 70 हजार करोड़ रुपये का किसानों का कर्ज माफ किया और जब सरकार बनी तब मध्यप्रदेश, पंजाब, छत्तीसगढ़ में भी कर्ज माफ किया है। नोटबंदी और जीएसटी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि अंबानी और अडानी के लिए नरेन्द्र मोदी रास्ता साफ कर रहे हैं और किसानों को, मज़दूरों, दूकानदारों को दूर कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आने वाले समय में आपका पूरा का पूरा धन हिंदुस्तान के दो-तीन पूंजीपतियों के हाथ में चला जाएगा। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने कहा था कि 22 दिन में कोरोना की लड़ाई जीती जाएगी लेकिन जब बिहार के मज़दूरों को दिल्ली से और बाकी प्रदेशों से भगा कर बिहार भेजा गया..., वे जब भूखे प्यासे पैदल आ रहे थे, तो नरेन्द्र मोदी जी क्या कह रहे थे? कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि देश के प्रधानमंत्री ने इन्हें एक दिन भी क्यों नहीं दिया? उन्होंने लोगों से कहा कि अब आपके हाथ में चाबी है। अब नरेन्द्र मोदी और नीतीश जी के हाथ में चाबी नहीं है। निर्णय आप लेंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा बिहार के लिए, बिहार के विकास की सरकार, बिहार के किसानों की, मज़दूरों की सरकार, अब बिहार में लानी है और राजग को हराना है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी को टीवी पर 24 घंटे दिखाया जाता है लेकिन उनको और तेजस्वी यादव सहित विपक्ष को नहीं दिखाया जाता है। गौरतलब है कि नवादा के हिसुआ सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीतू सिंह का मुकाबला भाजपा के वर्तमान विधायक अनिल सिंह से है। हिसुआ की रैली में काफी संख्या में लोग आये थे और कुछ लोगों को आसपास के मकानों की छतों पर भी बैठे देखा गया। वहीं तेजस्वी ने कहा कि उनकी सरकार सवर्णों, दलितों, गरीबों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों, अल्पसंख्यकों सभी को एकसाथ लेकर चलेगी। उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर पूछा कि आपलोगों का आशीर्वाद है न? बता दें कि तेजस्वी यादव के पिता लालू यादव भ्रष्टाचार घोटाले में झारखंड में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें हाल ही में झारखंड उच्च न्यायालय ने एक मामले में जमानत दी थी, लेकिन जेल से बाहर नहीं आ सके क्योंकि एक अन्य मामले में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई की जा रही थी।

## कोई जतन...

और पीएम का 2.5 माइक्रोमीटर से कम होता है। ये हवा में बेहद सूक्ष्म प्रदूषक कण है। आईएमडी के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद शर्मा ने कहा, वायु गुणवत्ता आगामी दो दिनों में यानी 24 अक्टूबर तक और खराब होगी। पराली जलाने के अलावा अन्य कारक भी हैं, जिससे वायु गुणवत्ता खराब हो रही है। इनमें वाहन प्रदूषण और अपशिष्टों को जलाना भी शामिल है।

## प्याज की...

को असाधारण मूल्य वृद्धि की स्थिति में खराब होने वाली वस्तुओं को विनियमित करने की अनुमति देता है। बाद में, उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट किया कि बढ़ती प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने यह कदम उठाया है। खुदरा विक्रेताओं को दो टन और थोक विक्रेताओं को 25 टन तक स्टॉक रखने की सीमा तय की गई है। भारी बारिश के कारण उत्पादक क्षेत्रों में खड़ी खरीफ फसल को नुकसान के मद्देनजर पिछले कुछ हफ्ते में प्याज की कीमतों में 75 रुपये प्रति किलोग्राम से भी कहीं अधिक की तेजी आई है। इस बीच, केंद्र सरकार ने अब राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को केंद्रीय सुरक्षित भंडार से प्याज की खेप उठाने को कहा है। लीना नंदन ने कहा कि हमने कीमत वृद्धि पर अंकुश लगाने के प्रयासों को तेज कर दिया है। हमने राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से खुदरा हस्तक्षेप के लिये बफर स्टॉक से प्याज लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि असम, आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, हरियाणा, तेलंगाना और तमिलनाडु ने इसमें रुचि दिखाई है। ये राज्य बफर स्टॉक से कुल 8,000 टन प्याज ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय, अन्य राज्यों से प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। केंद्र नासिक, महाराष्ट्र के भंडारित बफर स्टॉक से 26-28 रुपये प्रति किलोग्राम की खरीद दर पर उन राज्यों को प्याज की पेशकश कर रहा है, जो अपने आप स्टॉक को उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों को प्याज पहुंचाये जाने (डिलीवरी भेजने) की जरुरत है, उनके लिए कीमत 30 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। इसके अलावा, सचिव ने कहा कि सहकारी संस्था नाफेड, जो सरकार की ओर से प्याज की बफर स्टॉक के लिए खरीद और उनका रखरखाव कर रहा है, देशभर के थोक मंडियों में प्याज के स्टॉक को ला रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, नाफेड राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय भंडार और मदर डेयरी के सफल बिक्री केन्द्र के माध्यम से खुदरा बिक्री के लिए बफर स्टॉक से प्याज भी दे रहा है। सरकार ने अब तक वर्ष 2019-20 की रबी फसल से की गई खरीद से बनाए गए 1,00,000 टन के बफर स्टॉक से 30,000 टन प्याज बाजार में ला चुकी है। खरीफ प्याज के मंडियों में जल्द ही पहुंचने की संभावना है और सरकार को उम्मीद है कि 37 लाख टन की अनुमानित खरीफ फसल उत्पादन के बाजार में आने के बाद बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी, जिससे कीमतें कम होंगी। इस बीच, सरकार प्याज के आयात पर भी विचार कर रही है और 15 दिसंबर तक धुम्रशोधन व फाइटोसैनेटिक (स्वच्छता संबंधी) मानदंडों में ढील दी गयी है। प्याज के आयात की खेपों को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय वाणिज्य दूतावासों को सक्रिय किया है। सरकार ने 14 सितंबर को खरीफ प्याज के बाजार में आने से पहले प्याज के कम उत्पादन वाले समय में घरेलू उपभोक्ताओं को वाजिब कीमत पर प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी।

## संसद की...

कई तरह के सवाल पूछे। बैठक के दौरान एक सदस्य ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनी को अपने विज्ञापनदाताओं के वाणिज्यिक फायदे के लिए अपने उपभोक्ताओं के डाटा में सेंध नहीं लगाने देनी चाहिए। समिति ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर के अधिकारियों को 28 अक्टूबर को और गूगल तथा पेटीएम के प्रतिनिधियों को 29 अक्टूबर को तलब किया है।

# बोल्ट और ईशान के कहर के आगे चेन्नई पस्त

## ●मुंबई ने दस विकेट से हराया

**भाषा। शारजाह**

ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की कहर बरपाती तेज गेंदबाजी के बाद ईशान किशन के आक्रामक अर्धशतक की मदद से मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में तीन बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को दस विकेट से हरा दिया।

टॉस की उछाल से लेकर गेंदबाजी और बल्लेबाजी तक कुछ भी चेन्नई के पक्ष में नहीं रहा। मुंबई के तेज आक्रमण के सामने चेन्नई सुपर किंग्स का शीर्षक्रम एक बार फिर नेस्तनाबूद हो गया और महेंद्र सिंह धोनी की टीम नौ विकेट पर 114 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चेन्नई ने पांच विकेट पावरप्ले के भीतर ही गंवा दिए। इनमें से बोल्ट ने तीन और बुमराह ने दो विकेट लिए। इन शुरूआती झटकों से चेन्नई उबर ही नहीं सकी। जवाब में रोहित शर्मा के बिना उतरी मुंबई ने 12 . 2 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल कर लिया। क्विंटॉन डिकॉक ने 37 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए जबकि ईशान ने 37 गेंद में 68 रन जोड़े जिनमें पांच छक्के और छह चौके शामिल थे। हैमस्ट्रिंग चोट के शिकार रोहित की जगह कीरोन पोलार्ड ने कमान संभाली थी। इस जीत के बाद मुंबई दस मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि चेन्नई 11 मैचों में सिर्फ छह अंक के साथ आखिरी स्थान पर है। इससे पहले सैम कुरेन के 52 रन नहीं होते तो चेन्नई नौ विकेट पर 114 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाती। कुरेन ने संभलकर खेलते हुए 47 गेंद में दो छक्कों और चार चौकों की मदद से 52 रन बनाए। वह मैच की आखिरी गेंद पर बोल्ड हुए और बोल्ट का चौथा शिकार बने। बोल्ट ने 18 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में 13 रन दिए यानी पहले तीन ओवर में सिर्फ पांच रन ही दिए। बुमराह ने 25 रन देकर दो और लेग स्पिनर राहुल चाहर ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। कुरेन ने इमरान ताहिर (नाबाद 13) के साथ नौवे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी की जो चेन्नई के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही। चेन्नई की शुरूआत बेहद खराब रही और दो ओवर के बाद उसके तीन विकेट तीन रन पर गिर गए थे। पावरप्ले में उसने दो विकेट और गंवाए। शेन वॉटसन की जगह खेल रहे रूतुराज गायकवाड़ खाता खोले बिना बोल्ट के पहले ही ओवर में पगबाधा आउट हुए। अंबाती रायुडू को बुमराह ने शॉर्ट गेंद पर पवेलियन भेजा जिनका कैच क्विंटॉन डिकॉक ने लपका। एन जगदीशन अगली गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच देकर लौटे। इस सत्र में अब तक अच्छा प्रदर्शन करने वाले चेन्नई के इकलौते बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी भी डिकॉक को कैच देकर रवाना हुए। कप्तान धोनी (16) का खराब फार्म जारी रहा जो राहुल चाहर की गेंद पर छक्का लगाने के बाद फिर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए।

### स्कोर

**चेन्नई सुपर किंग्स पारी** :गायकवाड़ पगबाधा बो बोल्ट 0, प्लेसी का डिकॉक बो बोल्ट 1, रायुडू का डिकॉक बो बुमराह 2, जगदीशन का यादव बो बुमराह 0,धोनी का डिकॉक बो चाहर 16,जडेजा का कृणाल बो बोल्ट 7, कुरेन बो बोल्ट 52,चाहर स्ट का डिकॉक बो चाहर 0,ठाकुर का यादव बो कूल्टर नाइल 11, ताहिर नाबाद 13, **अतिरिक्त** : 12 रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे नौ विकेट पर 114 रन, **विकेट पतन** : 1-0, 2-3, 3-3, 4 -3, 5-21, 6-30, 7-43, 8-71, 9-114, **गेंदबाजी** : बोल्ट 4-1- 18- 4, बुमराह 4- 0-25- 2, कृणाल 3-0- 16-0, चाहर 4- 0- 22-2, कूल्टर नाइल 4- 0- 25- 1, पोलाड 1 - 0-4-0

**मुंबई इंडियंस पारी** : डिकॉक नाबाद 46, किशन नाबाद 68, **अतिरिक्त** : दो रन, **कुल योग** : 12.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन, **गेंदबाजी** : चाहर 4-0-34-0, हेजलवुड 2 - 0-17-0, ताहिर 3- 0-22-0, ठाकुर 2.2-0-26-0, जडेजा। - 0-15- 0

### हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैच से बाहर रोहित शर्मा



**शारजाह।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में नही खेल पाए। रोहित शर्मा को रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ टीम के अंतिम मैच के दौरान यह चोट लगी थी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच से पहले जारी बयान में मुंबई इंडियस ने कहा, मुंबई इंडियंस के पिछले मैच के दौरान रोहित शर्मा के बाएं पैर की मांसपेशियो मे खिंचाव आ गया था। रोहित ने पिछले चार दिनों में अच्छी प्रगति की है और प्रबंधन बीसीसीआई से सलाह के बाद उबरने की प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए एक एक दिन का समय ले रहा है। रोहित की अनुपस्थिति में अनुभवी कीरोन पोलार्ड कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेगे।



### उम्मीद के साथ एक दूसरे से भिड़ेंगे पंजाब और हैदराबाद

**दुबई।** लगातार तीन जीत से फिर से पटरी पर लौटने वाला किंग्स इलेवन पंजाब और पिछले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से एक दूसरे का सामना करेंगे। किंग्स इलेवन और सनराइजर्स की स्थिति एक जैसी है।

### दिल्ली के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम केकेआर को जीत की दरकार

**अबुधाबी।** अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखना है तो उसके बल्लेबाजों को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की तरफ से शिखर धवन बेहतरीन फार्म में है और उन्होंने पिछले दोनों मैच में शतक जमाए है लेकिन बाकी बल्लेबाजो की नाकामी के कारण टीम को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

**रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : ई–205 (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश–II, नई दिल्ली–110048
फोन : 011–29213191
ई–मेल : info@regententerprises.in
सीआईएन : एल15500डीएल1994पीएलसी153183
वेबसाइट : www.regententerprises.in

सूचना

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 05 नवम्बर, 2020 को अप. 04.00 बजे 14/17, नया गंज, गाजियाबाद–201001 में आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य विषयों के साथ, 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित तथा अनुमोदित किए जाएंगे।
इसके अनुसरण में, अंतरंगियों हेतु व्यापार खिड़की (ट्रेडिंग विन्डो) सभी पदनामित व्यक्तियों, उनके निकट सम्बन्धियों और यथा संशोधित सभी सम्बन्धित व्यक्तियों के लिए परिणामों की घोषणा के 48 घंटे बाद तक बंद रहेगी।
कम्पनी के उक्त वित्तीय परिणाम www.regententerprises.in पर उपलब्ध होंगे।

वास्ते रीजेन्ट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
तिथि : 23–10–2020 हस्ता./–
स्थान : नई दिल्ली विकास कुमार
पूर्ण कालिक निदेशक
डीआईएन : 05308192

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank ltd has organized an auction in below mention respect of vehicles.
VEHICLE FOR SALE
1) TRACTOR - MAHINDRA_275_ YUVO_DSL REG. NO. MH03DA1139- YOM -2018
2) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPER REG. NO.MH03CP5860 YOM 2018
3) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPERREG. NO.MH03CP5861 YOM 2018
4) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPER REG. NO. MH03CP6545-YOM -2018
5) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPER REG. NO. MH03CP6544-YOM -2018
6) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPER REG. NO. MH03CP6542-YOM -2018
7) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPER REG. NO. MH03CP6547-YOM =2018
8) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPER REG. NO. MH03CP6546-YOM -2018
9) ATLAS COPCO (INDIA) LTD - CB_CC425 DYNAPAC COMPACTOR REG. NO. MH03DA0426-YOM -2018
10) AL_2518 T2C CAB CHASSIS TIPPER REG. NO. MH03CP5856-YOM -2018
11) TATA LPT 2518 GOODS REG. NO. HR55N1794 YOM 2011
12) TATA LPT 2518 GOODS REG. NO. HR55S9975 YOM 2013
13) EICHR_VECV 10.59 GOODS REG. NO. UP16DT4644 YOM 2016
14) AI3118 REG. NO. HR55U5098-YOM -2014
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 15 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,
NOIDA-201313 OR CONTACT :
NITESH MATHUR/DEEPAK KUMAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
Cont.No.7838225565 /9839215099

# कपिल के शीघ्र स्वस्थ होने की सभी ने की कामना

**संवाददाता। नई दिल्ली**



भारत के पहले विश्व कप विजेता क्रिकेट कप्तान कपिल देव की दिल का दौरा पड़ने के बाद शुक्रवार को एंजियोप्लास्टी की गई और अगले दो दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। इस महान क्रिकेटर ने इंस्टाग्राम पर बयान में लिखा, वह उबरने की प्रक्रिया में हैं। दिल्ली के सुंदर नगर में रहने वाले कपिल (61 वर्ष) को गुरूवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद यहां ओखला के फोर्टिस एस्कोर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के आपात विभाग में ले जाया गया। अस्पताल ने अपने शुरूआती बयान में सिर्फ सीने में दर्द का ही जिक्र किया था, लेकिन फिर ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा, कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा था। उनकी जांच की गई और रात में ही आपात कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इसके अनुसार, इस समय वह डा. अतुल माथुर और उनकी टीम की देखरेख में आईसीयू में हैं। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। एंजियोप्लास्टी ब्लॉक हुई धमनियों को खोलने की प्रक्रिया है ताकि हृदय में सामान्य रक्त संचार हो सके। बाद में उनके इंस्टाग्राम अकाउंट में उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता करने वालों और उनके परिवार के प्रति समर्थन जताने वालों के प्रति एक संक्षिप्त बयान में आभार व्यक्त किया गया। बयान के अनुसार, आप सभी का शुक्रिया। मैं आपकी शुभकामनाओं से अभिभूत हूं और उबरने की प्रक्रिया में हूं। सोशल मीडिया पर काफी लोगों ने 1983 विश्व विजेता महान आल राउंडर के तेजी से उबरने की कामना की जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। बल्लेबाज तेंदुलकर ने कहा, अपना ध्यान रखें। आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा हूं। कोहली ने ट्वीट किया, आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहा हूं। जल्दी ठीक हो जाइए पाजी। भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्वीट किया, कपिल देव सर आपके जल्दी से ठीक होने की कामना करता हूं। हमेशा मजबूत रहिए।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सासनी जनपद हाथरस

पत्रांक–501/टेन्डर/च0राज्य वित्त/निर्माण कार्य/2020–21 दिनांकः– 22.10.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2020.21 में क्षेत्र पंचायत सासनी के निम्न कार्य कराये जाने है कार्य स्थल पर सामग्री की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदाये दिनांकः– 07.11.2020 को दिन 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत एवं नामित अधिकारी द्वारा खोली जायेगी, यदि यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने के दिनांक का राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं वैधता में कोई परिवर्तन नही होगा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की शर्ते निम्नवत रहेगीः–

1. निविदा प्रपत्र विकास खण्ड कार्यालय से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 07.11.2020 को दोपहर 12.00 बजे तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र के साथ–2 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0, एस0टी0आर0 अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नही होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता 31 मार्च 2021 तक होगी इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5. निविदा की राशि पर नियमानुसार स्टाम्प डयूटी देनी होगी।
6. बिलो के भुगतान में नियमानुसार आयकर जी.एस.टी. सेस एवं रॉयल्टी आदि की कटौती के उपरन्त ही भुगतान किया जायेगा।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता/मानक के अनुसार होनी चाहिये अन्यथा नियमानुसार कटौती की जायेगी।
8. सभी निविदाओं को अधोहस्ताक्षरी/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
9. टैक्निकल बिड, फाइनेंशियल बिड, तथा अर्नेस्ट मनी पृथक–प्रथक सील्ड लिफाफे में रखने के बाद तीनों लिफाफे निविदा के साथ संलग्न बडे सील्ड लिफाफे में रखे जायेगें।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत सामग्री (लाख रू0) मनरेगा अंश | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विकास खण्ड कार्यालय के सामने इण्टरलॉकिग रोड़ का निर्माण कार्य। | 547040.00 | 10900.00 | 500.00 | 3 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत गारवगढ़ी में इण्टर कालेज से गांव की तरफ इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 233633.00 | 4600.00 | 500.00 | 3 माह |
| 3. | ग्राम पंचायत लढ़ौटा में दलवरी के घर से श्यामवीर के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 425187.00 | 8500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 4. | ग्राम पंचायत रूहेरी में श्रीनगर में पार्क का सौन्दर्यीकरण। | 143398.00 | 2860.00 | 500.00 | 3 माह |
| 5. | ग्राम पंचायत नगला उम्मेद में हरिप्रसाद मानसिहं इण्टर कालेज से डिग्री कालेज तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण। | 327067.00 | 6500.00 | 500.00 | 3 माह |
| 6. | ग्राम पंचायत रूहेरी में रूहेरी रघनिया मार्ग का सौन्दर्यीकरण। | 235560.00 | 4700.00 | 500.00 | 3 माह |
| 7. | ग्राम पंचायत सासनी देहात में शंकर दादा के घर से मुकेश सिहं के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण। | 252988.00 | 2000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 8. | ग्राम पंचायत लुटसान में कमल सिहं मौर्या के घर से लीलाधर के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 500466.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 9. | ग्राम पंचायत जगीपुर में पुल की मरम्मत का कार्य। | 264754.00 | 5300.00 | 500.00 | 3 माह |
| 10. | ग्राम पंचायत अजरोई में राजनलाल के घर से पथवारी मन्दिर तक इण्टरलॉकिग व नाली निर्माण का कार्य। | 311848.00 | 6200.00 | 500.00 | 3 माह |
| 11. | ग्राम पंचायत खिटौली कैलिया में नानऊ रोड़ से सुरेन्द्र के खेत तक इण्टरलॉकिग व नाली निर्माण। | 390169.00 | 7800.00 | 500.00 | 3 माह |
| 12. | ग्राम पंचायत रूहेरी में श्री कृष्ण के घर से हदेश के घर तक इण्टरलॉकिग व नाली निर्माण कार्य। | 202087.00 | 4000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 13. | ग्राम पंचायत विजहारी में एन0एच0509 से माता मन्दिर मार्ग का सौन्दर्यीकरण। | 94198.00 | 2000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 14. | ग्राम पंचायत मौहरिया में शिव मन्दिर से घर तक इण्टरलॉकिग व नाली निर्माण कार्य। | 238992.00 | 4800.00 | 500.00 | 3 माह |

हस्ता/–
विकास खण्ड अधिकारी
विकास खण्ड सासनी (हाथरस)

# मुद्रास्फीति में नरमी पर निर्भर करेगी दर में कटौती: गवर्नर



## ●महामारी फिर से बढ़ने पर आर्थिक पुनरू-त्थान पर प्रतिकूल असर

**भाषा। मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि कोविड–19 महामारी अगर दोबारा से फैलती है तो उससे अर्थव्यवस्था में जो सुधार की शुरुआत दिख रही है उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वहीं, डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण उत्पादन का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने में कई साल लग सकते हैं। नवगठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 7 से 9 अक्टूबर के बीच हुई बैठक में ये विचार व्यक्त किए गए थे। समिति में नवनियुक्त स्वतंत्र सदस्य शशांक भिडे ने कहा कि कोविड–19 महामारी से संबंधित अनिश्चितताओं का अगले दो से तीन तिमाहियों में वृद्धि दर और मुद्रास्फीति परिदृश्य पर प्रभाव बना रहेगा। आरबीआई द्वारा मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के जारी ब्योरे के अनुसार दास ने यह भी कहा कि नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन इस दिशा में आगे कदम मुद्रास्फीति के मोर्चे पर उभरती स्थिति पर निर्भर करेगा जो फिलहाल केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर चल रही है। उन्होंने कहा, मेरा यह मानना है कि अगर मुद्रास्फीति हमारी उम्मीदों के अनुरूप रहती हैं, तो भविष्य में नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश होगी। इस गुंजाइश का उपयोग आर्थिक वृद्धि में सुधार को संबल देने के लिए सोच–समझकर करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक के अनुसार सकल मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में नरम पड़ेगी। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इसमें और कमी आने का अनुमान है। मुद्रास्फीति जून 2020 से 6 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 127 अंक मजबूत वाहन, बिजली कंपनियों के शेयर चमके




**भाषा। मुंबई**

घरेलू शेयर बाजारों में एक दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को फिर तेजी लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 127 अंक बढ़कर बंद हुआ। मुख्य रूप से वाहन, धातु और बिजली क्षेत्र के शेयरों की अगुवाई में बाजार में मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 127.01 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,685.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,930.35 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 702.52 अंक यानी 1.75 प्रतिशत जबकि निफ्टी 167.90 अंक यानी 1.42 प्रतिशत मजबूत हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में मारुति सुजुकी रही। इसमें करीब 4 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, पावरग्रिड, बजाज ऑटो और एनटीपीसी शामिल हैं। दूसरी तरफ जिन शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, एचयूएल और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्र ने कहा, ...बाजार मामूली तेजी के साथ बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**
BE IT KNOWN TO ALL THAT my clients, Shri Churiya Mal Singhal S/o Sh. Deep Chand Singhal and Ms. Raj Rani Singhal W/o Shri Churiya Mal Singhal R/o 3094/226, Chander Nagar, Tri Nagar, Delhi-110035, have severed relations/ connections with their sons Kamal Singhal and his wife Kamini Gupta AND Vipin Singhal and his wife Kirti Singhal for all purposes. They are further disentitled/ disowned to claim any right/share in the movable and immovable properties owned by my clients. Any person dealing with them in any manner shall be solely doing so at his own risk and costs. We shall not be responsible for discharging any liability/claim in this regard.
LALIT KHURANA -ADVOCATE
CH.NO. 2, CIVIL SUPPLY BLDG., TIS HAZARI COURTS, DELHI - 54 MOB.9953814830

**PUBLIC NOTICE**
My Client Savitri Devi D/o Ram Narain R/o E-2/84 A, Gali No.-03, Near Durga Mandir, Shastri Nagar, North West Delhi-110052. Have lost her Property Chain Original Sale Deed Executed by Sh. Prem Chand In favour of Sh. Sachin Jain on Dated 06.03.2007 in Respect of the Shop, area 9.19 SQ. Yard, Property Address is E-120, Situated at Shastri Nagar, Delhi 110052. If someone find the above said Sale deed, it will consider as cancel, the owner of this property is Savitri Devi.
Mohit Bhardwajl (Advocate)
Off.: 18, Radhey Shyam Park Gali No.1, Parwana Road, Near Preet Vihar, Delhi-51. M:9899520069

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल जिसका नाम श्री रोबिन कनोजिया और श्रीमती अंजलि भारती ने सेक्टर–137, नोएडा, जिला–गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. के ग्रुप हाउसिंग पर निर्मित टॉवर–डी में, जो "ईसीओ सिटी" के नाम से जाना जाता है प्लॉट सं. जीएच–03, आवास इकाई सं.1102, 11वीं मंजिल, सुपर एरिया 890 वर्ग फीट यानी 82.68 वर्ग मीटर, का मलिक एवं कब्जेदार होने का दावा किया है जिसका मूल दस्तावेज यानी पंजीकरण विशेष पृष्ट/मूल उप–पट्टा विलेख दिनांक 18.10.2016 का अंतिम पृष्ट, दस्तावेज सं. 14604 खो/गुम हो गया है। जिनका शिकायत/एनसीआर अपराध शाखा, दिल्ली में दिनांक 21.10.2020, एलआर सं. 676170/2020 को किया गया है। उक्त संपत्ति के मूल दस्तावेज के कब्जे में होने के संबंध में या किसी भी व्यक्ति का कोई दावा होने पर, इस सूचना के दिनांक से 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए उल्लेखित पते पर उपरोक्त व्यक्ति के साथ लिखित रुप में सूचित/संपर्क करने का अनुरोध किया जाता है, ऐसा न करने पर, ऐसे व्यक्तियों के दावे को मुक्त और/या परित्यक्त माना जाएगा
Juris NextGen Law Offices
E-56, Greater Kailash Enclave Part-1
New Delhi-110048

**PUBLIC NOTICE**
This is for the information of General Public at large that Sh Kishan Kumar Gupta S/o B K Gupta aged about 73 years approx., is the lawful owner and in actual physical possession of property bearing no. A-19, 3rd Floor with roof rights, Ashok Vihar, Phase-II, Delhi-110052 built-up-house/plot/property measuring 200 sq.yards vide relinquishment Deed executed by Sumit Gupta Vide Doc no. 17528, Book no.1 volume 3189,page no. 20-23 dated 24.11.2010 at SRO VI A, New Delhi and Ms Anu Gupta Vide Doc no.18157, Book no.1 volume 3211,page no. 162-166 dated 09.12.2010 at SRO VI A, New Delhi ("said property") had agreed to sell and transfer the same to my client Ms Meena Gupta w/o Anil Kumar Gupta aged about 53 years approx.,
If any person has any right, title or interest over the said property, he may approach to the undersigned within 14 days in writing along with the evidence of his such right, title or interest and if no such objection will be received within the said period it will be presumed that the property in question is free from all encumbrances and any claim in respect thereof against purchaser shall be void and ineffective.
(Deepanker Sinha) Advocate
Mob: 8130284903
Office: Ch.No. 52, TisHazari Court,Delhi-54

# ट्रम्प, बाइडेन के बीच अंतिम आधिकारिक बहस

## ● कोविड-19, जलवायु परिवर्तन और नस्तलभेद जैसे अहम मुद्दे उठे



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान कोविड-19, आव्रजन, नस्ली भेदभाव और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे उठे।

अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है। टेनेसी के नैशविले में दोनों नेताओं के बीच 90 मिनट से अधिक समय तक बहस हुई। बहस का संचालन एनबीसी की क्रिस्टन वेल्कर ने किया। अंतिम बहस में सबसे अधिक चर्चा कोरोना वायरस पर की गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे एक वैश्विक समस्या बताया। उन्होंने कहा, यह एक वैश्विक समस्या है, पर कई देशों ने हमारे द्वारा उठाए कदमों पर मुझे बधाई दी है। ट्रम्प ने एक बार फिर इसके लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि बीजिंग इस बीमारी को वैश्विक महामारी बनने से रोक नहीं पाया। साथ ही राष्ट्रपति ने टीका तैयार होने का दावा भी किया। उन्होंने कहा, हमारे पास टीका है, जो आने वाला है .. तैयार है। इसकी कुछ सप्ताह में घोषणा की जाएगी और इसे वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जॉनसन एंड जॉनसन , मॉडर्ना और फाइजर जैसी कम्पनियां इस दिशा में बहुत अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, अन्य देशों में भी हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर यूरोप में। ट्रम्प ने कहा, जैसे ही टीका आ जाएगा, वह (जनरल) उसे वितरित करेंगे। वहीं बाइडेन ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी नीतियों की वजह से देश में इतने अधिक लोगों की मौत हुई है। बाइडेन ने कहा, हम एक बुरे दौर में प्रवेश करने वाले हैं। उनके पास इससे निपटने के लिए कोई स्पष्ट योजना नहीं है और ऐसी कोई संभावना नहीं है कि अगले साल के मध्य से पहले अधिकतर अमेरिकी लोगों के लिए टीका उपलब्ध होगा।

वहीं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बहस के दौरान ट्रम्प ने चीन, भारत और रूस पर दूषित वायु की समस्या से निपटने के लिए उचित कदम ना उठाने का आरोप लगाते हुए, पेरिस जलवायु समझौते से हटने के अमेरिका के कदम को सही ठहराया।उन्होंने कहा, चीन को देखिए, कितना गंदा है। रूस को देखिए, भारत को देखिए, वे बहुत गंदे हैं। हवा बहुत गंदी है। इस प्रशासन के अधीन 35 वर्षों की तुलना में उत्सर्जन की स्थिति सबसे बेहतर है। हम उद्योग के साथ अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पेरिस समझौते से मैंने अमेरिका को इसलिए अलग किया, क्योंकि हमें खरबों डॉलर खर्च करने पड़ते और हमारे साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा था। वहीं, बाइडेन ने कहा कि उनके सत्ता में आने पर वह एक बार फिर अमेरिका को इस ऐतिहासिक पेरिस समझौते का हिस्सा बनाएंगे और प्रदूषण के लिए चीन की जवाबदेही तय करेंगे। बहस के दौरान बाइडेन ने ट्रम्प को आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े नस्लवादी राष्ट्रपतियों में से एक बताया। पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा कि ट्रम्प ने हर नस्ली घटना को बढ़ावा दिया। वहीं ट्रम्प ने बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर नस्ली भेदभाव के मुद्दे को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा, मैं इस कक्ष में मौजूद लोगों की तुलना में सबसे कम नस्ली हूं। वहीं दोनों ने एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए। ट्रम्प ने बाइडेन से कहा, मैं चीन से पैसा नहीं कमाता। तुम कमाते हो। मैं यूक्रेन से पैसा नहीं कमाता, तुम कमाते हो। मैं रूस से पैसे नहीं कमाता और तुमने तो 35 लाख डॉलर कमाए हैं। वहीं बाइडेन ने कहा, मेरे बेटे ने उन चीजो से पैसे नहीं कमाए हैं, जिस संदर्भ में तुम चीन की बात कर रहे हो। चीन से केवल एक शख्स पैसे कमाता है, यह बस यही। कोई और चीन से पैसे नहीं कमाता।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहस

# म्यूट बटन का इस्तेमाल, ट्रम्प और बाइडेन ने दिखाई शिष्टता

● पहली बहस के विपरीत रहे इस बार हालात, दोनों नेताओं ने लिया संयम से काम

●पूर्व में हुई बहस में उत्पन्न हो गई थी असहज स्थिति

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अंतिम बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान म्यूट बटन ने अच्छी तरह से काम किया क्योंकि दोनों नेताओं ने पहली बहस के विपरीत इस बार संयम और शिष्टता का प्रदर्शन किया।


दोनों नेताओं के बीच आखिरी बहस के दौरान माइक्रोफोन को म्यूट करने के लिए म्यूट बटन लाया गया क्योंकि पहली बहस के दौरान ट्रंप और बाइडेन एक-दूसरे को अपनी बात कहते समय संयम नहीं बरत पाए थे जिससे असहज स्थिति बन गई थी।

ओहियो के क्लीवलैंड में हुई पहली बहस के दौरान बनी असहज स्थिति की वजह से ही आयोजकों को म्यूट बटन का इस्तेमाल करना पड़ा। नाश्विल के बेलमॉन्ट विश्वविद्यालय में ट्रंप और बाइडेन के बीच बृहस्पतिवार की रात दूसरी और अंतिम 90-मिनट की बहस के दौरान दोनों नेताओं ने संयम दिखाया।

इससे पहले, दोनों नेताओं के बीच पिछले महीने हुई पहली बहस काफी गर्मागर्म रही थी, जिसमें कोविड-19, नस्ली भेदभाव, अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे उठाए गए थे। कमीशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट (सीपीडी) ने सोमवार को नए नियमों की घोषणा करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि बहस के दौरान म्यूट बटन का इस्तेमाल होगा। नियमों के तहत प्रतिद्वंद्वी वक्ताओं के माइक्रोफोन दो मिनट के लिए म्यूट करने की व्यवस्था की गई, ताकि अंतिम बहस के दौरान वे निर्बाध रूप से अपनी शुरुआती टिप्पणियां रख सकें। नए नियमों के तहत ट्रंप और बाइडेन के पास बहस के हर 15 मिनट के खंड की शुरुआत में बोलने के लिए दो मिनट का ऐसा समय था जिसमें वे एक-दूसरे को टोक नहीं सकते थे। दोनों नेताओं ने इस नियम पर सहमति जताई थी।

# चीन को बाइडेन की जीत से बहुत ज्यादा बदलाव की नहीं है उम्मीद

## ●रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों के नेता चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए तैयार नहीं



एपी। बीजिंग

**चीनी** नेताओं को उम्मीद है कि यदि अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन की जीत होती है तो अमेरिका का चीन से व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा को लेकर रवैया बदलेगा। लेकिन कोई भी बदलाव केवल शैली में होने की संभावना है क्योंकि अमेरिकी राजनीति के हर हलके में चीन को लेकर निराशा बढ़ रही है।

चुनाव के परिणाम कुछ भी होख रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों के नेता चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। गत कुछ महीनों में कोरोनो वायरस महामारी, प्रौद्योगिकी, व्यापार, सुरक्षा और जासूसी करने जैसे विवादों के कारण अमेरिका-चीन संबंध और कड़वे हो गए हैं।

ढेर सारे मुद्दों पर डेमोक्रैटिक और रिपब्लिकन पार्टिएं के बीच तीखे मतभेद के बावजूद चीन के कारोबारी रिकॉर्ड और हांगकांग, ताइवान, तिब्बत तथा शिनजियांग में धार्मिक एवं जातीय अल्पसंख्यकों के प्रति चीन के रवैए को लेकर दोनों पार्टियां आलोचना करती रही हैं।चीनी विश्लेषकों का कहना है कि ट्रंप की युद्ध रणनीति और चीन के प्रतिद्वंदी भारत के प्रति नरम रवैया चीन के लिए अनुकूल नहीं है और बाइडेन का जीतना ही अमेरिकी-चीन संबंधों में थोड़ी नरमी ला सकता है।

बीजिंग भाषा और संस्कृति विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर यू वानली ने कहा, कम से कम, बाइडेन की नीति ट्रंप की तरह भावनात्मक और हास्यास्पद नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के देश के सबसे प्रमुख विद्वानों में से एक बीजिंग के रेनमिन विश्वविद्यालय के शी यिनहोंग ने कहा, डेमोक्रेट कम उग्र लगते हैं, इसलिए वे सैन्य संघर्षों को रोकने और चीन के साथ समस्याएं सुलझाने और बातचीत पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

## बिना लक्षणों वाले बच्चों में वायरस का स्तर कम

**बोस्टन।** कोरोना वायरस से संक्रमित 800 से अधिक बच्चों पर किए गए अनुसंधान में पता चला है कि संक्रमण के लक्षणों वाले बच्चों के मुकाबले बिना लक्षण वाले अधिकतर बच्चों में वायरस का स्तर काफी कम है। यह अनुसंधान क्लिनिकल माइक्रो बायोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अमेरिका के एन एंड रॉबर्ट एच ल्यूरी चिल्ड्रन हॉस्पिटल में बाल संक्रामक रोग विशेषज्ञ तथा अनुसंधान की प्रथम लेखक लैरी कोसियोलेक ने कहा, इस अनुसंधान में स्कूल जा रहे बच्चों कोरोना वायरस से संक्रमित बच्चों की सुरक्षा को लेकर कुछ बातें कही गई हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि डे-केयर, स्कूलों और समाज में कोविड-19 खतरे से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम इसके प्रसार को रोकने के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। कोसियोलेक ने कहा, बच्चों को मास्क पहने रहना, शारीरिक दूरी बनाए रखना और बार-बार हाथों को धोना चाहिए।



काठमांडू में नेपाली सैनिकों ने हिंदू त्यौहार दशा के उपलक्ष्य में तोप दागकर खुशी मनाई



ब्रिटिश प्रधानमंत्री अपने सेना अध्यक्षों के साथ एक कार्यक्रम के दौरान भाग लेते हुए

एफडीए ने दी हरी झंडी

# कोविड-19 इलाज के लिए पहली दवाई के रूप में रेमडेसिविर को मंजूरी

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कोविड-19 इलाज के लिए पहली दवाई के रूप में एंटिवायरल दवाई रेमडेसिविर को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। यह दवाई संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को दी जाएगी। कैलिफोर्निया की जिलियड साइंसेज इंक इस दवाई को वेकलुरी कह रही है और यह पाया गया है कि इस दवाई से मरीज 15 दिन की जगह औसतन 10 दिन में स्वस्थ हो सकते हैं। अमेरिका में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वृहत अध्ययन में ए बातें सामने आई हैं।बसंत के मौसम से आपात आधार पर इस दवाई के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी गई है। यह पहली ऐसी दवाई है जिसे कोविड-19 का इलाज करने के लिए एफडीए ने पूरी तरह से अनुमति दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब इस महीने की शुरुआत में कोविड-19 से पीड़ति हुए थे, तो उन्हें यह दवा दी गई थी।

यह दवाई उन लोगों को दी जा सकती है, जिन्हें संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ गई है और जिनकी उम्र कम से कम 12 साल और वजन कम से कम 40 किलोग्राम है। एफडीएफ, इसे कम उम्र के मरीजों पर भी पूर्व के आपात नियमों के तहत इस्तेमाल की मंजूरी देगी।यह दवाई उस एंजाइम का रास्ता बंद करती है जो कोरोना वायरस की कॉपी बनाने में सहयोग करता है। मरीजों पर इस दवाई के इस्तेमाल से पहले कुछ जांच की जरूरत होगी। इस दवाई का इस्तेमाल मलेरिया की दवाई हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन के साथ करने से मना किया गया है क्योंकि इससे इसके असरदार होने पर प्रभाव पड़ सकता है।एक बयान में जिलियड के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मेर्डाड पार्से ने कहा, हमें अब जानकारी है और कोविड-19 से लड़ने के लिए जरूरी चीजें भी बन रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दवाई को 50 देशों में या तो मंजूरी मिल चुकी है या अस्थाई इस्तेमाल की मंजूरी मिली है। इसकी कीमत अभी विवाद में है क्योंकि किसी भी अध्ययन में इससे जीवित बचने की दर में सुधार नहीं पाया गया। हालांकि पिछले सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से एक वृहत अध्ययन में यह पाया गया कि यह दवाई अस्पताल में भर्ती कोविड-19 मरीजों की मदद नहीं करती है।

# महामारी करोड़ों और लोगों को घोर गरीबी में धकेलेगी

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण घोर गरीबी में रहने वाले लोगों में 15 से 17.5 करोड़ का इजाफा होगा। अत्यधिक गरीबी और मानवाधिकारों मामलों के विशेष दूत ओलिवियर डी शटर ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण 15 से 17.5 करोड़ और लोग अत्यधिक गरीबी की चपेट में आएंगे। शटर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति (सामाजिक, मानवीय और सांस्कृतिक) को बुधवार को इसके बारे में जानकारी दी। समिति के प्रतिनिधियों ने अपने कई संवाद में दुनिया की सबसे कमजोर वर्ग की दुर्दशा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमें अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा कि जो लोग घोर गरीबी की चपेट में आएंगे उनमें से अधिकतर अनौपचारिक क्षेत्र में या अनिश्चित रोजगार की स्थिति में काम करने वाले श्रमिक होंगे। उनमें से अधिकतर महिलाएं होंगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुधार को आकार देने के लिए पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक न्याय को पूर्वशर्त माना जाना चाहिए। शटर समिति के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल संवादों में भाग लेने वाले पांच स्वतंत्र विशेषज्ञों में से एक थे। चर्चा में घोर गरीबी और आंतरिक विस्थापन से लेकर शिक्षा, मानवाधिकारों, सुरक्षित पेयजल और पर्याप्त आवास जैसे विषयों को शामिल किया गया था। विशेषज्ञों ने संघर्ष और जलवायु परिवर्तन के बीच परस्पर संबंध का जिक्र किया। छात्रों को महामारी के दौरान स्कूल में स्वच्छ पानी और अन्य स्वच्छता सुविधाएं मिल सकें।

## रूस के हैकरों ने अमेरिकी नेटवर्कों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस के हैकरों ने कम से कम दो सर्वर से डेटा चुराया और देश एवं स्थानीय सरकारों के दर्जनों नेटवर्क को निशाना बनाया।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से दो सप्ताह से भी कम समय पहले जारी इस चेतावनी ने मतों के साथ संभावित छेड़छाड़ की आशंका को बढ़ा दिया है और परिणामों की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। चेतावनी में हाल में रूस द्वारा प्रायोजित हैकिंग समूहों की देश और स्थानीय नेटवर्क के खिलाफ गतिविधियों का जिक्र है।अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार रात को एक संवाददाता सम्मेलन में ईरानी हस्तक्षेप को लेकर आगाह किया था। इसके बाद एफबीआई और गृह सुरक्षा विभाग की साइबर सुरक्षा एजेंसी का परामर्श रूस की संभावित क्षमताओं को रेखांकित करता है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि रूसी हैकरों ने किसे निशाना बनाया।

# नवाज शरीफ के खिलाफ नया मामला दर्ज करने को मंजूरी

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के भ्रष्टाचार रोधी निकाय राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ नया मामला दर्ज करने को मंजूरी दे दी है। मीडिया में आई खबर में यह जानकार दी गई है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने कुछ दिन पहले अधिकारियों से भ्रष्टाचार के मामलों का निपटान जल्द से जल्द करने का अनुरोध किया था। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के सुप्रीमो शरीफ (70) को 2017 में भ्रष्टाचार के आरोपों में सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्य करार दे दिया था, जिसके बाद उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। वह फिलहाल इलाज के लिए लंदन में हैं।समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नैब) ने शरीफ के पूर्व निजी सचिव फवाद हसन फवाद, पूर्व संघीय मंत्री एहसान इकबाल, पूर्व विदेश सचिव ऐजाज चौधरी और



खुफिया ब्यूरो (आईबी) के पूर्व प्रमुख आफताब सुल्तान के खिलाफ मामले दर्ज करने को भी मंजूरी दे दी है। नैब के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायाधीश जावेद इकबाल की अध्यक्षता में हुई कार्यकारी बोर्ड की बैठक (ईबीएम) में कुल 11 मामले दर्ज करने को मंजूरी दी गई।नैब के अनुसार शरीफ, चौधरी, सुल्तान और फवाद के खिलाफ ए नए मामले विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से 73 उच्च सुरक्षा वाले वाहन खरीदने के संबंध में दर्ज किए जाएंगे। वे पक्षपात और वाहनों के अवैध इस्तेमाल के आरोपी हैं, जिससे राष्ट्रीय खजाने को। अरब 95 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।ईबीएम ने निजी कंपनी अहमद एंड संस के ठेकेदार एहसान इकबाल और मलिक मोहम्मद अहमद के खिलाफ अधिकारियों से सांठ-गांठ कर नरोवाल में स्पोर्ट सिटी परियोजना की लागत 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए दिखाने के संबंध में मामला दर्ज करने की भी मंजूरी दी।नैब ने यह कदम हाल ही में प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषण के बाद उठाया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्षियों को अब एक अलग मिजाज वाले इमरान खान का सामना करना पड़ेगा। उनके इस बयान को और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और अदालतों में मुकदमे चलाने की चेतावनी के तौर पर देखा गया था। उन्होंने नैब से भ्रष्टाचार के मामलों का तेजी से निपटान करने का भी अनुरोध किया था।




बेरूत में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर छात्रों ने अजरबैजान के विरोध में प्रदर्शन किया





# चटपटे त्यौहार
## और सेहत व स्वाद का संतुलन

**पोषण विशेषज्ञ कविता देवगन यहां पर्वों के इस मौसम में स्वाद का आनंद लेने के साथ ही अपना भार न बढ़ने देने को ध्यान में रखकर कुछ व्यावहारिक सुझाव दे रही हैं। प्रस्तुत है पूर्ण विवरण**

भारत में वर्ष के इस कालखंड में पर्व और उनकी तैयारी को ध्यान में रखते हुए हम प्राय: अपना भार न बढ़ने देने को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हैं यहां तक कि इस चक्कर में पर्व का भी पूरा आनंद नहीं ले पाते।

त्यौहारों पर वर्ष में एक बार बनने वाले अन्य व्यंजनों के अलावा विशिष्ट मिठाइयों के मोह से बचना हर किसी के लिए संभव नहीं हो पाता। यही कारण है कि पर्व का आनंद लेते लेते हम अपना भार कुछ किलोग्राम तो बढ़ा ही बैठते हैं। दशहरा से लेकर नये वर्ष तक की इस समयावधि में हमें विशेष सावधानी बरतनी होगी तभी हम पर्व का आनंद लेने के साथ ही अपने स्वास्थ्य की रक्षा भी कर सकेंगे। बात बस संतुलन स्थापित करने की ही है और आप थोड़ा ध्यान रखते हुए पर्व का आनंद लेने के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वाह कर पाएंगे। यहां हम आपको ऐसे ही कुछ सुझाव दे रहे हैं जिन्हें अपनाने से आप स्वादिष्ट व्यंजनों तथा मिठाइयों का आनंद लेने के साथ ही स्वास्थ्य की रक्षा करने में भी समर्थ होंगे।

### स्मार्ट खाओ

पर्व पर बनने वाली मिठाइयों की हम पूरे साल प्रतीक्षा करते रहते हैं। मिठाई का डब्बा देखते ही बार बार बस एक पीस मुंह में रखने से बचना हर किसी के बूते की बात नहीं होती। आप खाइये, लेकिन थोड़ा ध्यान रखते हुए। आप मिठाई खाने से तो स्वयं को रोक नहीं सकते लेकिन इसकी मात्रा और संख्या पर नियंत्रण अवश्य रख सकते हैं। एक अच्छा विचार है कि आप घर में ही बेसन लड्डू जैसी अपनी प्रिय मिठाई बना सकते हैं। बेसन के लड्डू सदियों से भारतीय घरों में स्वाद बिखेरते रहे हैं। इसके स्वास्थ्य लाभ है जो इसे खाने के साथ स्वत: हमें मिल जाते हैं। इसमें आपको फोलिक एसिड मिलता है जो शरीर में लौहतत्व बनाए रखने और श्वेत और लाल रक्त कोशिकाओं की वृद्धि के लिए आवश्यक होता है। इसके उपयोग से आप मिठाई के सेवन के साथ ही स्वत: स्वास्थ्य लाभ मिलता है। बस आपको इतना ध्यान रखना है कि आप बेसन पैक किया हुआ गुणवत्तापूर्ण ही लें। इसके अलावा आप गुड़-हल्दी-घी-अलसी के बीज के लड्डू भी बना सकते हैं और इसे आप जब मन करे एक मुंह में रखकर किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचने के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

### कुछ प्रयोग भी हैं आवश्यक

भारतीय पर्वों पर हम जहां रहते हैं, वहां से भिन्न स्थानों या राज्यों के व्यंजन भी बनाने के बारे में सोच सकते हैं। एक तथ्य ध्यान में रखिये कि आपके स्वास्थ्य के लिए अपने क्षेत्र में उपजने वाले पदार्थ ही सर्वाधिक स्वास्थ्यकारी होते हैं। इस प्रयोग के माध्यम से आप त्यौहार पर एक अतिरिक्त भावनात्मक तत्व जोड़ सकते हैं। वैसे भी आप अपने पारंपरिक व्यंजनों के अलावा भी कुछ करना या बनाना तो चाहते ही हैं तो क्यों न हो जाए इस बार ऐसा एक नया प्रयोग? आप नियमित व्यंजनों के स्थान पर इस बार तमिलनाडु का पोंगल भी बना सकते हैं। चावल और मूंगदाल से बने इस व्यंजन में कार्बोहाइड्रेट तथा प्रोटीन के साथ साथ काजू के रूप में स्वास्थ्य के लिए लाभकारी फैट भी प्राप्त करते हैं। विश्वास कीजिये ऐसा करने से आपको एक अलग अनुभव होगा। इसे बनाना सरल है, इसकी विधि इस प्रकार है: 50 ग्राम चावल और 30ग्राम दाल को फ्राई कर लीजिये इसमें 4000 मिलीलीटर पानी डालिये और ढक्कन से बंद कर पकने दीजिये। इस बीच आप तड़के के लिए जीरा, कालीमिर्च और करीपत्ता, अदरख और लहसुन के साथ कुछ काजू के टुकड़े लेकर देसी घी में प्रयोग करें। दाल और चावल पकने पर इस तड़के के साथ आप करीलीफका भी प्रयोग कर सकते हैं। लीजिये तैयार है स्वास्थ्य, स्वाद तथा सुविधा से संपन्न ये अनूठा भारतीय व्यंजन।

यदि आपने रात के डिनर में कई चिकनाईयुक्त पदार्थ से बने व्यंजन प्लान किये हैं तो आपको दोपहर के भोजन में कुछ हल्का रखना होगा। इसमें लालचावल से बने पोहा बना सकते हैं लोग अधिकांशत: सफेद पोहा बनाते हैं लेकिन लोगों को पता ही नहीं है कि बाजार में लाल पोहा भी उपलब्ध है। इसका प्रयोग प्राय: दक्षिण भारत में होता है। पहली बार ये आपके लिए कुछ नया हो सकता है लेकिन इसे बनाकर आप पाएंगे कि ये आपके स्वास्थ्य के साथ स्वाद की आवश्यकता को भी पूरा करता है। इसके लिए भी आपको पैक्ड पोहा लेना होगा जो खुले पोहे से गुणवत्ता में अधिक स्वच्छ तथा पौष्टिक होता है। इसमें पैकेट में नीचे बचने वाला पाउडर जैसा कुछ नहीं होता। इसमें आपको फाइबर की अधिक मात्रा मिल जाती है जो पाचन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसे भी आप किशमिश, मेवा, काली मिर्च, नमक, हरी मिर्च और स्वादानुसार चीनी मिलाकर बना सकते हैं। आप चावल के इस लाल पोहे में मिर्च, मशरूम और पनीर मिक्स करके भी बना सकते हैं। इसके लिए पोहे को पानी में भिगोकर छान लें और फिर इसमें नमक और थोड़ा दही मिला लें। इसका सेवन आप आम या नीबू के अचार के साथ भी कर सकते हैं। इस प्रकार आप भारतीय ढंग से स्वाद और पोषण दोनों प्राप्त कर सकते हैं!



### आवश्यकता से अधिक न खाएं

इस मौसम में खाने की ललक कुछ अधिक ही बढ़ जाती है। इसका पहला कारण ये है कि पर्व के इस मौसमें इतने पकवान बनते हैं कि मन नहीं मानता। दूसरी बात ये कि मौसम में परिवर्तन के कारण हमारी स्वाद ग्रंथि कुछ अधिक सक्रिय हो जाती है। इस समय हम एक गलती ये कर बैठते हैं कि त्यौहार पर इच्छाभर खाने के बाद हम अपने शरीर को फिट रखने के लिए अतिरिक्त व्यायाम या दूसरे प्रबंध कर लेंगे जो कभी संभव नहीं होता। अत: को आपको खाने में अधिक स्मार्ट होना होगा। यदि शाम को भारी डिनर का कार्यक्रम है तो दिन में आपको बेसन के चीले जैसी हल्की वस्तुओं का सेवन करना चाहिये। इसमें आप 50 प्रतिशत सब्जियों का प्रयोग कर इसे और अधिक पोषक और हल्का बना सकते हैं। बाजार में तैयार चीलामिक्स भी उपलब्ध है। इसमें आप पालक, लहसुन और पुदीना मिलाकर हरा-भरा बना सकते हैं। छाछ के साथ लेने से इसका स्वाद और लाभ और अधिक मिल सकता है। यदि आपने दोपहर में ही भारी दावत उड़ा ली है तो शाम को आप मल्टीग्रेन खिचड़ी की योजना बना सकते हैं। इसे भी आप बाजार में उपलब्ध विश्वसनीय ब्रांड का ले सकते हैं। इसमें आपको अतिरिक्त फाइबर के साथ ही समय की बचत भी हो जाती है। इस प्रकार आप हर दिन अपने भोजन को संतुलित बनाकर स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ध्यान लेकर त्यौहारों का पूरा आनंद उठा सकते हैं।

यदि आप शाम को किसी पार्टी में जा रहे हैं तो दिन भर कुछ न खांए, ऐसा कैसे चल सकता है। लेकिन आपको खाने में ध्यान रखते हुए कम चिकनाई वाला कुछ बनाना होगा ताकि संतुलन प्राप्त किया जा सके। इसके लिए आप योगर्ट बना सकते हैं जिसमें कुछ मेवे डाल सकते हैं या विकल्प के रूप में अंकुरित चने जैसा कुछ ले सकते हैं। इस प्रकार आप पार्टी में खाने पर टूट पड़ने से बच सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं। दिन का समापन आप हल्दी वाले दूध से करें तो और भी श्रेयष्कर होगा। इसमें काली मिर्च का पाउडर मिलाकर लें तो और भी अच्छा होगा। इससे आपकी रोगप्रतिरोधक शक्ति में भी वृद्धि होती है। वैसे भी पर्व के इस मौसम में रोगग्रस्त कौन होना चाहता है? बस इस प्रकार स्वाद और स्वास्थ्य संपन्न पर्व का आनंद ले सकते हैं।

## मीरा नायर की मॉनसून वेडिंग की संगीत श्रृंखला को अगले साल भारत में रंगमच पर प्रस्तुत किया जाएगा

**लॉस एंजिलिस**। मशहूर फिल्मकार मीरा नायर की साल 2001 में आई फिल्म मॉनसून वेडिंग की संगीत श्रृंखला को नवंबर 2021 में भारत में रंगमंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। बुसान फिल्म महोत्सव के डिजिटल कार्यक्रम के दौरान नायर ने कहा कि पहले इसे भारत में और उसके बाद सिंगापुर, दुबई तथा लंदन में प्रस्तुत किया जाएगा। नायर ने कहा, हम अगले साल नवंबर में इसे पेश करने जा रहे हैं। पहले भारत में, फिर सिंगापुर और उसके बाद दुबई में इसे प्रस्तुत किया जाएगा। हो सकता है कि उसके बाद इसे लंदन और फिर अमेरिका में भी प्रस्तुत किया जाए। यह शानदार संगीत श्रृंखला है, जिसमें हमारे देश के नामचीन संगीतकारों में से एक विशाल भारद्वाज ने संगीत दिया है।

## लोकप्रिय भोजपुरी उपन्यास फूलसुंघी का अंग्रेजी में अनुवाद

**नई दिल्ली**। प्रसिद्ध भोजपुरी लेखक पांडेय कपिल द्वारा लिखे गए लोकप्रिय भोजपुरी ऐतिहासिक उपन्यास फुलसुंघी का अब अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। इसे अंग्रेजी में अनुदित होने वाला पहला भोजपुरी उपन्यास बताया जा रहा है जिसे अगले महीने पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया के हैमिल्टन इम्प्रिंट के तहत प्रकाशित किया जाएगा। इसका अनुवाद लेखक गौतम चौबे ने किया है। औपनिवेशिक बिहार की पृष्ठभूमि वाला यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय है और रहस्यवादी कवियों में से एक महेंद्र मिश्रा तथा गणिका ढेलाबाई के बीच के अपूर्ण प्यार की कहानी है। दोनों अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण एक-दूसरे के करीब आते हैं लेकिन उन्हें इसके चलते काफी कुछ झेलना भी पड़ता है। चौबे ने कहा, मैं इस बात को लेकर रोमांचित हूं कि पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया फुलसुंघी का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित करने जा रहा है। असाधारण उपन्यास का अनुवाद लेखकों, भाषा-विद्वानों एवं भोजपुरी प्रेमियों को एक साथ लाया है। मुझे खुशी है कि बाकी दुनिया भोजपुरी संस्कृति के एक ऐसे पहलू को जान पाएगी जिसकी उसने कभी कल्पना नहीं की थी और आशा है कि वह उसकी समृद्धि की प्रशंसा करेगी। प्रकाशक के अनुसार मुजरा, महफिल, कानूनी लड़ाइयों एवं साजिशों से भरा 1977 का यह उपन्यास पढ़ने में रोचक होगा और भुला दी गई दुनिया के सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत बना देगा।अभिनेता मनोज वाजपेई ने इसकी अनुदित कृति की प्रशंसा की है।

## वेब वर्ल्ड


### माई नेक्स्ट गेस्ट नीड्स नो इंट्रोडक्शन - सीज़न 3



टीवी लेजेंड डेविड लेटरमैन इस टॉक शो में वैश्विक हस्तियों से गहन बातचीत करते हैं जो अत्यंत रोचक और तथ्यपरक होती है।

प्रमुख कलाकारों में किम करदाशियां वेस्ट, रॉबर्ट डाउनी जूनियर तथा डेव चैपेल हैं और ये सीरीज़ 21 अक्तूबर से नेटलिक्स पर उपलब्ध है।

### कैडेवर



जब एक विचित्र होटल डिनर शो में अकालपीडित जुटने लगते हैं तो एक परिवार को लगता है कि उन्हें इसके लिए कुछ अधिक ही धन व्यय करना होगा। प्रमुख कलाकारों में जिट विट, थॉमस गुलेस्टेड तथा थॉर्बन हर आदि है। फिल्म 22 अक्तूबर से नेटलिक्स पर उपलब्ध है।



### बारबेरियन्स - सीजन 1

शक्तिशाली साम्राज्य जिसने उसे पाला-पोसा और उसके अपने कबीले के लोगों के बीच फंसे एक रोमन अधिकारी की निष्ठा और बाद में संघर्ष की कहानी है बारबेरियन्स। इसे बनाया है आर्न नॉल्टिंग, जैन मार्टिन शार्फऔर एंड्रियास हेकमैन ने। नेटलिक्स पर 23 अक्तूबर से प्रारंभ।

# टीवी कलाकारों ने ताजा कीं नवरात्रि की यादें











नवरात्रि का त्यौहार मां दुर्गा के नौ रूपों की स्तुति के नाम होता है और यह 9 दिन और रातों तक पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। जहां इस समय नवरात्रि का त्यौहार शुरू हो चुका हैए वहीं लोग भी अब उत्सव के मूड में आ गए हैं। नवरात्रि के आते ही गरबा और डांडिया की धूम भी शुरू हो जाती है। जहां पूरा देश धार्मिक आस्थाए जोश और उल्लास के साथ नवरात्रि का त्यौहार मना रहा है, वहीं देश में महामारी के चलते इस साल यह त्यौहार कुछ अलग रंग में है। ऐसे में ज़ी टीवी के कलाकारों ने महामारी के बीच यह त्यौहार मनाने के बारे में अपनी राय व्यक्त की।

गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में छोटी गुड्डन का किरदार निभा रहीं कनिका मान कहती हैंए मैं पूरे जोश के साथ नवरात्रि मनाती हूं और इस त्यौहार के दौरान मुझे गरबा खेलना बहुत अच्छा लगता है। हर साल इस त्यौहार पर मैं अपने फैमिली मेंबर्स और दोस्तों के साथ गरबा खेलती थीए लेकिन इस साल मैं ऐसा नहीं कर पाऊंगीए इसलिए मुझे इसकी कमी महसूस हो रही है।

कुर्बान हुआ में नील का किरदार निभा रहे करण जोतवानी ने कहा, मुझे यकीन है त्यौहारों के दौरान हर शहर का अपना एक खास आकर्षण होता है और मुंबई भी इससे अलग नहीं है। कभी ना सोने वाला यह शहर एकाएक पहले से ज्यादा जिंदादिल और रंग.बिरंगा हो जाता है। हालांकि इस साल स्थितियां वैसी नहीं हैं, लेकिन फिर भी मुझे खुशी है कि पूरे देश ने उत्साहपूर्वक मां दुर्गा का स्वागत किया है।

तुझसे है राब्ता में कल्याणी का रोल निभा रहीं रीम शेख ने कहा, नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए एक खास त्यौहार रहा है और मैं पूरे उत्साह के साथ हर साल इसका इंतजार करती हूं। मुझे यह त्यौहार और उसका उत्साह बहुत अच्छा लगता है। लोगों को रंग.बिरंगे परिधानों में सजकरए उत्सव की मस्ती में झूमते.नाचते देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। अफसोस कि इस साल हम में से कोई भी उस भव्यता और जोश के साथ नवरात्रि का आनंद नहीं ले पाएगा।

अपना टाइम भी आएगा में महारानी राजेश्वरी सिंह रावत का रोल निभा रहीं तनाज़ ईरानी कहती हैंए श्नवरात्रि मेरे परिवार का सबसे खुशियों वाला त्यौहार है और हम पूरे 9 दिनों तक इसे धूमधाम से मनाते हैं और खास तरह के व्यंजन बनाते हैं। मैं गरबा नाइट्स की बहुत बड़ी फैन हूं। इस साल मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ डांस मिस करूंगी।

गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में अगस्त्य बिरला का किरदार निभा रहे सवि ठाकुर कहते हैंए श्मुझे नवरात्रि सेलिब्रेट करना बहुत अच्छा लगता है। वैसे इस साल स्थिति अलग होने के बावजूद मुझे थोड़ा गरबा और डांडिया खेलने का मौका मिला, जब हमने ष्गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा के लिए नवरात्रि के कुछ दृश्यों की शूटिंग की। लेकिन इस साल मैं अपना उपवास मिस करूंगा जो मैं हर साल करता था।

ज़ी टीवी के हमारीवाली गुड न्यूज़ में रेणुका का रोल निभा रहीं जूही परमार कहती हैं नवरात्रि बड़ा खूबसूरत त्यौहार है और जब भी हम इस त्यौहार के बारे में सोचते हैं तो मुझे सबसे पहले गरबा और डांडिया की याद आ जाती है। जहां इन त्यौहारों में बढ़िया संगीत और नृत्य होता है, वहीं हमें भी नवरात्रि के पीछे की वास्तविक कथा भी पता होनी चाहिए। मैंने अपनी बेटी समायरा को शक्ति मां और महिषासुर की पूरी कथा सुनाई है और मैंने उसे यह भी बताया है कि लोग नवरात्रि में उपवास क्यों रखते हैं।

हालांकि मुझे लगता है कि सभी इस बारे में नहीं जानते। इसलिए इस साल जहां हम पर महामारी का खतरा मंडरा रहा हैए वहीं हमें नवरात्रि का असली महत्व भी समझना होगा। इस साल मैं ष्हमारीवाली गुड न्यूज़ के सेट पर अपने को.स्टार्स के साथ नवरात्रि मनाने वाली हूं, लेकिन मैं हमेशा की तरह शक्ति मां की स्तुति कर रही हूं। मेरी बस इतनी ही प्रार्थना है कि यह महामारी जल्द खत्म हो जाए। मैं सारे विश्व के लोगों को हैप्पी नवरात्रि कहना चाहूंगी।